धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
21.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 221


प्लेयर आफ द मैच

## न्यूज डायरी

### छत्तीसगढ़ में घायल पलामू का लाल शहीद

**मेदिनीनगर।** 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए धमाके में पलामू के महिमा शुक्ला गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। गुरुवार को इलाज के क्रम में वह शहीद हो गये। वह सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर तैनात थे। धमाके में उनके दोनों पैर उड़ गये थे। रायपुर में उनका इलाज चल रहा था।

### कश्मीर में शहीद गोड्डा के जवान को अंतिम विदाई

**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट के लाठीबाड़ी निवासी बीएसएफ जवान राजकुमार मिर्धा सीमा पर ड्यूटी करते शहीद हो गये थे। वह जम्मू-कश्मीर की सीमा तैनात थे। उनका शव गुरुवार को सेना के विशेष वाहन से गांव लाया गया। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शव के साथ आये बीएसएफ जवानों ने शहीद को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार में स्थानीय विधायक प्रदीप यादव, एसडीओ, डीएसपी, सीओ सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

### कोल्हान विवि फजीर्वाड़ा मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** कोल्हान यूनिवर्सिटी के टाटा कॉलेज के बैंक खाते से 1.58 करोड़ रुपये की फजीर्वाड़ा का मामला सामने आया है। यह राशि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और वित्त पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गयी है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे, मनी ट्रांसफर और रजिस्टर की जांच की है। विवि प्रशासन ने भी इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। वित्त पदाधिकारी ने बैंक को पत्र लिखकर फर्जी तरीके से निकाली गई राशि को वापस करने का अनुरोध किया है।

### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की हादसे में मौत

**कोडरमा।** चंद्रोडीह में गुरुवार को सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गयी, जबकि कई लोग घाय हो गये। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार 10 वीं की परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों को लेकर जा रही एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

### 5 लाख का 250 किलो गांजा बरामद, दो धराये

**लोहरदगा।** एनसीबी ने 5 लाख रुपये का 250 किलो गांजा एक ट्रक से बरामद किया है। चालक और उपचालक को हिरासत में ले लिया गया है। एनसीबी की एक टीम ने कुडू में गांजा की यह बड़ी खेप को मालवाहक ट्रक से बरामद किया है। बरामद गांजी की कीमत पांच लाख रुपये बतायी जा रही है। हालांकि एनसीबी के अधिकारी इस पूरे मामले पर बयान देने से बच रहे हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 101000 रु./प्रति किलो |




## झारखंड में बदला मौसम का मिजाज

# बारिश के साथ बड़े-बड़े ओले गिरे

## फसलें, आम के मंजर तहस-नहस, किसान मायूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड कई जिलों में गुरुवार को तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस दौरान खूंटी समेत कई जिलों में भारी ओलावृष्टि की वजह से खेतों में लगी सब्जियां, आलू, सरसों के पौधे तहस-नहस हो गये। आम के मंजर को नुकसान पहुंचा। इससे किसानों में मायूसी है। मौसम में बदलाव को ले कर विभाग ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था। बारिश और ओले के कारण स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गयी।

कुछ जगहों पर बड़े-बड़े बर्फ के गोले गिरने के कारण बच्चों को चोटें भी लगी हैं। तोरपा रोड में एक बच्चा घायल हो गया। मौसम केंद्र, रांची के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग वाले जिलों में सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। सुबह से ही राज्य के कोल्हान प्रमंडल और उससे सटे दक्षिणी छोटानागपुर वाले जिलों में तेज गर्जन और हवा के साथ बारिश हुई है।

**खूंटी समेत कई क्षेत्रों में ओलाबारी :** पिछले कई दिनों में राज्य भर में बढ़ते तापमान से लोगों को इस मौसम में भी गर्मी का अहसास होने लगा था। इस बीच दो दिनों में मौसम ने करवट बदली। गुरुवार को खूंटी आज सुबह से ही तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी होती रही।

यही हाल रांची जिले के मांडर और अन्य इलाकों का भी रहा। खूंटी में तेज हवा और बारिश के साथ बर्फ के गोले बरसने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़। खेतों में लगी फसल तहस-नहस हो गयी। रेवा, बगड़ू, कर्रा, लोधमा और खूंटी के मुरहू इलाके में तेज बारिश और ओले गिरे। खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर गाड़ियों की परिचालन रूक गया। रांची के मांडर प्रखंड में कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई।

### लोगों से सतर्कता की अपील

पहले ही मौसम केंद्र ने रांची सहित कई जिलों के लिए 20 फरवरी और 22 फरवरी के लिए ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को खराब मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी थी। जिन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उसमें सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो जिला शामिल थे।

# दिल्ली में रेखा सरकार

## छह मंत्रियों संग रेखा गुप्ता ने संभाली कमान

### ये बने कैबिनेट मंत्री

- प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह
- उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिलाई शपथ

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता रेखा गुप्ता (50) ने गुरुवार को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। सीएम के बाद छह कैबिनेट मंत्रियों प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह सहित छह अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। वह दिल्ली की 9वीं और चौथी महिला सीएम बन गयी। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मुख्यमंत्री रहीं। समारोह में पीएम मोदी, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा भाजपा शासित 21 राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण के बाद सीएम के नेतृत्व में पूरी कैबिनेट ने जा कर यमुना आरती की। जानकारी के अनुसार मंत्रियों के विभागों का वंटवारा भी कर दिया गया।

**तीन अलग-अलग मंच :** शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे। (शेष पेज 11 पर)

### शपथ लेते ही यमुना आरती

दिल्ली में नयी सरकार बनते ही नयी सीएम रेखा गुप्ता और उनकी पूरी टीम यमुना तट पर पहुंच गयी। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य भाजपा नेता वासुदेव घाट पर शाम की आरती में शामिल हुए. इसके अलावा दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और बीजेपी के सांसदों ने भी यमुना आरती में हिस्सा लिया।

## नयी सीएम पूरी ताकत से काम करेंगी: मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने विश्वास जताया है कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने विस्तृत अनुभव के साथ केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए पूरी शक्ति से काम करेंगी। श्री मोदी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। भाजपा ने रेखा कैबिनेट में सभी वर्गों को महत्व दिया है। राजौरी गार्डन से तीसरी बार विधायक बने मनजिंदर सिंह सिरसा को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। सिरसा दिल्ली में भाजपा का सिख चेहरा हैं। सिख बाहुल्य क्षेत्र राजौरी गार्डन, हरि नगर और जंगपुरा में जीत हासिल की है। इसके अलावा पार्टी ने दो पूर्वांचलियों कपिल मिश्रा और पंकज सिंह को भी मंत्री बनाया है। भाजपा ने जाट चेहरे प्रवेश वर्मा को भी मंत्री पद दिया है। उन्हें डिप्टी सीएम भी बनाया गया है। पार्टी ने दलित समुदाय से आने वाले रविंदर इंद्राज को भी मंत्री बनाया है। इसके अलावा भाजपा ने वरिष्ठ पंजाबी नेता आशीष सूद को भी मंत्री पद दिया है।

# चैंपियंस ट्राफी : पहले मुकाबले में भारत जीता

## शुभमन के शतक से बांग्लादेश को हराया

**दुबई।** टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मुकाबले में विजयी शुरूआत कर दी। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मुकाबले में शुभमन गिल के शतक भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हरा दिया। दुबई के स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम ने 229 रन का लक्ष्य 47वें ओवर में ही हासिल किया। इस दौरान शुभमन गिल के बल्ले से शतक निकला। उन्होंने एक छोर संभलते हुए 125 गेंदों पर शतक जमाया। यह वह वनडे फार्मेट में नंबर वन बल्लेबाज है। इस पारी ने उन्हें साबित भी कर दिया कि वह क्यों नंबर वन है। इससे पहले मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लेकर बांग्लदेश को 228 रन पर रोका था। बांग्लादेश की ओर से तौहीद ने शतक लगाया लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। भारतीय टीम ने इसे आसानी से हासिल कर लिया।

**...जब रोहित खुद पर उतारा गुस्सा :** बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान अक्षर पटेल उस समय हैट्रिक से चूक गये जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कैच छोड़ दिया। हालांकि रोहित को भी इस गलती का एहसास हुआ और वह अपनी मिस फिल्डिंग के कारण जमीन पर जोर-जोर से हाथ पटकते हुए नजर आये। 9वें ओवर में अक्षर ने दूसरी गेंद पर तनजीद हसन को और तीसरी गेंद पर मुश्फिकुर रहीम को आउट किया। चौथी गेंद पर उन्हें हैट्रिक विकेट मिलता, पर कप्तान कैच पकड़ने से चूक गये।

### शमी के वनडे में सबसे तेज 200 विकेट

मोहम्मद शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में सबसे कम वनडे में 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये। वह इस मामले में सकलैन मुश्ताक और ट्रेंट बोल्ट से आगे निकल गये हैं। हालांकि लिस्ट में पहले स्थान पर मिशेल स्टार्क हैं।

# कुंभ से लौट रहे हजारीबाग के सात श्रद्धालुओं की मौत

### वाहन जौनपुर में हादसे का शिकार

**हजारीबाग(खबर मन्त्र संवाददाता)।** कटकमसांडी प्रखंड के कनसार के रहने वाले 7 लोगों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। सभी कुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज गये थे। अयोध्या में श्री राम मंदिर का दर्शन करने के बाद वापस लौट के दौरान यूपी के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में सातों की मौत हो गयी। मरनेवालों में मां और पुत्र भी शामिल है। कनसार के रहने वाले 10 लोग कुंभ स्नान के लिए 16 फरवरी निकले निकले थे। सभी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के बाद जौनपुर के रास्ते हजारीबाग टाटा-सुमो से लौट रहे थे। किसी गाड़ी ने टक्कर मार दी। यह भी खबर है कि गाड़ी अनियंत्रित होकर बस से टकरा गयी। सूचना के अनुसार, इस हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का स्थानीय और वाराणसी के अस्पताल में चल रहा है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। (शेष पेज 11 पर)

### रांची से प्रयागराज जा रही बस जलकर खाक

वहीं रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र के रांची पटना मुख्यमार्ग एनएच 33 पर रांची से महाकुंभ प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस में भीषण आग लग गयी। ड्राइवर और श्रद्धालुओं ने किसी तरह अपने आप को बस से बाहर निकाला। देखते ही देखते पूरे बस में आग लग गयी। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया तब तक बस जलकर पूरी तरह खाक हो गयी। रांची से करीब 35 लोगों को लेकर महाकुंभ प्रयागराज जा रही बस में पीछे से धुआं निकलना शुरू हुआ।

# 10वीं हिंदी व साइंस का पेपर लीक, परीक्षा रद्द

## जैक का फैसला-हाई लेवल कमेटी जांच करेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकैडेमिक काउंसिल (जैक) की 10वीं की परीक्षा के पेपर लीक की खबर सामने आने पर हिंदी और साइंस दोनों परीक्षा रद्द कर दी गयी है। लीक हुए प्रश्नपत्र का सैम्पल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद जैक अधिकारियों ने वायरल पेपर से मूल पेपर की जांच करायी, जांच में पेपर लीक का मामला सही पाया गया। इसके बाद गुरुवार को उसने फैसला लेते हुए पूरे राज्य की परीक्षा को रद्द कर दिया। जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा ने कहा कि जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी का भी गठन किया जायेगा।



**अध्यक्ष ने स्वीकारी लीक की बात :** जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा ने पेपर लीक की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि पेपर लीक कोडरमा और गिरिडीह से हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरुवार की सुबह 9.45 में जब प्रश्न पत्र खुला तो वायरल प्रश्न पत्र से मिलान किया गया। मिलान में मामला सही पाया गया है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस बाबत एक हाई लेवल बैठक भी की है। (शेष पेज 11 पर)

### यूट्यूबर पर आरोप

कोडरमा जिले के एक यूट्यूबर प्रिंस कुमार पर आरोप है कि उसने मैट्रिक का प्रश्नपत्र अपने व्हाट्सएप से वायरल किया था। जैक ने कोडरमा के डीसी को पत्र लिखा है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के अंदर जांच करके कार्रवाई की जाये। हिंदी की परीक्षा 18 फरवरी को ली गयी थी, जबकि विज्ञान की परीक्षा गुरुवार को आयोजित हुई थी। अब परीक्षा रद्द होने के बाद आगे की कार्रवाई क्या होगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

# सभी डीसी कैलेंडर बना कर काम निपटायें

## सीएस ने समस्याओं का हल समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आएगी वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वह गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के शिकार हैं।

**रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें :** मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कृषि योजनाओं को समय पर पूरा करें

कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आइसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है। इस मसले को लेकर मुख्य सचिव ने आवेदनों की जांच करते हुए अनाधिकृत दावे को खारिज करने का निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को पशु देने के साथ उसका बीमा भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी और डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी की नियमित बैठक करने का निर्देश उपायुक्तों को दिया।

## बांग्लादेश शांति के लिए मिल कर काम करने को सहमत

**नयी दिल्ली।** भारत और बंगलादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बंगलादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढाने, सतर्कता बढाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरूवार को यह सहमति बनी। अगला सम्मेलन आगामी जुलाई में ढाका में होगा। बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मुद्दों पर चर्चा की और सभी स्तरों पर निरंतर, रचनात्मक और सकारात्मक बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों ही पक्ष, सम्मेलन के निर्णयों को सच्ची भावना से जमीनी स्तर पर लागू करने पर सहमत हुए। दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने तथा सौहार्द के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों बल के महानिदेशकों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि बांग्लादेशी अपराधियों और उपद्रवियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल सदस्यों पर हमले की घटनाओं पर, दोनों पक्ष विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में समन्वित गश्त बढ़ाने को राजी हुए।

## केंद्रीय बजट के खिलाफ वाम दलों का राजभवन मार्च

# जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के आम बजट को जनविरोधी बताते हुए संयुक्त रूप से वामदलों के नेताओं ने गुरुवार को राजभवन मार्च किया। इस दौरान वाम दलों ने संकल्प लिया कि जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए इस संघर्ष को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। ज्ञात हो कि केंद्रीय बजट के खिलाफ वाम दलों द्वारा 14 फरवरी से 20 फरवरी तक एक सप्ताह के लिए जन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा था। गुरुवार को इस अभियान का समापन हुआ।




**जिला स्कूल से प्रारंभ हुआ मार्च :** वामदलों का संयुक्त राजभवन मार्च रांची के जिला स्कूल से निकलकर परमवीर अमर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए राजभवन तक गया। राजभवन के पास यह मार्च एक जनसभा में तब्दील हो गयी। इस दौरान वामपंथी नेताओं ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश की गई बजट पूरी तरह जनविरोधी है। जनविरोधी केंद्रीय बजट को वापस लेना होगा। वामपंथी नेताओं ने कहा कि कॉरपोरेट के पक्षपाती बजट को राज्य में नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में बजट बढ़ाने, शिक्षा पर जीडीपी का 6% खर्च करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट वृद्धि करने, रोजगार का निजीकरण बंद करने सहित कई मांगें की गई।

**इन नेताओं ने भी किया सभा को संबोधित :** इस आंदोलन में भाकपा (माले) के त्रिलोकी नाथ, सीपीआई के संतोष, सीपीएम के सुखनाथ लोहारा, फॉरवर्ड ब्लॉक के अरुण मंडल ने अपनी बात रखी. कार्यक्रम का संचालन भाकपा (माले) की केंद्रीय कमेटी के सदस्य शुभेंदु सेन ने किया. वहीं इस मौके पर सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, भाकपा (माले) की केंद्रीय कमेटी के आरडी मांझी, मोहन दत्त, नंदिता भप्ताचार्य, शांति सेन, ऐती तिर्की, भीम साव सहित सैकड़ों लोगों ने किया संबोधित।.

### केंद्रीय बजट को जनविरोधी बताया

वाम दलों के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट मजदूरों, किसानों, छात्रों और युवाओं के विरोध में है। यह बजट पूर्ण रूप से कॉरपोरेट घरानों के हितों की रक्षा करने वाला है। बजट में श्रमिकों और किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा पर जीडीपी का 6% खर्च करने का वादा किया गया था, लेकिन इस बजट में शिक्षा के लिए आवंटन को और कम कर दिया गया है। उसी तरह मनरेगा जिससे करोड़ों मजदूरों का जीवन-यापन होता है, उसमें भी बजट में कटौती कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी अत्यंत दयनीय बनी हुई है।

## रांची डीसी की याचिका पर जवाब के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची डीसी के पद पर पदस्थापित मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट में चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के किए समय देने का आग्रह किया गया। जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार करते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। फिलहाल शीर्ष अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में भजंत्री की याचिका पर सुनवाई चल रही है। दरअसल मंजूनाथ भजन्त्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश दिया गया था। पिछले वर्ष 22 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। जिसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था। आचार संहिता के दौरान आनन फानन में उन्हें रांची डीसी के पद से हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सरकार ने वापस मंजू नाथ भजंत्री को रांची डीसी नियुक्त कर दिया है।

## आजसू पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय बैठक आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर शुक्रवार को गिरिडीह पारसनाथ मधुवन में बैठक की जायेगी। इसकी तैयारी कर ली गयी है। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसमें गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत अन्य नेता उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में कोडरमा के 6 प्रखंड, बोकारो के 10 प्रखंड, चतरा के 12 प्रखंड, धनबाद के 11 प्रखंड, गिरिडीह के 13 प्रखंड, हजारीबाग के 16 प्रखंड तथा रामगढ के 6 प्रखंडों के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। साथ ही 14 नगरों के सम्पूर्ण वार्डों के




पदाधिकारी एवं सदस्य आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, सातों जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं सदस्य, नगर पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के अंतर्गत आने वाले सभी पदाधिकारियों को बैठक में शामिल होने की सूचना दें और उनकी उपस्थिति सुनिश्ति करें।

### बैठक के प्रमुख बिंदु

- ग्राम संगठन का गठन – संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।
- युवा संवाद कार्यक्रम – युवाओं को पार्टी से जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्ति करने पर चर्चा होगी।
- नगर इकाई चुनाव – नगर इकाई के आगामी चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।
- सोशल मीडिया टीम को सशक्त बनाना – डिजिटल प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा होगी।
- महिलाओं की सक्रिय भागीदारी – महिलाओं को राजनीति में सक्रिय और सशक्त बनाने पर भी विचार किया जाएगा।

## सरकार ने झारखंड को फिर से किया शर्मसार : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पेपर लीक माफिया के रूप में कुख्यात हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। आज सुबह से विज्ञान विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। परीक्षा शुरू होने के बाद जब प्रश्न पत्र से मिलान किया गया तो हू-ब-हु मिल गया। श्री मरांडी ने कहा है कि पूरी संभावना है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्यमंत्री के करीबी गिरोह ने ही मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक कांड को अंजाम दिया है। जैक अध्यक्ष ने भी प्रश्न पत्र मिलने की बात स्वीकार की है। जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारी लीपापोती करने में लगे हैं।

## बजट का एक लाख 28 हजार करोड़ खर्च करना बनी चुनौती

- सरकारी विभागों की योजनाओं को दनादन स्वीकृति
- अब तक 91 हजार 368 करोड़ राशि स्वीकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने में महज 38 दिन ही बाकी है। ऐसे में बजट की एक लाख 28 हजार करोड़ की राशि खर्च करना सरकार के लिए चुनौती बन गयी है।

अब तक बजट का सिर्फ 65.55 फीसदी राशि ही खर्च हो पाया है। शेष लगभग 35 फीसदी राशि और खर्च की जानी है। अब तक सबसे अधिक महिला बाल विकास की योजनाओं के लिए 16,253 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गयी है। वहीं ऊर्जा विभाग को 10,510 करोड़ और ग्रामीण विकास विभाग को 11,411 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

### इंटरेस्ट पेमेंट के लिए 304.50 करोड़ की स्वीकृति

राज्य सरकार ने इंटरेस्ट पेमेंट के लिए 304.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। वहीं रिपेमेंट ऑफ लोन के लिए 1026.41 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। पथ निर्माण के लिए 5910.86 करोड़, कृषि के लिए 2330.17 करोड़, पेयजल के लिए 3270.45 करोड़, जल संसाधन के लिए 3843 l65, ग्रामीण कार्य के लिए 5069.95 करोड़ और स्वास्थ्य के लिए 5211.43 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गयी है।

### किस विभाग व प्रभाग के लिए कितनी राशि स्वीकृत

| विभाग व प्रभाग | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| कृषि | 2330.17 |
| पशुपालन | 261.00 |
| भवन निर्माण | 799.67 |
| नगर विकास | 88.87 |
| सहकारिता | 579.03 |
| ऊर्जा विभाग | 10,510.48 |
| उत्पाद विभाग | 8.24 |
| वित्त | 9.71 |
| इंटरेस्ट पेमेंट | 304.50 |
| रिपेमेंट ऑफ लोन | 1026.41 |
| कॉमर्शियल टैक्स | 2.75 |
| वन विभाग | 953.44 |
| स्वास्थ्य | 5211.43 |
| उच्च शिक्षा | 251,12 |
| गृह विभाग | 589.59 |
| उद्योग | 429.98 |
| सूचना-जनसंपर्क | 279.96 |
| श्रम विभाग | 1015.64 |
| अल्पसंख्यक कल्याण | 321.61 |
| जेपीएससी | 71.11 |
| योजना | 364.41 |
| पेयजल | 3270.45 |
| आपदा प्रबंधन | 904.76 |
| भू राजस्व | 133.00 |
| पथ निर्माण | 5910.86 |
| ग्रामीण विकास | 11411.84 |
| पर्यटन | 272.94 |
| परिवहन | 117.32 |
| नगर विकास | 1296.12 |
| जल संसाधन | 3843.65 |
| लघु सिंचाई | 295.60 |
| पिछड़ा वर्ग कल्याण | 3116.43 |
| मत्स्य | 138.83 |
| डेयरी | 194.61 |
| ग्रामीण कार्य | 5069.95 |
| पंचायती राज | 1285.73 |
| माध्यमिक शिक्षा | 1381.62 |
| प्राथमिक शिक्षा | 8745.45 |
| महिला बाल विकास | 16253.72 |

## सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 4 मार्च की महत्वपूर्ण होगी सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में रिक्त पड़े मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 24 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट में भी सुनवाई की तिथि निर्धारित है। पूरे मामले को लेकर सरकार के शीर्ष स्तर पर बेचैनी बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को हुई सुनवाई के बाद भाजपा और राज्य सरकार को अलग अलग आदेश दिया था। भाजपा से कहा था कि वह सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी में सदस्य के लिए प्रतिपक्ष का नेता चुने।

अगर प्रतिपक्ष का नेता का चुनाव नहीं कर सकती है तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में से ही किसी को कमेटी के लिए अपना प्रतिनिधि मनोनीत करे। लेकिन भाजपा अब तक ऐसा नहीं कर सकी है। वहीं राज्य सरकार से चार सप्ताह के भीतर कमेटी की बैठक बुला कर सूचना आयुक्तों की नियुक्ति करने का आदेश दिया था।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होनेवाली सुनवाई में कंप्लायंस रिपोर्ट देनी है। लेकिन भाजपा और सरकार के स्तर पर इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई है। इस कारण 4 मार्च की सुनवाई काफी महत्वपूर्ण होगी। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट में 24 फरवरी को सूचना आयुक्तों, लोकायुक्त, जेपीएससी चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर सुनवाई होनी है।

मालूम हो कि राज्य में वर्ष 2020 से ही मुख्य सूचना आयुक्त समेत सूचना आयुक्त के सभी रिक्त हैं। राज्य सूचना आयोग में सुनवाई पूरी तरह ठप है। आम लोगों को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीण विकास विभाग
झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन
एफ०एफ०पी० भवन, झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची
फोन न० 0651-2446217, 2446019, 2401974
Web Site:- jswmridf.jharkhand.gov.in, E-mail Id: rddjharkhand.slna@gmail.com

पत्रांक:- 6-108/09(SLNA-JSWM) /01 — सूचना — राँची, दिनांक: 19.02.2025

एतद द्वारा सूचित किया जाता है, कि झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची कार्यालय अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों यथा **राज्य तकनीकी विशेषज्ञ (आजीविका)–01, लेखा सहायक–02** एवं **डाटा इन्ट्री ऑपरेटर–02** की संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR-342083 (Rural Development)24-25D, दिनांक–17.12.2024 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया था। उक्त के आलोक में विभिन्न रिक्त पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों की जांच (Scrutiny) की गई है। इस संबंध में औपबंधित रूप से योग्य/अयोग्य आवेदकों की सूची विभागीय वेबसाईट **www.rdd.jharkhand.gov.in** पर अपलोड की गई है।

यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आवेदक अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 10 (दस) दिनों के अंदर झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन कार्यालय में कर सकते हैं। उसके बाद उनके किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

संयुक्त सचिव–सह–प्रशासी पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन, ग्रामीण विकास विभाग
PR 346860 Rural Development(24-25).D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा
फ्राई कैचिंग नेट आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्त्ति किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जिला के वेबसाइट में दी गई आवश्यक शर्त्तो के अधीन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जाल आपूर्त्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 07.03.2025 को अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में स्वीकार किया जायेगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्तै जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा निष्पादन की तिथि एवं स्थान बाद में सूचित की जायेगी।

1. फ्राई कैचिंग नेट का अधिकतम स्वीकृत राशि मो0– 2,000/– रूपये मात्र प्रति प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक के अंतर्गत होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 1,500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 03.03.2025 से 05.03.2025 (कार्यालय कार्य अवधि में)

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा
PR 346841 Fish (24-25)_D

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा पथ निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन अवर अभियंत्रण संवर्ग के सभी कनीय अभियंताओं को सूचित किया जाता है कि विभागीय संकल्प सं0–933, दिनांक–07.03.2022 के आलोक में AMIE अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्त कनीय अभियंताओं को विभागीय संकल्प सं0– 4377(S), दिनांक–01.09.2009 के निहित प्रावधानानुसार उच्चतर पदों पर प्रोन्नति के निमित्त वरीयता/योग्यता सूची तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

अतः इस निमित विभिन्न आदेशों द्वारा पूर्व में निर्गत वरीयता सूची में अंकित कनीय अभियंताओं को छोड़कर, जिन कनीय अभियंताओं द्वारा AMIE अथवा समकक्ष डिग्री प्राप्त किया गया हो, वे अपना आवेदन इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर निम्न अभिलेखों के साथ विभाग में समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें प्रस्तावित वरीयता/योग्यता सूची में नियमानुसार यथा स्थान दिया जा सके:–

1. नियुक्ति पत्र।
2. विभागीय कार्यालय आदेश सं0–650(S), दिनांक–23.02.2021 के अनुसार वरीयता क्रमांक।
3. AMIE अथवा समकक्ष डिग्री से संबंधित अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति।
4. संबंधित संस्थान, जहाँ से उक्त डिग्री हासिल किये हों, उस संस्थान का UGC/DEC/AICTE से मान्यता प्राप्त होने संबंधी अभिलेख/प्रमाण पत्र।
5. यदि सेवा में आने के पश्चात् वांछित डिग्री प्राप्त की गयी हो, तो इस निमित्त विभाग द्वारा दिये गये अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र
6. दिनांक– 31.12.2024 तक की अद्यतन सम्पत्ति विवरणी ऑनलाईन समर्पित करते हुए उसकी हार्ड कॉपी।

साथ ही AMIE अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्त कनीय अभियंता उक्त सभी वांछित कागजात एवं सेवा इतिहास (MS Word Format में) Soft Copy में संबंधित प्रशाखा को उपलब्ध कराकर Data Update करवाना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह0/–
(राज किशोर प्रसाद चौहान)
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची
PR 346869 Road (24-25)_D

## हटिया-टाटा मेमू समेत तीन ट्रेनों का परिचालन हुआ सामान्य

**रांची।** रांची रेलमंडल अंतर्गत चार लेन वाली सिरम टोली सड़क सह रेल ऊपरी पुल निर्माण के कारण ब्लॉक लिया जाना था। इसके कारण क्रमवार अलग-अलग तिथियों में रांची से चलने वाली और रांची होकर चलने वाली ट्रेनें रद्द करने की सूचना दी गई थी। अब इन ट्रेनों का परिचालन शुक्रवार से अपने निर्धारित समय से शुरू हो गयी। इसमें हटिया-टाटानगर-हटिया मेमू, वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस से और रांची-बोकारो पैसेंजर भी सामान्य रूप से चलने लगी। रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस 23 फरवरी से चलेगी।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आज आएगें रांची प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होगा स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू के झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को आ रहे है। उनके आगमन को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने स्वागत की व्यापक तैयारी की है। प्रदेश प्रभारी दिन के एक बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचेगें, जहां पारंपरिक नृत्य और ढोल नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शुक्रवार को रांची जिला, महानगर कांग्रेस कमेटी एवं प्रमुख कांग्रेस जनों के साथ तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए एक आवश्यक बैठक की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि प्रभारी के राजू का झारखंड से पुराना नाता रहा है। लेकिन प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला झारखंड आगमन है। जिसे लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है । बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में यह तय किया गया कि हवाई अड्डे से पुराना



हाईकोर्ट स्थित अम्बेडकर चौक जाएंगे वहां माल्यार्पण के उपरांत हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक स्थित वीर बुधु भगत चौक, कांके रोड स्थित सिद्धु कान्हू में माल्यार्पण करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेंगे। इन सभी जगहों पर पार्टी के वरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहां से प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष अपरा? 03 बजे कांग्रेस मुख्यालय, रांची पहुंचेंगे जहां उनका स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ने अग्रणी संगठन,विभाग, मोर्चा को भी विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड प्रदेश प्रभारी के आगमन पर शहर के सभी चौक चौराहों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। पोस्टर होर्डिंग और बैनरों से उनके आगमन को विशेष बनाया जा रहा है। आज की तैयारी बैठक में मुख्य रूप से विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, डॉ राजेश गुप्ता, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, अख्तर अली, मो सफार, सेंकी खान आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### जेएसएमडीसी के एमडी हाई कोर्ट में हुए हाजिर, अगली सुनवाई 21 मार्च को

**रांची।** झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसएमडीसी) के कर्मचारियों के नियमितीकरण के बकाया भुगतान के मामले में दायर अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में जेएसएमडीसी के एमडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे आदेश का अबतक पालन नहीं करने का कारण पूछा, कहा कि यह अवमानना के दायरे में आता है। मामले में उनकी ओर से जवाब (शोकॉज) दाखिल किया गया, जिस पर प्रार्थी का पक्ष सुनने के लिए कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की। कोर्ट ने जेएसएमडीसी एमडी को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान की। दरअसल, वर्ष 2012 में ही जेएसएमडीसी के संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया गया था लेकिन उसका वित्तीय लाभ अब तक उन्हें नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हाई कोर्ट की एकल पीठ ने 8 सप्ताह में जेएसएमडीसी के कर्मियों के नियमितीकरण का वित्तीय लाभ देने का आदेश दिया था, लेकिन इसका अनुपालन नहीं हुआ जिसके बाद अवमानना याचिका दाखिल हुई थी। हालांकि उस समय जेएसएमडीसी के आश्वासन के बाद इसे निष्पादित कर दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद भी वित्तीय लाभ अबतक नहीं मिला है। जिसके बाद दोबारा वर्ष 2024 में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। मामले में जितेंद्र प्रसाद यादव एवं अन्य की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव हाईकोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शिरीन परवीन की अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट के 24 जनवरी के आदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी उन्हें सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। 24 जनवरी 2025 को कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध दायर एसएलपी का डिस्पोजल हो गया है इसके बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। प्रतीत होता है कि उच्चतम न्यायालय से जीत जाने के बाद भी प्रार्थी को परेशान करने की मंशा है। कोर्ट ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को आज यानी 20 फरवरी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश देते हुए कहा था कि आदेश का अनुपालन नहीं होने पर क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

### पांच दिवसीय दौरे पर आ रहे प्रदेश प्रभारी संगठन सशक्तिकरण को लेकर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवमनोनीत प्रभारी के राजू अपने पांच दिवसीय दौरे के क्रम में शुक्रवार को रांची आएंगे। प्रदेश प्रभारी के दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय स्वागत की व्यापक तैयारी की गई है। प्रदेश प्रभारी के दौरे की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने पांच दिवसीय के दौरे के क्रम में श्री राजू कांग्रेस के वरीय कांग्रेसजनो, सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों एवं विधायकों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षो, बोर्ड निगम के चेयरमैन, जिला एवं नगर अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे। अपने इस दौरे में लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खुंटी, रांची, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम जिले का दौरा कर वहां के जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्षों प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों कार्यकताओं से रूबरू होकर संवाद करेंगे। श्री शांति ने बताया कि संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत श्री राजू का यह प्रथम दौरा ही झारखंड में संगठन की नींव को मजबूती प्रदान करेगी। उनके लिए झारखंड का संगठन और यहां के कांग्रेस जन नये नहीं है इसके पहले भी संगठन के कार्यक्रमों के लिए श्री राजू का दौरा लगातार झारखंड में होता रहा है। ग्रास रूट स्तर के कार्यकताओं के साथ एलडीएम कार्यक्रम के तहत उन्होंने पूरे झारखंड में बैठक कर संगठन को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है। झारखंड की भौगोलिक और राजनीतिक सामाजिक परिस्थितियों से पूरी तरह वाकिफ श्री राजू ने संगठन को धार देने की दिशा में कई निर्देश भी जारी किए हैं। इसके अलावा विधानसभा सत्र के पूर्व विधायक दल की बैठक भी आहूत की गई है जिसमें आगामी बजट सत्र के लिए कांग्रेस विधायकों की तैयारी की जानकारी लेकर आवश्यकता अनुसार दिशा निर्देश भी देंगे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



गांधी मैदान,मानगो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यह प्रतिमा बेहद प्रेरणादायी है। गांधी जयंती के दिन यहां जिला प्रशासन से लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोग बापू को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने आते हैं। आपको बता दें कि महात्मा गांधी का जमशेदपुर से गहरा नाता रहा है। वे आजादी के आंदोलन से लेकर मजदूर आंदोलन के दौरान जमशेदपुर आ चुके हैं। बापू की स्मृतियां जमशेदपुर की मिट्टी में रची-बसी हैं।

# आज बारीडीह सुगना कॉलोनी से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा,कल से होगी संगीतमय श्रीराम कथा

- सूर्य मंदिर समिति की सभी तैयारियां हुई पूरी, समिति ने दी जानकारी
- शोभा यात्रा में बैंड बाजा, पुष्पवर्षा और महाकुंभ के साधु-संतों की मनोरम झांकियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर सूर्यधाम सिदगोड़ा में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की भव्य शुरुआत शुक्रवार को विशाल शोभायात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा बारीडीह सुगना कॉलोनी मंदिर से दोपहर 3 बजे निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत हजारों माताएं-बहनें, युवा एवं शहर के गणमान्यजन भक्तिभाव से सम्मिलित होंगे। शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए बैंड-बाजा, भक्तिमय डीजे संगीत, पुष्पवर्षा, केसरिया ध्वजों से सुसज्जित मार्ग, तिलक लगाए सनातन संस्कृति के परंपरागत परिधान में शामिल पुरोहितों के समूह, आतिशबाजी एवं प्रयागराज महाकुंभ के साधु-संतों की मनोरम झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। इस आशय की जानकारी देने हेतु गुरुवार को भालूबासा स्थित होटल मिष्टी इन में सूर्य मंदिर समिति की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।



शोभा यात्रा एवं श्रीराम कथा की जानकारी देते अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह। साथ में प्रमोद मिश्रा व अखिलेश चौधरी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के तहत 9 दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन शुक्रवार को निकाले जाने वाली शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति, एकता और भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही, आयोजन से पूर्व सूर्य मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को पुष्प सज्जा एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है। रामकथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर के शंख मैदान में पक्के पंडाल बनाये गए हैं। इसके साथ ही, सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे पंडाल में सीसीटीवी के साथ अग्निशामक यंत्र लगाए गए हैं। कथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए चार पहिया एवं दो पहिये वाहन के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा और सहयोग हेतु सैकड़ों सूर्यधाम स्वयंसेवक के साथ सुरक्षा गार्ड तैनात रहेंगे। भूपेंद्र सिंह ने शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## स्पीड न्यूज

### 24-25 मार्च को बैंक हड़ताल, प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर।** यूएफबीयू के आह्वान पर आगामी 24 और 25 मार्च को दो दिनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मद्देनजर शुक्रवार दिनांक 21 फरवरी को संध्या 5.15 बजे भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक पोस्टल पार्क बिष्टुपुर में धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम है। इसमें यूएफबीयू जमशेदपुर के सभी घटक दल के नेतृत्व एवं कामरेड हिस्सा ले रहे हैं। यह जानकारी कामरेड रिंटू रजक ने दी है।

### दो अपराधी गांजा के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में चलाए गए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान टेल्को थाना अंतर्गत सालगाजोरी फाटक के पास दो अपराधियों को 3. 66 किग्रा गांजा, 03 मोबाईल एवं स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। यह जानकारी सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने दी है।

### गोइलकेरा के युवक की चांडिल में हत्या

**चांडिल।** थाना क्षेत्र के चांडिल ब्लॉक स्थित बिरसा स्टेडियम के पास खेत में 22 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को देखने के बाद चांडिल पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।युवक की पहचान गोइलकेरा निवासी के रूप में हुई है। युवक का शव मिलने के जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। चांडिल थाना प्रभारी डील्सन बिरुआ ने बताया कि मृतक युवक की पहचान गोइलकेरा निवासी के रूप में हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दुर्घटना में घायल केशव सिंह मुंडा का निधन

**जमशेदपुर।** गत 9 फरवरी को सड़क दुर्घटना में घायल ईचागढ़ निवासी केशव सिंह मुंडा का इलाज के क्रम में टाटा मेन हॉस्पिटल में निधन हो गया है। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। केशव सिंह मुंडा 32 वर्ष के थे।

### चोरी के समान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर पुलिस ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया, जिसमें ड्रिल मशीन, पुट्टी, मिक्सर मशीन, बिजली के उपकरण और बर्तन शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में करण पात्रो (गुमटी बस्ती निवासी) और सौरभ दास (पीएचईडी कॉलोनी, शीतला मंदिर के पास) शामिल हैं। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। चोरी की यह घटना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर में अवर प्रमंडल पदाधिकारी के सरकारी आवास में हुई थी। मरम्मत करवा रहे संवेदक वरुण चौहान ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें करीब 2.5 लाख के सामान की चोरी की बात कही थी।

# पीएम के विकसित भारत का प्रतिबिंब है रेडिएंट झारखंड : विद्युतवरण महतो

- होटल रमाडा में प्रदर्शनी के पहले दिन उमड़ी भीड़, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से पहुंचे छात्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पीएम मोदी की 2047 के विकसित भारत की संकल्पना का प्रतिबिंब है रेडिएंट झारखंड प्रदर्शनी। उक्त बातें जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो ने गुरुवार को प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कही। यह प्रदर्शनी झारखंड की धरती पर जमशेदपुर में पहली बार आयोजित हुआ है।

प्रदर्शनी में हर वर्ग के लिए बहुत सारी जानकारी उपलब्ध है। युवा वर्ग के लिए जहां शिक्षा में नए कोर्स व विषय के साथ ही रोजगार के अवसर के साथ ही शिक्षा के लिए मिलने वाले लोन से संबंधित की जानकारी मिलेगी। वहीं किसानों के लिए कृषि से संबंधित हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध है। सांसद ने श्री महतो ने कहा कि रेडिएंट झारखंड प्रदर्शनी केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए चलायी जा रही समस्त योजनाओं को प्रदर्शित करता है। या कहें तो यह प्रदर्शनी समग्र को समेटे हुए है।

इससे पूर्व सांसद बिद्युत बरन महतो ने फीता काट कर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात प्रदर्शनी में लगे सभी स्टॉल का एक-एक करके अवलोकन किया। प्रदर्शनी के पहले दिन विभिन्न कॉलेज व स्कूलों के लगभग 2500 विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। वहीं कोल्हान के अलग-अलग क्षेत्रों से भी लोग प्रदर्शनी देखने पहुंचे।





प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सांसद विद्युतबरण महतो और प्रदर्शनी के दौरान डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के स्टॉल पर सांसद विद्युतबरण महतो को जानकारी देते एजीएम राज अरोड़ा।

**कार्यक्रम को इन लोगों ने भी किया संबोधित**

इस अवसर पर प्रमुख रुप से आरवीएस कॉलेज के प्राचार्य आरके तिवारी, अर्का जैन यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर डॉ. एसएस रज्जी, राबिया इंस्टीट्यूट के चेयरमेन जावेद अख्तर, सीआईएसआर एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, जीएसआई के डेप्यूटी डायरेक्टर अखौरी विश्वप्रिया, डीएफसीसीआईएल के असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर लव शुक्ला, विजुअल मिथ्स की संचालिका मीतू पाल गुप्ता ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये।

## कांड्रा थाना प्रभारी ने व्यवसायियों को दिया सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** एसपी के निर्देश पर कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू गुरूवार को स्थानीय व्यवसायियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। थाना परिसर में आयोजित उंक्त बैठक में काफी संख्या में व्यवसायी शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने व्यवसायियों से बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। साथ ही, दुकानों के आगे निर्धारित सीमा से अधिक सामान नहीं रखने का निर्देश दिया ताकि बाजारों में जाम की स्थिति नहीं बने। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा व सहयोग के लिए हैं। कहा कि असामाजिक तत्वों व नशा बेचने का अवैध धंधा करने वालों के बारे में पुलिस को सूचना दें, उसपर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। उन्होंने व्यवसायियों को अपनी दुकानों की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सलाह दिया ताकि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में कोई अप्रिय घटना घटित हो तो पुलिस कैमरे की मदद से अपराधियों की पहचान आसानी से कर सके।

## एनआईटी जमशेदपुर और अर्का जैन विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

- अकादमिक सहयोग, शोध और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अर्का जैन विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षिक और औद्योगिक विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए एनआईटी जमशेदपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक सहयोग, शोध और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साझेदारी स्थापित करेगा। एमओयू पर अर्का जैन विवि के निदेशक सह रजिस्ट्रार डॉ अमित श्रीवास्तव तथा एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो (डॉ) गौतम सूत्रधार ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरपर्सन डॉ एसएस रजी भी उपस्थित थे। मौके पर एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो (डॉ) गौतम सूत्रधार ने कहा, यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच एक नई ऊर्जा और दिशा का प्रतीक है। अकादमिक क्षेत्र में साझा प्रयासों के माध्यम से हम शोध, नवाचार और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डा गौतम सूत्रधार के साथ अरका जैन के निदेशक डा अमित श्रीवास्तव व अन्य।

## आज से सीतारामडेरा के इमैनुएल बैपटिस्ट चर्च में शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर आने वाले कल से तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा इमैनुएल महोत्सव की शुरुआत हो रही है। इस शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव में परमेश्वर के जीवित वचन को प्रचारित करने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त सेवक पास्टर अजीत होरो एवं सिस्टर आराधना होरो आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जमशेदपुर पधार चुके हैं। वे झारखंड की पावन धरती पर परम पिता परमेश्वर के पवित्र वचन को प्रचारित करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। इस महोत्सव में 21, 22 एवं 23 फरवरी को झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं के लिए तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक रखी गई है। साथ ही साथ कल संध्या 5:30 बजे को शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के हजारों विश्वासियों के उपस्थिति में किया जायेगा।



पास्टर अजीत होरो व सिस्टर अराधना का स्वागत करते आयोजक।

## मीरूडीह में वनभूमि पर 30 मकान अतिक्रमणकारियों को नोटिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** आरआइटी थाना अंतर्गत मीरूडीह की वनभूमि को अतिक्रमण कर मकान बनाने वाले 30 अतिक्रमणकारियों को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी लोगों में किरण मुंदुईया, साकरो किस्कू, जयसिंह जारिका, मांगू बंकिरा, कोलाय होनहागा, बबलू बानरा, अमर सिंह जारिका, सुकलाल मार्डी, बिरसा टुडू, सुनील मुंडा, सुरेश बोदरा, याकूब बिरूली, लादूराम चाकिया, दुबराज गुंदवा, तुराम सुम्ब्रुई, सामू गुंदवा, मंजू सिसिलिय तिड़ू, प्रभुदयाल सोय, जोहन कमल, सोमुएल बोदरा, निकोलस डोडराव, नुआस डोडराव, टुना डूटु, बांडू सोरेन, सोमरा सोय, सेलाय बानरा, अमर सिंह सोय, लादुरा सिरका, बामिया सवैया, कानूराम बानरा शामिल है। संबंधित लोगों के खिलाफ वर्ष 2016-17 में ही विभागीय न्यायालय में मामला दर्ज किया गया है। समाहर्त्ता सह वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी द्वारा जारी नोटिस में अतिक्रमणकारियों को 22 फरवरी को सुबह 11 बजे समाहर्त्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

## गोपाल मैदान में राष्ट्रीय मागे महोत्सव 7 से 9 मार्च तक

- जोहार ट्रस्ट और आदिवासी हो समाज संयुक्त रूप से कर रहे आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जोहार ट्रस्ट एवं आदिवासी हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन 7 से 9 मार्च, 2025 को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में किया जायेगा। तीन दिवसीय महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इस सांस्कृतिक महोत्सव में देश भर से विभिन्न आदिवासी समुदायों के कलाकार भाग लेंगे और पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य एवं खेलकूद के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी।

इसी के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान करने वाले व्यक्तियों को जोहार संस्था की ओर से सम्मानित किया जाएगा। तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव में दो सौ स्टॉल लगेंगे जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, परिधान, पुस्तक, आर्ट एवं क्राफ्ट, फर्नीचर, डेकोरेशन आइटम, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कार एवं बाइक, मोटरसाइकिल के स्टॉल भी शामिल होंगे।



संवाददाता सम्मेलन में आयोजन का पोस्टर लांच करते पिंटू चाकिया, सुरा बिरुली व अन्य।

**कार्यक्रम एक नजर में**

- **7 मार्च:** राष्ट्रीय मागे महोत्सव में 11 राज्यों से हो समाज के विभिन्न नृत्य दल एवं लोग जुटेंगे। महोत्सव प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि दो लाख ग्यारह हजार के साथ प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा।
- **8 मार्च :** अखड़ा मागे घुशुन प्रतियोगिता में 81 हजार रुपये के साथ प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो दिया जायेगा। साथ ही मेगा आर्ट फेस्ट रखा गया है। जिसमें स्कूल और कॉलेजों के दो हजार से ज्यादा छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे। जिसकी कुल पुरस्कार राशि एक लाख रुपये है।
- **9 मार्च :** ग्रैंड फिनाले (बिगेस्ट डांस चैलेंज) होगा। जिसमें ऑडिशन से चयनित कलाकार डांस कंपटीशन करेंगे। पुरस्कार राशि एक लाख है। इसी दिन बॉलीवुड सिने जगत के कलाकारों एवं झारखंड के जनजातीय फिल्मी गीत एवं संगीत के कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे। जिसके मुख्य आकर्षण ब्रिटेन गॉट टैलेंट के पहले गर्ल्स डांस क्रू यो हाईनेस का लाइव परफॉर्मेंस जोहार नाइट के मंच से रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी।

## एक नजर में

### उदयपुर के महतो बंधुओं का घर आग से खाक

**गम्हरिया।** सरायेकला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर पंचायत के उदयपुर निवासी शंकर महतो व उसका भाई दीपक महतो के घर में अचानक आग लग गया। उक्त घटना में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची मुखिया पार्वती सरदार व समाजसेवी राजेश महतो ने घटना पर दु:ख प्रकट किया। साथ ही पीड़ितों से घटना की जानकारी लेते हुए सरकारी स्तर पर सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त दोनों परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे। इसी दौरान घर से अचानक धुआं निकलते देखा गया। जब तक सदस्य कुछ समझ पाते, तब तक आग आग लग गयी। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का सामान जलकर राख हो गया था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उक्त घटना में पीड़ितों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

### कलश विसर्जन के साथ भागवत कथा संपन्न



**चांडिल।** भालुकोचा गांव में पांच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ का कलस विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी से आये हुए कथा वाचक लखन जी महाराज ने भक्तों को कथा सुनाया। भक्तों ने कथा का खूब आनंद लिया। कथा के अंतिम दिन महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब पांच हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बाहादुर कुम्हार, मधुसूदन कुम्हार, शंकर कुम्हार, सुबल कुम्हार, बिजय कुम्हार, जगन्नाथ चटर्जी, रघु कुम्हार, दधि कुम्हार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पेपर लीक में लिप्त लोगों पर कार्रवाई हो : रश्मि



**गम्हरिया।** झारखंड में शिक्षा व्यवस्था फिर एक बार विवादों के घेरे में है। इस वर्ष की झारखंड बोर्ड की परीक्षा में पेपर लीक होने की घटना ने राज्य की परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक कार्यशाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि साहू ने जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के प्रश्न पत्र लीक होने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कहीं। कहा कि झारखंड में किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी अब आम बात बनती जा रही है। इसमें लिप्त अधिकारियों और गिरोह के सरगनाओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पेपर लीक जैसी घटना न हो सके।

### पोटका : जुस्को के जीएम से पेयजल आपूर्ति की मांग



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के 15 पंचायतों में आने वाली गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की घोर किल्लत को देखते हुए विधायक संजीव सरदार के निर्देश पर झामुमो का प्रतिधिमंडल गुरुवार को जुस्को के महाप्रबंधक से मिल इन पंचायतों में पेयजल के सप्लाई की मांग की है। ज्ञापन में विधायक का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पश्चिम किताडीह, उत्तरी किताडीह, पूर्वी किताडीह, पश्चिमी बागबेड़ा, दक्षिणी बागबेड़ा, उत्तर पूर्व बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, पूर्वी बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, दक्षिणी करनडीह, उत्तरी करनडीह, उत्तरी घाघीडीह, पूर्वी घाघीडीह, पश्चिम घाघीडीह एवं मध्य घाघीडीह पंचायतों में गर्मी के दशक से पेयजल की घोर किल्लत शुरू हो जाती है जिसका प्रभाव मार्च से जून तक मुख्य रूप से देखने को मिलता है। विधायक संजीव सरदार ने अपनी विधायक निधि से दो पेयजल टैंकर उपलब्ध कराया गया है जो पर्याप्त नहीं है यहां कम से कम 6 अतिरिक्त टैंकर की अति आवश्यकता है इसके लिए हम आपसे अपेक्षा रखते हैं। अत: उपरोक्त पंचायतों में यथाशीघ्र पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए भवदीय को अवगत कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में झामुमो के पप्पू उपाध्याय, जगत मार्डी,मनोज नाहा,भगवान मार्डी आदि उपस्थित थे।

### राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना की जिले की पहली लाभुक बनी दुर्गी देवी



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला की पहली लाभुक दुर्गी देवी, प्रखंड जमशेदपुर को योजना के तहत 2 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि का चेक जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा कार्यालय कक्ष में प्रदान किया गया। मौके पर उन्होंने दंपत्ति को उज्जवल भविष्य एवं सफल गृहस्थ जीवन की शुभकामनायें देते हुए कहा कि विधवा पुनर्विवाह के लिए राज्य सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से समाज में विधवा पुनर्विवाह करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा दी जाने वाली राशि का उपयोग अपने जीवन को बेहतर करने के लिए कर सकेंगे।

**इन्हें मिला नियुक्ति पत्र :** मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह के लिए नवनियुक्त गृहपति- सुजित महतो, परिवीक्षा पदाधिकारी- सुचांद महतो, काउंसलर- कविता कुमारी सिंह एवं पारा चिकित्सा कर्मी- संगीता गोड़सोरा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होने नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिम्मेदारी जितनी बड़ी है, उसी गंभीरता से दिए गए दायित्वों को निर्वह्न करना है। उन्होने कहा कि जिला के संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह को आदर्श संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह बनाना है। संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह का नियमित निरीक्षण करें, कोई कमियां पाई जाने पर त्वरित कार्रवाई के लिए अपने उच्चाधिकारी को सूचित करें, सीसीटीवी एवं पूरी सुरक्षा व्यवस्था का नियमित अवलोकन करें। जिन बच्चों के बीच आप अपने दायित्वों का निर्वह्न करने वाले हैं उन्हें सुधार कर वापस घर भेजना है, इसी एक धारा एवं आशा के साथ कार्य करें। दायित्वों के निर्वह्न में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो।

## स्पीड न्यूज

### स्कूली छात्रा से दुष्कर्म मामले में डालसा ने लिया संज्ञान, जल्द मिलेगा मुआवजा



**हरिहरगंज, पलामू।** पिपरा थाना अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की 10वीं की छात्रा के साथ पिछले देने हुए दुष्कर्म के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संज्ञान लिया है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव को पीड़िता को हरसंभव सरकारी सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इसी आलोक में पीड़िता को राशन सामग्री व दैनिक उपयोग की जरूरत बस्तु पैरा लीगल वोलेंटियर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

### विशिष्ट जनजाति समुदाय में पोषण वाटिका किट का वितरण किया गया



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पलाश (जेएसएलपीएस) के द्वारा बिरसा विशिष्ट जनजाति विकास योजना के सौजन्य से विशिष्ट जनजाति समुदाय की सखी मंडल के दीदियों को पोषण वाटिका किट का वितरण किया गया। कार्यकम का शुभारंभ जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने किया। उन्होंने सभी दीदियों को बताया कि आज जेएसएलपीएस से सरकार के विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिससे महिलाएं अपनी आजीविका से जुड़कर सशक्त हो रही हैं। बीपीएम सुमित कुमार ने बताया कि प्रखंड में लगभग 550 विशिष्ट जनजाति समुदाय के परिवारों के साथ पोषण वाटिका निर्माण कार्य किया जाएगा आज उसी कड़ी में सांकेतिक रूप से 60 दीदियों को पोषण वाटिका का कीट दिया गया है जिसमें दस प्रकार के सब्जी के बीज, ग्रो बैग, वाटर केन, स्प्रेयर शामिल है। मौके पर आदित्य रंजन प्रसाद, सैनुअल अंसारी, उमेश कुमार, बहलाने टोपनो, कांकनाबाला देवी आदि उपस्थित थे।

### पियूष तिवारी बने पाटन पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष, पुरुषोत्तम वैद्य महासचिव



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव संघ की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पियुष तिवारी को चुना गया। वहीं पुरुषोत्तम वैद्य को महासचिव, श्याम सुंदर राम को कोषाध्यक्ष, नंदलाल गुप्ता को उप कोषाध्यक्ष, मुख्तार अंसारी व निरंजन सिंह को उपाध्यक्ष, रामानंदन मेहता को सचिव, अंकिता त्रिपाठी को उप सचिव, मिथलेश सिंह को संयोजक, अंजु कुमारी को संगठन मंत्री, पुजा कुमारी को कार्यालय प्रभारी, देवरति सिंह को संयुक्त सचिव, श्यामसुंदर सिंह को मुख्य संरक्षक एवं अहमद हुसैन अंसारी तथा गिरवर उरांव को मीडिया प्रभारी के रूप में बनाया गया। संरक्षक मनु तिवारी ने कहा कि सरकार पंचायत सचिव की मांगों को पूरा नहीं की है। हक अधिकार के लिए संगठन मजबूत करें।

### पाटन थाना प्रभारी ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की जांच की

**पाटन पलामू।** पाटन थाना प्रभारी लालजी ने अपने दल बल के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मृतक एकाउंटेंट प्रियंका के बारे विद्यालय के लोगों से पूछताछ की। ज्ञात हो कि बुधवार को कस्तूरबा विद्यालय कि एकाउंटेंट संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस जांच जारी है। अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है जिससे एकाउंटेंट के फांसी लगाने का पता चल सके।

### अवैध खनन रोकने को लेकर सीओ ने सभी बालू घाट पर ट्रेंच खोद रास्ता रोका



**विश्रामपुर पलामू (महेंद्र प्रजापति)।** विश्रामपुर अंचल क्षेत्र के विश्रामपुर व रेहला थाना स्थित सभी कोयल नदी से बालू के अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने को लेकर सीओ राकेश तिवारी ने एक अनोखी पहल की। नदी से निकलने वाले सभी रास्ते के बीच ट्रेंच खोद रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया। विश्रामपुर में वैध बालू कहीं नहीं होने के बावजूद चोरी छिपे बालू माफिया बालू का अवैध खनन व परिवहन करते थे। स्थानीय लोग इसकी शिकायत लगातार विश्रामपुर सीओ से कर रहे थे। कहा कि बालू के अवैध खनन परिवहन पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। कहीं से अगर खनन व परिवहन की सूचना मिलती है तो कार्रवाई की जायेगी।

### मंत्री और विधायक को दिया ज्ञापन



**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण सह प्रमंडलीय किसान मेला में पंहुची राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह को हैदरनगर किसान सलाहकार समिति के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री व मनिका विधायक को पलामू मेदिनीनगर के धरती पर पारंपरिक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। यह कार्यक्रम किसान समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसान नेताओं ने राजा मेदनीराय की पहचान चिह्न मल्हान एवं सुख समृद्धि के प्रतीक माता लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमा देकर स्वागत व सम्मानित किया। इस दौरान प्रेमतोष सिंह ने बताया कि यह मल्हान पलामू की पहचान हैं। उन्होंने पलामू के पलामू समेत हैदरनगर के किसानों के सुख सम बृद्धि हेतु माता लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमा दिया है। कृषि मंत्री से हैदरनगर समेत हुसैनाबाद में दूध उधोग को बढ़ावा देने और गौ रक्षा हेतु गुहार लगाया जिससे यहां की किसान स्वालम्बन हो सके। उन्होंने कहा कि अन्य कई बिंदुओं पर कृषि क्षेत्रों में किसानों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री एक महिला होना महिलाओं का सम्मान : अरुणा शंकर

>> **सतबरवा में गायत्री महायज्ञ की शुरुआत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सतबरवा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ प्रथम महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर ने सैकड़ो महिलाओं के साथ झंडोतोलन एवं कलश यात्रा प्रारंभ कर किया। प्रथम महापौर ने कहा कि देश हिंदुओं का देश है और हम हिंदुओं को इस तरह के आयोजन से शांति और शक्ति प्राप्त होती है। कहा कि आज हम महिलाओं के लिए काफी गौरव का दिन है जहां देश की राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता जो पार्षद से राजनीतिक शुरुआत कर मुख्यमंत्री के रूप में आज शपथ लेने जा रही हैं जो देश की आधी आबादी को गौरवान्वित कर रहा है। श्रीमती शंकर ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है जो महिलाओं के लिए गौरव की बात है। कलश यात्रा के दौरान कई बुजुर्गों एवं माताओं ने प्रथम महापौर को आशीर्वाद दिया।

#### चेंबर महिला विंग का वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट का आयोजन आज

कल होटल ज्योति लोक के सभागार में शुक्रवार दिन के 11 बजे पलामू चैंबर महिला विंग द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री बनाए जाने पर महिलाओं द्वारा केक काटकर खुशी जाहिर की जायेगी। साथ ही चेंबर महिला विंग द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट का आयोजन किया गया है।

# सुलग रहा है छात्रा दुष्कर्म का मामला, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकला मशाल जुलूस

**राजेश प्रसाद**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा के साथ बलात्कार की घटना के 6 दिन बाद भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार की शाम बसपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। हाथ में मशाल लिए आरोपी को गिरफ्तार करो नारा लगाते लोग हाई स्कूल से पिपरा बाजार होते हुए थाना तक पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गया।

लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि दलित परिवार की बेटी को न्याय दिलाने में पुलिस अबतक निष्क्रिय रही है। अगर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया, तो 23 फरवरी के बाद उग्र आंदोलन किया जायेगा। इसकी जवाबदेही पुलिस प्रशासन की होगी।

मशाल जुलूस में बसपा के राजकुमार गौतम, प्रमोद कुमार रवि, सूरजमल राम, रवि रोशन, चितरंजन बौद्ध, प्रमोद राम, मुकेश रवि, अर्जुन राम, रामपरिखा राम, विवेक मेहता, रघुबर मेहता, अनिल टुटू राम, करीमन राम, जितेंद्र प्रजापति, अनिल प्रजापति, अरुण मिश्रा, सुनील पासवान, फूलकली देवी, किरण देवी, दीपिका देवी, शारदा देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, मीणा देवी, कबिता देवी, रेशमा देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।



मशाल जुसूस में शामिल लोग।

# मानव जीवन में रक्तदान से कोई दूसरा बड़ा दान नहीं : डॉ अनिल

**अवध किशोर राय राजू**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बसौरा नीलांबर पीतांबरपुर पलामू के मुख्य सभागार में जन विकास ट्रस्ट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में 62 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। जन विकास ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार ने बताया कि यह रक्तदान का कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा और संस्था का लक्ष्य है कि 1000 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मनुष्य के जीवन का अगर सबसे बड़ा कोई दान है तो वह रक्तदान है जो किसी का जिंदगी बचाने के काम आता है। सभी 18 वर्ष से ऊपर स्वस्थ व्यक्तियों को चाहिए कि वह रक्तदान अवश्य करें। रक्तदान शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रा काफी सक्रिय भूमिका में दिखे। मौके पर हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना के महेंद्र मरांडी, प्रो भावेश कुमार, जन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ सनी सोरेन, आनंद मोहन चंद्र, संजीव नयन, आलोक कुमार, एनएसएस के अध्यक्ष हरिशंकर मंडल, सुप्रिया रानी, प्रभात प्रसाद, सुषमा, रानी महतो, आदर्श अधिजित, तौशिफ आलम, निशिकांत कुमार, राजीव कुमार, अभय कुमार, रानी कुमारी भी थे।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सिविल सर्जन।

# स्थल की जांच कर योग्य लाभुकों को हर हाल में दिलायें आवास: राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का किया दौरा आदिवासी परिवारों की समस्या को जाना
- पाटन प्रखंड कार्यालय में मंत्री ने की बैठक योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचाने का बीडीओ को दिया निर्देश

**मनीष दुबे**

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की। वित्त मंत्री ने अति सुदूरवर्ती क्षेत्र विषयपुर में आदिवासी परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्या जानी। इसके बाद मंत्री ने पाटन प्रखंड कार्यालय में बैठक कर प्रखंड आये लोगों से उनकी परेशानी के बारे में जानकारी लिया। मंत्री ने पाटन बीडीओ अमित कुमार झा को जनहित में चल रहे सभी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि योग्य लोगों का जांच कर आवास देना सुनिश्चित करें। किसी भी जनप्रतिनिधि की बात को नहीं सुनते हुए स्थल जांच कर लोगों को आवास मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि काम में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। वित्त मंत्री ने पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव को कड़ी निर्देश देते हुए अंचल कर्मियों पर कमांड रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अंचल की बहुत शिकायत मिल रही है अगर सुधार नहीं किया गया तो कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सेमरी पंचायत में चल रहे योजनाएं के बारे में पाटन बीडीओ को विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। सेमरी पंचायत में चल रही योजनाओं का रिपोर्ट देने के लिए पाटन बीडीओ को कहा। मंत्री ने सेमरी पंचायत के सेमरी में पासवान परिवार के लोगों के बीच जाकर मुलाकात की। मुलाकात के



पाटन बीडीओ को निर्देश देते वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

# परीक्षा की पवित्रता को ध्यान में रखें वीक्षक, नहीं तो कार्रवाई: गौरांग महतो

- एसडीएम ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा के विभिन्न केंद्रो का किया निरीक्षण
- कई केंद्रों पर केंद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेटों को लगाया फटकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक का विज्ञान एवं इंटर के अर्थशास्त्र, अकाउंटेंसी की परीक्षा में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा सफल एवं कदाचार मुक्त कराने को लेकर सभी केंद्राधीक्षक व प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को परीक्षा के पवित्रता के साथ किसी भी सूरत में खिलवाड़ नही करने का सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्र के 100 मीटर परिधी में धारा 144 लगायी गयी हैं इसके बाद भी कई केंद्रों पर अभिभावकों की भीड़ देखी जा रही हैं जो गलत हैं। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षक व मजिस्ट्रेट को चेतावनी देते हुए हिदायत दिया कि बाहर या अंदर से प्रश्न पत्र व चिट पुर्जा किसी भी हाल में प्रवेश नही होना चाहिए।



# जिला मत्स्य संघ पलामू ने कृषि मंत्री को भेंट की आठ किलो की रेहु मछली

- पलामू में मत्स्य बीज बनाने में बढ़ोत्तरी किया जाये : मुकेश चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में प्रमंडलस्तरीय कृषि मिला सह प्रदर्शनी का आयोजन आत्मा द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के कृषि व पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थी। मौके पर जिला मत्स्य पलामू संघ के मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आठ किलोग्राम का रेहु मछली कृषि मंत्री को समर्पित किया गया। मौके पर श्री चौधरी ने मंत्री से मांग किया कि प्रति वर्ष 370 मत्स्य जीवियों को ही लाभ पहुंचाया जाता है। जबकि पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंडों में 50-50 की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए 100 लोगों को मत्स्य बीज बनाने का अधिकार दिया जाये। जिससे कि पलामू मच्छली उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलंबी होते हुए दूसरे राज्य व जिला को आपूर्ति कर सके। श्री चौधरी ने मंत्री से मांग करते हुए कहा कि पलामू जिले के सभी सरकारी तालाबों का गहरीकरण यदि कराया जाये तो मच्छली पालन में सहूलियत होगी।



### घायल जवान की मौत, चतरा सांसद ने जताया शोक







**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बारूदी सुरंग विस्फोट में घायल सीआरपीएफ जवान महिमानंद शुक्ला की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले इस वीर सपूत को मेरा कोटि-कोटि नमन है। वे हमेशा नक्सली अभियान में पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करते रहे। जब भी नक्सलियों से सामना हुआ उनका मुकाबला किया। बारूदी सुरंग विस्फोट में घायल होने के बाद उन्होंने वीरगति को प्राप्त किया। हमारी गहरी संवेदना परिवार एवं प्रियजनों के साथ है। बता दें कि महिमानंद नीलांबर पीतांबरपुर के कमलकेडिया के निवासी थे।

### रेहला पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला पुलिस द्वारा बुधवार को बी मोड़ चौक पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों के पालन करने के लिये जागरूक किया गया। पुलिस ने बगैर हेलमेट पहने बाइक चालकों को गुलाब देकर उन्हें यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बगैर हेलमेट पहने चालकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलवायी। उसके बाद चेतावनी देकर सबको छोड़ दिया। कहा कि अभी लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की जा रही है। अगर सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जायेगी।

### पैगाम- ए -मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी (दीक्षांत समारोह) का आयोजन



**सतबरवा।** प्रखंड के करमा स्थित मदरसा नूरिया रजविया गौसिया महमुदुल उलूम में पैगाम- ए -मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी (दीक्षांत समारोह) का आयोजन में छात्रों को हाफिज के कुरान की उपाधि से बुधवार की रात्रि में नवाजा गया। जलसा की आगाज कारी इकरामुल हक ने कुरान पाक की तिलावत से की। मुख्य अतिथि नसीरे मिल्लत (दुद्धी युपी) द्वारा छात्रों को पगड़ी पोशी की गई। उन्होंने कहा की बच्चों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम हासिल करने की जरूरत है। मदरसा को चलाने के लिए सभी वर्ग के लोगों का सहयोग जरूरी होनी चाहिए। मुख्य वक्ता सैय्यद सबाहत मियां ने मुसलमानों से आह्वान किया कि इस्लाम में औरत को पर्दा जरूरी करना है, इस्लाम धर्म में शराब हराम है।

# आपराधिक घटनाओं के खिलाफ व्यवसायियों ने बाजार रखा बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला के हैदरनगर बाजार में लगातार लूट और आपराधिक घटनाएं होने के विरोध में गुरुवार को व्यवसायियों ने हैदरनगर बाजार बंद किया। वहीं व्यवसायी पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाये। व्यवसायियों का नेतृत्व भाजपा नेता सह पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष सिंह एवं डॉ अजय जायसवाल कर रहे हैं। मालूम हो कि बुधवार की शाम हैदरनगर बाजार में स्थित सद्दाम हुसैन के ग्राहक सेवा केंद्र में लूट की घटना के बाद व्यवसायियों का गुस्सा बढ़ गया है। व्यवसाई पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। वह पुराना थाना भवन में पुलिस पिकेट खोलने की मांग कर रहे हैं। नेतृत्व कर रहे संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक ओर हैदरनगर बाजार में लगातार आपराधिक एवं लूट की घटनाएं हो रही है।

### ममता धर्म विरोधी, देश से क्षमा मांगे: अविनाश



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विधानसभा में दिये गये आपत्तिजनक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर पूरे सनातन समाज के साथ देश के लोगों से माफी मांगने का सुझाव दिया है। विदित हो कि गत दिन सदन में बयान देने के दरम्यान ममता बनर्जी ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को मृत्युकुंभ करार दिया था।

# आनंद ऑटोबाइक्स हीरो शोरूम में विदा वी टू इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्थानीय रांची रोड रेड़मा स्थित आनंद ऑटोबाइक्स शोरूम में हीरो कंपनी की विदा वी टू इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया गया। इसकी लॉन्चिंग हीरो मोटरसाइकिल के ग्राहकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर कंपनी की एचआर मैनेजर जोइता बोराल ने कहा कि विदा वी 2 पहली बार झारखंड के पलामू में लॉन्च किया जा रहा है। यह स्कूटर गढ़वा, लातेहार व पलामू जिले के अन्य हीरो शोरूम में केवल मेदिनीनगर स्थित आनंद ऑटो बाईक्स शोरूम में ही उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विदा वी 2 स्कूटर की खासियत को देख ग्राहकों में बड़ा उत्साह है। लॉन्चिंग के दिन ही चार स्कूटर की सेलिंग के साथ डिलीवरी हो चुकी है। जबकि कई गाड़ियों की बुकिंग भी हुई है।

# गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला शुरू

## कलश यात्रा के साथ हुई नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सतबरवा के मैदान में गुरुवार को चार दिवसीय नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ कलश यात्रा से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालटनगंज के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कलश यात्रियों को कलश सौप तथा मशाल जलाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यज्ञ स्थल में गायत्री परिवार के ध्वज का झंडोतोलन भी किया। प्रथम मेयर ने कलश यात्रियों के साथ सतबरवा का भी भ्रमण किया। इस दौरान कलशयात्रा बाजे गाजे और भारत माता रथ के साथ रामघाट से कलश में जल भरकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर भक्त जनों के द्वारा कलश को स्थापित की गई। इस दौरान सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार एवं पुलिस बल के जवान विधि व्यवस्था के लिए मौजूद थे। जिप सदस्य सुधा कुमारी, भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, आशीष सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, संदीप कुमार, गायत्री परिवार के अध्यक्ष संजय कुमार, सुभाष प्रसाद, सुनील गांधी, श्याम बिहारी प्रसाद, वीरेंद्र साहू, संतोष प्रजापति, सत्यनारायण मेहताराम प्रसाद, श्याम प्रसाद, रंजीत प्रसाद, कमलेश प्रसाद, गायत्री परिवार महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी, रामशिला देवी, सुशील गुप्ता आदि थे।



कार्यक्रम में शामिल प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

#### सशक्तिकरण एवं संवर्धन से महिलाएं सशक्त बनेंगी : मेयर

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि गायत्री परिवार के 24 कुंडीय महिला सशक्तिकरण एवं शक्ति संवर्धन महायज्ञ से महिलाएं सशक्त हो रही है। कहा कि महिलाएं आज देश की रीढ़ है। माता गायत्री को जो भी भक्त जन सचे मन से सभी का कल्याण करती है। सुख संरक्षणकर्ता संस्थापक आचार्य वेद मूर्ति तपोनिष्ठ श्रीराम शर्मा जी एवं माता भगवती देवी शर्मा जी के आदर्श पर चलते हुए आज गायत्री परिवार पूरे विश्व में पताका फहरा रहा है। बेटियां इस देश की भविष्य है, आधी आबादी को पूरा देश सलाम करता है, गायत्री परिवार से जुड़े पुरुषों ने एक लंबी लकीर खींची है। पलामू प्रमंडल के सतबरवा में गायत्री परिवार के द्वारा इतना बड़ा भव्य आयोजन करना यह दर्शाता है कि लगन और मेहनत के बल पर पूरे विश्व में गायत्री परिवार का झंडा फहरना शुरू हो गया है।

अपर समाहर्ता ने एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर व चेरो जनजातीय महासंघ के साथ की बैठक

# एनएचएआई के निदेशक ने अतिरिक्त अंडरपास पाया बनाने का भरोसा दिलाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के मार्गदर्शन और उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद के पहल पर एसी कार्यालय में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर और राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में भरदुल सिंह, हदया सिंह, गुडु सिंह, उपाध्या सिंह उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने दुबियाखाड़ पलामू मेला परिसर में बन रहे एनएचएआई अंडरपास में अतिरिक्त छह पाया निर्माण कराने की मांग रखी।



बैठक करते अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, एनएचएआई के प्रोजेक्ट निदेशक व महासंघ के लोग।

**खास बातें :** दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला प्रत्येक वर्ष 11 एवं 12 फरवरी को लगता है इससे राजधानी रांची रोड जाम हो जाता है। जबकि अभी दोनों तरफ खुली जगह है लेकिन जब एनएचएआई रोड बन जाने के बाद मेला परिसर दो भागों में बंट जायेगा। इससे मेला की भव्यता भी खंडित हो जायेगी और आये दिन दुर्घटना की संभावना बढ़ जायेगी। दुबियाखाड़ में प्रत्येक साल सैकड़ों शादियां होती है एवं मेला परिसर में सालों भर खेलकूद तथा आदिवासी सहित अन्य कार्यक्रम होते रहते हैं। इसपर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने संगठन के लोगों को एनएचएआई की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए मेला स्थल पर अतिरिक्त अंडरपास कार्य पूर्ण कराने का भरोसा दिलाया। कहा कि मेले की भव्यता को देख जल्द इस पर कार्य प्रारंभ कराया जायेगा। इस निर्णय के बाद महासंघ ने पदाधिकारियों को बधाई दी है। कहा कि अतिरिक्त अंडरपास बन जाने से मेला स्थल तक लोगों को जाने में सहूलियत होगी।

# पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य के लिए चिंताजनक : प्रिन्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने की घटना की निष्पक्ष व विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है।

प्रिंस ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके


प्रिन्स कुमार सिंह

द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिए चिंताजनक है।

सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस तरह की कुसंगतियां जैक की क्षमता को उजागर करती है। अभाविप झारखंड मांग करती है कि भविष्य में समस्याओं को रोकने के लिए जैक अपनी कार्य प्रणाली को दुरुस्त करें।

इस तरह की विसंगतियां झारखंड के परीक्षार्थियों की उम्मीद के साथ विश्वासघात है। अभाविप इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

## हर पंचायत में लगभग 10 हजार सदस्य बनाने का लिया लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो /पिछरी।** झरखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति पार्टी प्रमुख दिशोम गुरू शिबू सोरेन व कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के निदेर्शानुसार पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया जा रहा है। इसी के तहत बोकारो जिला संयोजक मंडली आदेश पर पेटरवार प्रखंड संयोजक मंडली के द्वारा जिला व प्रखंड संयोजक सदस्य एवं जिला द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मुक्तेश्वर महतो के उपस्थित में सभी के कार्यकर्ताओ के सर्वसम्मती से पिछरी उतरी/दक्षिणी पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य बनवीर मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक सदस्य घुनू हांसदा ने कहा कि राज्य के हेमंत सरकार ने गरीबों के हित के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना चला रही है। आज पूरे प्रदेश में आम नागरिकों का जन समस्या का समाधान तुरंत हो रहा है। मौके पर प्रखंड परिवेक्षक मुक्तेश्वर महतो, प्रखंड संयोजक सदस्य ललन सोनी, बिक्की महतो, आसिफ अंसारी, ललन टुडू, जितेन्द्र मिश्रा, हाकिम टुडू, गोबिंद रजवार सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 351 कन्याओं के विदाई में रो पड़ा पूरा महफिल

## संस्था के सचिव ने डोली में बिठाकर की विदाई



डोली पर बिठाकर बहनों को विदाई करते संस्था के सचिव व अन्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के तत्वावधान में 19 फरवरी को शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में 351 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। इस दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर शाम जयमाल कार्यक्रम के बाद सुर संग्राम सहित भोजपुरी जगत से आए हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुती कर समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, सोसाइटी के सचिव की मां सुगापति देवी, बिहार के मौलाना उमर नूरानी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि संस्था का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह का कार्य विभिन्न समाजसेवी संस्थान के द्वारा भी करने की जरूरत है। अगर ऐसा कार्यक्रम विभिन्न संस्थान के द्वारा किया जाएगा तो आने वाला समय में दहेज मुक्त विवाह सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज दहेज के लिए बेटी मारी जा रही है। गर्भ में भ्रूण हत्या कराया जा रहा है। ऐसे लोग इससे परहेज करें नहीं तो आने वाले समय में बेटी को खोजने के लिए विवाह करने के लिए अपने देश से दूसरे देश में भी जाना पड़ सकता है। बिहार से चलकर आए उमर नूरानी ने कहा कि लोग कसम खा ले की बेटी की विवाह करने और बहू लाने के लिए मैं 1 रुपए का दहेज नहीं दूंगा ना लुंगा। तो संकल्प लीजिए कि आने वाले समय में दहेज लेना पाप है और यह सबसे बड़ा अभिशाप है।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विकास कुमार माली का एक साथ 351 सीता जैसी बहनों की शादी कराना यज्ञ से भी बढ़कर सफल कार्य है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के द्वारा जो यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह गढ़वा के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि आज के इस युग में बेटी को लोग बोझ समझ रहे हैं। ऐसा कभी नहीं समझे। इस तरह की बोझ समझने वाले माता-पिता से अनुरोध है कि आप डायरेक्ट कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्थान के कार्यालय में जाकर उनसे संपर्क करें। आपकी बेटी का पूरा पढ़ाई से लेकर विवाह तक का खर्च कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी उठायेगा। किन्नर समाज की राधा गुरु ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही गौरव की बात है। मंच संबोधन के बाद विवाह संपन्न करा कर 351 कन्याओं की एक साथ विदाई के दौरान पूरा महफिल रो पड़ा था। यहां तक की संस्था के सचिव और बाहर से चलकर आए हुए कलाकारों ने भी बहनों की विदाई को देखकर रो पड़े। इसके बाद संस्था के सचिव और कार्यकर्ताओं ने डोली में बिठाकर बहनों को विदाई किया।

## केतार में हुई 10 असहाय कन्याओं की शादी


नवविवाहित जोड़े

**केतार।** मां चतुर्भजी मंदिर केतार के सरयु दास रामलीला मैदान में 10 असहाय बहनों की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई। यह शादी काशी वाशी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। शादी समारोह में करीब 10 हजार लोगों ने पहुंच कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मुखिया एवं उनके धर्मपत्नी प्रमिला देवी, प्रमोद शुक्ला पत्नी शारदा देवी सहित अन्य लोगों ने माता-पिता बन कर कन्यादान किया। नव दंपति को विवाह समिति द्वारा उपहार में पलंग, अलमीरा, कंबल, बर्तन सेट, ट्रॉली बैग, कपड़ा सेट, आयरन, पायल, मांगटिका, नथिया, बिछिया तथा कंगन दिया गया। मौके पर यज्ञ तथा शादी समारोह के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, प्रमोद शुक्ला, हेमंत कुमार पाठक, कन्हाई प्रसाद, कुंडल सिंह, रामविचार साहू, विनोद भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि हमलोगों ने एक छोटा सा प्रयास समाज के लिए किया है, जो सफलता पूर्वक कार्य संपन्न हुआ।

इस कार्य को सम्पन्न करने में जो अनुभूति प्राप्त हुआ है उससे हमारे जीवन को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुआ है। मौके पर बिक्रमा सिंह, प्रमोद सिंह, राजकुमार पाठक, ताहिर अंसारी, धर्मराज पासवान, त्रिपुरारी सिंह, कुंडल सिंह, बिंदु राम, रमेश दुबे, लल्लू पाल, योगेंद्र राम, संजय पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

## एक यूनिट रक्तदान


रक्तदान करते रोहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में बुधवार की रात्रि एक यूनिट रक्तदान कराया गया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने बताया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों द्वारा सूचना मिली थी कि सदर अस्पताल में इलाजरत सोनपुरवा निवासी महिला को एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। तभी रोहित कसेरा जिनका रक्त समूह एबी पॉजिटिव है उन्हे रक्तदान को राजी कर रक्तदान करवाया। रोहित ने कहा कि वो तीन महीना पर किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने को तैयार रहते हैं। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, अक्षय गुप्ता, अरविन्द केशरी, बाला केशरी, विकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार


गिरफ्तार वारंटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार समकालीन अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के अलग-अलग कांडों के 6 वारंटी को धुरकी पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के किसी भी मामले के अभियुक्त को हर हाल में गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुकेश यादव, विमलेश कुमार, दिननाथ साव, उदय तुरिया, लक्ष्मण तुरिया, जितेंद्र कुमार आदि का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि एक साथ आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजना धुरकी पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में एक महीने के भीतर थाना प्रभारी के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने करीब 2 दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# मानस पाठ की सुमधुर संगीतमय शैली को देखने के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में 25 वां मानस महायज्ञ व मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह प्रगति पर है। प्रतिदिन ब्रह्म बेला से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालुओं की सर्वाधिक उपस्थिति परिक्रमा, प्रवचन, प्रसाद वितरण एवं मेला परिसर में देखी जा रही है। वैसे सतबहिनी झरना तीर्थ में अवस्थित सतबहिनी भगवती सहित विभिन्न नौ मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शन पूजन करने वालों का तांता लगा रहता है। इधर यज्ञ मंडप के निकट सजी धजी कुटिया में श्रीधाम वृंदावन से पधारे मानस आचार्य विनोद गौरव शास्त्री के नेतृत्व में वेद पाठी ब्राह्मणों की टोली के द्वारा संगीतमय शैली में श्री रामचरितमानस का पारायण पाठ किया जा रहा है। इसे देखने के लिए भी भारी भीड़ हो रही है। इस दौरान महर्षि श्याम दास बाबा की 7 मंजिली रहस्यमई साधना सह समाधि गुफा की ऐतिहासिकता एवं पौराणिकता को देखने के लिए भी लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इस दौरान लोग गुफा के अंदर घुसकर यह समझने का प्रयास करते हैं कि इस गुफा पर्वत के नीचे कोई न कोई मंदिर या महल क्या छुपा हुआ है। सातवें दिन के प्रवचन सत्र में अयोध्या से पधारे बाल व्यास आचार्य अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री रामचरितमानस की कथाओं को सामाजिक संदर्भ देते हुए कहा कि जैसा हो संग वैसा चढ़े रंग, जैसा खाए अन्न वैसा बने मन व जैसा पिए पानी वैसी बोले वाणी।

आचार्य जी ने मंथरा एवं बाली के प्रसंग में उक्त दृष्टांत प्रस्तुत किया। कहां की मणि के बिना फणि रह सकता है, जल के बिना मछली रह सकती है। लेकिन राम के बिना दशरथ के प्राण नहीं रह सकते। राजा ने कहा कि कैकेयी तूने दशरथ के खजाने को लूट लिया। जो अपराधी होता है उसे देश निकाला दिया जाता है। जबकि तपस्वी स्वयं राज छोड़कर बाहर निकल जाता है। राम ने कहा कि भरत को अयोध्या का राज मिला है और मुझे पिता की महती कृपा से कानन का साम्राज्य मिला है।


मानस का पारायण पाठ कर रही वृंदावन की टोली

आचार्य जी ने कहा कि दुनिया में कोई अपना नहीं है। अपना धन दान एवं सत्संग है। चित्रकूट से पधारीं राजकुमारी देवी माधुरी ने कहा कि इस पृथ्वी पर जो भी जन्म लेता है वह हिंदू है, वह सनातनी है। कुछ लोग हिंदू संत का विरोध करते हैं। उनकी मनसा बांटने की होती है। लेकिन हमें हर हाल में एक रहना चाहिए। एक रहें ताकि विरोध करने का सवाल ही नहीं उठे। इस दुनिया में अगर आपको सब कुछ मिल जाता है। लेकिन राम नहीं मिलते तो सब कुछ मिट्टी के समान है।

इधर बक्सर से पधारे आचार्य रोहित तिवारी एवं गुप्त काशी से पधारे आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने भी संगीतमय श्री राम कथा कही। गुरुवार के बाद अब मात्र दो दिनों का प्रवचन सत्र शेष है। शनिवार को श्री राम कथा का विश्राम हो जाएगा। इस महायज्ञ का नेतृत्व कर रहे विद्या कुंड श्री राम धाम अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेम शंकर दास जी महाराज, मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह व सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने सभी श्रद्धालु सज्जनों से शुक्रवार एवं शनिवार के प्रवचन सत्र में अवश्य भाग लेने की अपील की है। कहा कि जो लोग अभी तक इस 25 वें मानस महायज्ञ में भाग नहीं ले सके हैं उन्हें मोबाइल के माध्यम से सूचना देकर बताएं की सतबहिनी में आयोजित विराट महायज्ञ का मात्र दो दिन का कार्यक्रम शेष है। इसलिए वह अवश्य कार्यक्रम में भाग लेने का प्रयास करें।

अन्यथा पुनः एर साल के बाद ही यह सुखद संयोग मिल पाएगा। इसके साथ ही रविवार को इस महायज्ञ की महापुणार्हुति, महा भंडारा, साधु संत एवं विद्वानों की विदाई तथा पवित्र कलशो के वितरण में सभी श्रद्धालुओं से भाग लेने की अपील की गई है। मंच संचालन दिलीप कुमार पांडेय ने किया। जबकि कई श्रद्धालुओं ने ज्ञान यज्ञ के प्रारंभ में व्यास पीठ की पूजा अर्चना की।


रजिस्ट्री सं० डी एल०—33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-14022025-261050
CG-DL-E-14022025-261050
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 795] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 13, 2025/माघ 24, 1946
No. 795] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 13, 2025/MAGHA 24, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 13 फरवरी, 2025

का. आ. 799(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप—धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के गढ़वा जिले मे NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (दलाओ गढ़वा) तक के भू—खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2—लेन/4—लेन का बनाना आदि), के गाँवों में अर्थात मेराल अंचल अन्तर्गत मेराल, जिला—गढ़वा, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप— धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् काला कम डी एल ए ओ, गढ़वा को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप—धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (दलाओं गढ़वा) के गाँवों में अर्थात मेराल अंचल अंतर्गत मेराल, जिला—गढ़वा, राज्य—झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

जिला: गढ़वा
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 13 फरवरी, 2025
[फा.स. NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)/3A]
अभय जैन, निदेशक
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification_id=71591&file_id=47794
https://egazette.gov.in/(S(1v3cyis0fsal3xptvppc5102))/ViewPDF.aspx



रजिस्ट्री सं० डी एल०—33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-08022025-260845
CG-DL-E-08022025-260845
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 651] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 7, 2025/माघ 18, 1946
No. 651] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 7, 2025/MAGHA 18, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 7 फरवरी, 2025

का.आ. 655(अ)—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की **अधिसूचना संख्या का.आ 4432 तारीख 10.10.2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले में गांव – उजैना, बरही(सिटी) तालुक—बरही के NH-31 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 27.50 (बरही से कोडरमा सेक्शन) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ाकरने/चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख दिनांक "19.10.2024" को "खबर मंत्रा" और "टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3—ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले में गांव—उजैना, बरही(सिटी), तालुक—बरही के NH-31 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 27.50 (बरही से कोडरमा सेक्शन) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

जिला: हजारीबाग
https://egazette-gov-in
प्रकाशन तिथि: 07.02.2025
https://egazette-gov-in
https://bhoomirashi-gov-in
[फा.स. NHAI/PD/PIU/HZB/LA/BARHI-KODERMA/3D]
अभय जैन, निदेशक
नोटः— इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

खबर मन्त्र
रांची.शुक्रवार . 21 फरवरी 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# फर्क का असर

विश्व का सबसे सम्मानित कहा जाने वाला नोबेल पुरस्कार अर्थशास्त्र के क्षेत्र में तीन शोधकताओं डारोन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया । इन विद्वानों ने इस बात का पता किया है कि आखिर वे कौन से तथ्य हैं जिनके चलते विभिन्न देशों के बीच अमीरी-गरीबी का फर्क पैदा होता है। उन्होंने इसे दूर करने के कुछ उपाय बताये हैं जिन पर अमल कर वैश्विक गैरबराबरी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। इस रिसर्च को तो उन राष्ट्राध्यक्षों को ध्यान से पढ़ने, समझने और उसे क्रियान्वित करने की जरूरत है जो अपने देश के नागरिकों को खुशहाल बनाना चाहते हैं। यहां सवाल विश्व के सम्पन्न देशों की सूची में आना मात्र नहीं है वरन अपने नागरिकों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा करना और उन्हें एक गरिमामय जीवन प्रदान करना भी है। कुछ देश क्यों अमीर हो गये और अनेक किसलिये गरीब हैं। अपने शोध से उन्होंने यह भी बतलाया कि कैसे लोकतंत्र एवं समावेशी सामाजिक संस्थानों के जरिये राष्ट्र का विकास सम्भव है। खराब कानून व्यवस्था तथा नागरिकों का शोषण करने वाली संस्थाएं या देश सकारात्मक बदलाव नहीं ला सकते। उनकी शोध बतलाती है कि कैसे दुनिया के सर्वाधिक सम्पन्न 20 प्रतिशत देश अब विश्व के सबसे गरीब 20 फीसदी देशों से 30 गुना अमीर हैं। कई विपन्न देश समृद्ध तो हुए हैं लेकिन वे अमीर देशों की तुलना में अब भी कई गुना कम सम्पन्न हो सके हैं। बात अंततः स्वच्छ लोकतांत्रिक प्रणाली एवं ईमानदार संवैधानिक संस्थाओं की आवश्यकता पर जाकर ठहरेगी। भारत समेत अनेक देशों के ही उदाहरण देखें तो शासकों की प्रवृत्ति शक्तियों के केन्द्रीकरण में है। आर्थिक अव्यवस्था हो जायेगी तब सामाजिक एवं राजनीतिक अराजकता फैलने में भी देर नहीं लगेगी।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# दिल्ली की सत्ता और भाजपा की एक मात्र महिला सीएम रेखा गुप्ता

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे के 12वें दिन रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा हुई। मुख्यमंत्री के नाम पर चौंकाने वाली भाजपा की शैली विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रही। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिसका नाम सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर न आया हो। कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर लगाए जा रहे थे लेकिन अंत में वे पिछड़ गए। क्यों पिछड़े, इसका जवाब किसी के पास नहीं। 08 फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम निकला, सभी एकबार फिर चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की थी।


मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया। पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम की जब घोषणा हुई, कई के चेहरे की रंगत बदल गई।

भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर न बिठाने की। दिल्ली में भी कई प्रचलित व दिग्गज नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे लेकिन उनके दावे धरे रह गए। अब मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता के समक्ष सियासी कौशल साबित करने की चुनौती है। चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मतदाताओं से किए गए पार्टी के वायदों को जमीन पर उतारना सबसे बड़ी चुनौती है जिनमें फ्री की योजनाएं, बिजली-पेयजल की समस्या से निबटना, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसले शामिल हैं। इसके साथ परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। पार्टी का गठन होते ही सत्ता में पहुंच जाने वाली पार्टी को अबतक विपक्ष का कोई अनुभव नहीं है और अब उसे यह साबित करना होगा कि विपक्ष की भूमिका में वे कितने सक्षम हैं।

भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की चौंकाने वाली शैली इस समय चचाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से लगातार जारी है। पिछले ही साल मध्य



प्रदेश और राजस्थान में इसी शैली ने सबको चौकाया था। मप्र में डॉ. मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात जो कॉमन थी वह यह कि तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-



-डॉ रमेश ठाकुर

> पलड़ा भारी पड़ा।रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन चुकी है। रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम पद की शपथ दिलाई है। सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का फैसला लिया जाएगा और 8 मार्च तक पहली किस्त भी आ जाएगी।

संस्कृति में पले-बढ़े हैं। तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़ी रही हैं।

हरियाणा के जींद जिला स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने मास्टर स्ट्रोक खेला। इस समय देश की ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन इनमें किसी में महिला मुख्यमंत्री नहीं है। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का चयन किया है। वह वैश्य समाज से संबंधित हैं और दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे, उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता के नाम पर भी विचार हुआ, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा भारी पड़ा।रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन चुकी है। आज रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम पद की शपथ दिलाई है। सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का फैसला लिया जाएगा और 8 मार्च तक पहली किस्त भी आ जाएगी।

पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि सभी महिलायें अपने नंबर को बैंक एकांउट से लिंक कर लें ताकि 8 टंर्रू को उनके फोन में 2,500 आने का मेसेज आ जाये। आज दिल्ली सरकार की कैबिनेट मीटिंग है तो दिल्ली की महिलाओं की तरफ से मैं कहना चाहती हूँ कि इस मीटिंग में 2,500/ महीना देने की स्कीम को पास किया जाए। उन्होंने कहा कि आज शाम 7 बजे नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक है। दिल्ली की हर महिला इंतजार कर रही है कि भाजपा अपना वादा निभाए। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता जी से उम्मीद है कि वह दिल्ली की महिलाओं से किया गया वादा जरूर पूरा करेंगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यहां सचिवालय में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया और कहा कि उनकी पार्टी की ओर से चुनाव में किए गए हर वादे को सरकार पूरा करेगी। पहली बार शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुईं रेखा को उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में पद की शपथ दिलाई। दिल्ली सरकार के नए मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी शपथ ली।

भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उसका मुकाबला करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा। पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान वायदों की बौछार कर दी थी जिन्हें पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे, क्योंकि भाजपा को इसके जरिये देश के अन्य राज्यों को भी संदेश देना है। इसके बाद भाजपा को बिहार कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें नई सरकार को बेतहाशा वृद्धि करनी पड़ेगी, तभी सरकार सभी वायदों का खर्च उठा पाएगी। महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं की आर्थिक मदद इत्यादि।

रेखा गुप्ता की राजनीति अभी तक नगर निगम तक सीमित रही है। बड़े ओहदे का उन्हें अनुभव नहीं है। निगम में उनके द्वारा माइक तोड़ने की घटना, केजरीवाल को अनाप-शनाप कहने वाले बयान सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं। बहरहाल, दिल्ली की राजनीति में चुनौतियों का दौर सत्ता पक्ष और विपक्षी दोनों के लिए शुरू होगा। हारने के बाद आम आदमी पार्टी और विजय प्राप्ति के बाद भाजपा, दोनों दिल्ली में अपने-अपने राजनीतिक वजूद बचाने और बढ़ाने में जुटेंगी। कांग्रेस के समक्ष भी चुनौतियां हैं, वह भी इससे उबरने की कोशिश करेगी। देखते हैं कि कौन-कौन परीक्षा में सफल होगा या विफल।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**– राजेश चौहान, कोडरमा**

## ट्वीट

मुझ पर विश्वास कर मुख्यमंत्री पद का दायित्व सौंपने के लिए मैं सभी शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। मैं संकल्प लेती हूं कि दिल्ली के हर नागरिक के कल्याण, सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण से कार्य करूंगी। मैं पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

**–रेखा गुप्ता, विधायक दिल्ली**

**सेवा** और सुसंस्कार भारतीय संस्कृति की अत्यन्त सुदीर्घ अभिव्यक्तियाँ हैं। सेवा, औदर्यता एवं परोपकार की प्रवृत्तियाँ मनुष्य में दैवत्व का आरोहण करती हैं। प्रकृति कितनी उदारता पूर्वक हमें अन्न, जल, प्राणवायु एवं औषधियाँ प्रदान कर हमें पोषित कर रही है। **–अवधेशानंद गिरी**

# नगर निगम में भ्रष्टाचार और मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**संतोष पाठक**

**विशेष**

**इस** देश के किसी भी शहर के किसी भी नगर निगम या विकास प्राधिकरण के कार्यालय चले जाइए, बाहर घूमते दलालों की फौज यह बताते हुए नजर आती है कि वहां किस पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के तमाम दावों के बावजूद आम लोगों का रिश्वत दिए बिना कोई काम हो पाना, आज भी उतना ही मुश्किल है जितना कई वर्षों या दशकों पहले हुआ करता था।

हालत यह है कि कोई भी व्यक्ति अपना निजी रिहायशी मकान बनवाने के लिए जैसे ही घर के सामने रेत,रोड़ी,बदरपुर और ईंट मंगवाते हैं वैसे ही पुलिस और नगर निगम अथवा विकास प्राधिकरण का कोई न कोई बंदा रिश्वत की मांग को लेकर पहुंच जाता है। लेकिन इन्ही के इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होते रहते हैं, बिल्डरों की मनमानी चलती रहती है और ये चुप्पी साध कर बैठे रहते हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जैसे जिलों में तो हालात कहीं ज्यादा भयावह और बेकाबू हो चुके हैं। शहरीकरण की अंधी दौड़ में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी के कारण आम लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

देश की राजधानी दिल्ली की हालत भी इस मामले में बेहतर नहीं है। दिल्ली नगर निगम के कामकाज के बारे में तो सब जानते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम पर जिस तरह की तल्ख टिप्पणी कर दी है, उससे एक बार फिर से एमसीडी की कड़वी सच्चाई बाहर आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक में अवैध निर्माण को लेकर दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि क्या दिल्ली नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ? सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने सोमवार को एक मामले में दिल्ली नगर निगम ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद अवैध निर्माण को हटा दिया गया था और इसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के रवैये पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, कोई पीआईएल दायर करता है, तब जाकर आप जागते हैं और दिखावे की कार्रवाई करने लगते हैं। हाई कोर्ट भी आपकी बातों को मानकर मामले को बंद कर देता है। क्या नगर निगम बिल्डरों के हाथ में चल रहा है ?

सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई से जांच करवाने की बात कहते हुए दिल्ली नगर निगम को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है,जिसमें यह पूछा गया कि मामले की गहन जांच क्यों न कराई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल मौके का मुआयना ही काफी नहीं है, बल्कि दिल्ली नगर निगम की कार्यप्रणाली की भी जांच होनी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि अवैध निर्माण की अनुमति किन कारणों से दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं को आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर जैसे स्वतंत्र विशेषज्ञों के नाम सुझाने को भी कहा है, जो साइट का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दे सके। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच को लेकर अपना फैसला दे सकती है। क्योंकि दिल्ली नगर निगम के बयान पर दिल्ली हाई कोर्ट इससे पहले बाग दीवार, फतेहपुरी, चांदनी चौक में अवैध निर्माण को हटाने संबंधी याचिका का निपटारा कर चुका है। यानी अवैध निर्माण को लेकर पीआईएल दायर होने के बाद ही दिल्ली नगर निगम जागती है, थोड़ी-बहुत कार्रवाई का दिखावा कर रिपोर्ट जमा कर देती है और हाई कोर्ट उस याचिका का निपटारा कर देता है।

ऐसे में एक बार फिर से यही सवाल उठ कर सामने आ रहा है कि क्या अवैध निर्माण को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जानी चाहिए। जिन अधिकारियों के कार्यकाल में इस तरह के अवैध निर्माण होते हैं,क्या उनके लिए भी सजा का कोई प्रावधान नहीं होना चाहिए। दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तो प्लाटिंग करके जमीनों को लोगों को बेच दिया। कई जगह पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए बेचा गया और कई जगह बकायदा रजिस्ट्री भी करवाई गई लेकिन वर्षों बाद उसे सरकारी जमीन बता दिया जाता है। तो ऐसे में क्या उस दौरान इन जिलों में तैनात रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए ? जरूर होनी चाहिए, बल्कि अगर ऐसे अधिकारी रिटायर भी हो गए हों तो भी उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। तभी भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण के इस जिन्न को बोतल में बंद करने में कामयाबी मिल पाएगी। अगर ऐसा नहीं होता है तो तय मान कर चलिए कि भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण और बिल्डरों की मनमानी के खिलाफ सब लफ्फाजी ही कर रहे हैं।

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध झूठे विमर्श !

**- प्रहलाद सबनानी**

**धर्म**

**भारत** में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश की मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बबार्दी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए ह्लमाई बॉडी माई च्वाइसह्व; ह्लहमको भारत में रहने में डर लगता हैह्व; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्स लम्बे-लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान ह्लहिंडनबर्गह्व अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुकसान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे ह्लजुगाड़ह्व कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो ह्लरिवर्स इंजीनियरिंगह्व। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है। भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणति के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक 'दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता-पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी।विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं।

## स्पीड न्यूज

### सतीश सिन्हा ने सीसीएल गांधीनगर हॉस्पिटल का किया निरीक्षण]



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरुवार को सीसीएल गांधीनगर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सतीश सिन्हा ने साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाओं सहित अन्य चीजों का जायजा लिया। इस दौरान श्री सिन्हा ने एमआरआई मशीन की व्यवस्था, अटेंडेंट की ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, मरीज के खाने की मात्रा बढ़ाने, मरीज को उचित दवा की व्यवस्था करने की आदि की मांग हॉस्पिटल प्रबंधन से की। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। जिसपर हॉस्पिटल प्रबंधन ने आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के मौके पर सतीश सिन्हा, नान्हू सिंह, रमेश प्रसाद, संतोष ठाकुर, हरेंद्र सिंह, रवि प्रधान, संतोष कुमार, हर्षवर्धन, विनोद कुमार, डी पोद्दार, शिवजी साव सहित हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से सीएमओ डॉ रत्नेश जैन, पर्सनल मैनेजर तेजवेंदर सिंह आदि उपस्थित थें।

### वैश्य मोर्चा का मिलन समारोह 23 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंचवटी मैरेज हॉल में 23 फरवरी को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह होगा। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष परिवार के साथ शामिल होंगे। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज और संगठन के मुद्दे पर चर्चा के पश्चात कई प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

### भुरकुंडा में कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में गुरुवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा 35 लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया गया। इस दौरान छात्राओं को पीटी, बेसिक फाइट और जूडो का ट्रेनिंग दिया गया। मौके पर प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे का गुर जरूर सीखना चाहिए। कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरनाथ कुशवाहा ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। प्राचार्य श्री कुशाहा ने बताया कि हमारे विद्यालय में कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर द्वारा सप्ताह में दो दिन लड़कियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में आभा, आस्था, वैष्णवी, बिंदिया, सुमन, दिव्या, दिलरुबा, शिखा, सुनैना, सिमरन, माही, आराध्या, नंदिनी, अशिका, तनु, हनी आदि ने कराटे का प्रशिक्षण लिया।

### मोहरटांड के मकान में लगी आग



कुजू। रतवे अंतर्गत मोहरटांड के एक खपरैल मकान में गुरुवार को शॉट सर्किट होने के कारण आग लग गया। बताया जाता है कि मकान मालिक मो आलम अपने घर के बाहर बैठे थे। जबकि पत्नी बकरी चराने गई थी। इसी दौरान मकान के अंदर वाले कमरे में शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। लेकिन मकान मालिक को इसकी सूचना तब हुई जब धुंआ बाहर निकलने लगा। हो हल्ला होने के ग्रामीणों द्वारा मशीन व देकची, बाल्टी से पानी डालकर आग को बुझाया गया। लेकिन तब तक कमरे के अंदर रखे टीवी, कपड़ा,खटिया, चावल, आलू के अलावे जरूरी कागजात जल गए थे।

### डॉ. गजाधर महतो आज होंगे सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर 21 फरवरी को रांची के प्रेस क्लब में अखिल झारखंडी साहित्य अकादमी की तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी शिक्षक डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर को खोरठा भाषा का साहित्य सम्मान दिया जायगा। खोरठा भाषा पर सबसे पहला पीएच.डी. धारक एवं खोरठा के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर का जन्म 11 फरवरी 1952 को ग्राम साहेदा पोस्ट हलमाद थाना सिल्ली जिला रांची के एक साधारण किसान परिवार में हुआ है। इनके पिता का नाम स्व. जगन्नाथ महतो तथा माता का नाम स्व. लाखों देवी है। इनकी शैक्षणिक योग्यता एमए बी.एड पीएच.डी है। इन्होंने पढ़ाई हिंदी विषय से स्नातक प्रतिष्ठा, स्नातकोत्तर हिंदी से और पीएच. डी भी हिंदी विषय से ही किया है। इनके शोध का विषय था खोरठा लोककथा विषय और विश्लेषण जिसे 1990 में शोध प्रस्तुत करके पीएच डी की उपाधि ग्रहण की है। 1978 ई. से विद्यालय महात्मा गांधी उच्च विद्यालय भुरकुंडा के शिक्षक रहे हैं और अवकाश ग्रहण के बाद अप्रैल 2012 से 2017 तक बिरसा मुंडा इंटर कॉलेज रामगढ़ कैंट में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे हैं। इन्होंने कुरमाली में न लिख कर खोरठा में रुचि अधिक दिखाई है तथा खोरठा भाषा के उन्नयन एवं संवर्द्धन में अपने जीवन को समर्पित कर दिया है।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारीअस्पताल की अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान, कहा

# दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग । सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर समस्याओं को समझा और अस्पताल की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। विधायक ने प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं मिलना उनकी प्राथमिकता है और इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को साफ चेतावनी दी कि स्वच्छता, डॉक्टरों की उपलब्धता, और दवाओं की आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए।

बुधवार रात अस्पताल परिसर में हुई अप्रिय घटना, जिससे डॉक्टरों में भय का माहौल पैदा हुआ, पर विधायक ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने इसे अस्वीकार्य बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिला प्रशासन से इस मामले की गहन जांच कर सख्त कदम उठाने की अपील की ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इसके विधायक ने संजीवनी सेवा कुटीर में भी मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान निकालते हुए अस्पताल में सुविधाओं को सुधारने का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। विधायक ने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर सीधे उनसे संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान बिना देरी के किया जाएगा। विधायक ने जनता की भलाई के लिए अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रांची से प्रयागराज जा रही बस में लगी आग

## कुजू में हादसा, यात्रियों ने बस से कूदकर बचाई जान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के लोहागेट डायवर्सन फोरलेन सड़क पर बुधवार रात करीब 12 बजे रांची से प्रयागराज जा रही पृथ्वी बस में अचानक आग गया। इस दौरान बस में सवार सभी यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गया। साथ ही आनन-फानन में सभी बस से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। बस में आग लगने की सूचना कुजू पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुँच कर अग्निशमन वाहन को बुलाकार करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत नके बाद आग को बुझाया गया। पृथ्वी बस संख्या जेएच01एफआर-2771 रांची से प्रयागराज जा रहे थे। इसी बीच लोहागेट डायवर्सन के पास अचानक बस से आग की लपटें निकलने लगा। इसके बाद चालक ने बस सड़क किनारे खड़ा कर दिया। साथ ही सभी यात्री बस से कूदकर अपनी जान बचाया। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। बस पूरी तरह से राख हो गया।

### कुजू : प्रदेश उपाध्यक्ष से मिले राजद कार्यकर्ता



कुजू। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने युवा राजद प्रदेश सचिव ललन यादव के नेतृत्व में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव के निवास छोटकाकाना जाकर मुलाकात की। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मंत्री से मिलकर समाधान करने का आग्रह किया। वहीं युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार द्वारा सुधीर कुमार को रामगढ़ युवा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देते हुए रमेश प्रसाद यादव व रंजन यादव का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया। मुलाकात करने वालों में युवा प्रदेश सचिव ललन यादव, युवा जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, रविंद्र कुमार, रण विजय, संदीप, चिंटू, परमेश्वर गोप, शंकर, पप्पू यादव, अजय, आनंद, गन्ना यादव, भानु यादव, रवि, गौतम, उत्तम आदि शामिल थे।

### वैश्य समाज ने रेखा गुप्ता को दी बधाई

**रामगढ़।** साहू धर्मशाला में गुरुवार को झारखंड वैश्य समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता ने व संचालन शिव शंकर साहू ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ने रेखा गुप्ता के गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें समाज की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि रेखा गुप्ता का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनना समाज के लिए गर्व की बात है।

रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर राजेश प्रसाद, शिव शंकर साहू, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, रविंद्र साहू, अनिल कुमार, अजीत जायसवाल, राधेश्याम साहू, महेंद्र प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद, डोमन साहू, अशोक साहू, संतोष मोदी, महेंद्र मोदी, सुनील मोदी, नवल किशोर साहू, रामबालक साहू, देवेन्द्र प्रसाद आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा

**मृतकों के परिजनों ने डॉक्टरों पर अभद्र व्यवहार का लगाया आरोप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। बुधवार रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना के दो घायलों को मृत घोषित किए जाने के बाद परिजनों और अस्पताल कर्मियों के बीच तीखी झड़प हो गई। मृतकों के परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया, जिससे तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हो गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ, जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। रंजन चौधरी ने मध्यस्थता कर दोनों पक्षों से वार्ता कर तनाव खत्म करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाने और ओपीडी सेवाओं को तत्काल शुरू कराने के लिए चिकित्सकों से आग्रह किया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मृतकों में तिलरा, निश्चितपुर निवासी राहुल कुमार यादव (25) और बंदरबेला, पदमा निवासी कामेश्वर यादव (24) शामिल हैं। दोनों अविवाहित थे और इचाक व पदमा के बीच इटखोरी मोड़ पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जायसवाल ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके परिजनों को इस कठिन समय में साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर सकारात्मक चर्चा की। मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने चिकित्सकों और कर्मियों से मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशीलता और अनुशासनपूर्वक व्यवहार करने की अपील की।

### अवैध खनन पर हर हाल में लगायें लगाम : डीसी

हजारीबाग। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और बालू लदे वाहनों की निगरानी को लेकर सख्त निर्देश दिए। जनवरी माह में केवल पांच अवैध वाहनों पर कार्रवाई होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड और पुलिस स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित कर अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त और प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही। उपायुक्त ने विशेष शाखा से प्राप्त सूचनाओं पर तत्परता से कदम उठाने और एक्शन रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया। डीएफओ पूर्वी ने बताया कि 47 खनन कार्य पूर्ण खदानों को बंद किया गया था, लेकिन अवैध गतिविधियों की पुनरावृत्ति की सूचना मिली है। इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी से खनिज लदे वाहनों के ओवरलोडिंग पर की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने नशे के खिलाफ और अवैध अफीम की खेती को नियमित रूप से नष्ट करने की प्रक्रिया को तेज रखने का निर्देश दिया। बैठक में डीएमओ अजित कुमार, एसडीओ लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति, सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# टाटा फाउंडेशन चला रही है कई योजनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** टाटा स्टील की ओर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर मच्छखंदवा बस्ती में कम्युनिटी मीटिंग हुई। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से आये पिंकी कुमारी ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इधर मुख्य रूप से शामिल कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने बैठक कि टाटा फाउंडेशन की ओर से आम लोगों के बीच मूलभूत सुविधा मुहैया कराया जाता रहा है। जिससे बच्चों को शिक्षित करना, मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करना, लड़कियों को सही समय पर गर्भधारण करने के लिए, जागृत करना, बेहतर खान पान से संबंधित

**कुजू के मच्छखंदवा बस्ती में ग्रामीणों को दी गयी विकास योजनाओं की जानकारी**

जानकारी देना, कुपोषण संबंधित बीमारी के विषय मे बताना, सही पोषण का ध्यान रखना, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए, जागृत करना, टाटा कैंसर अस्पताल में मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करना, कोरोना काल में टाटा के द्वारा मरीजों के लिए हर तरह सुविधाएं प्रदान करना, टाटा समूह अपनी कमाई का मोटा हिस्सा ट्रस्ट में लगाता है। जिससे अगल बगल के क्षेत्रों में विकास के बहुत सारे कार्य किए जाते है। इसके लिए उन्होंने टाटा फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी तरह के कार्य के लिए आग्रह किया। मौके पर रेखा देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, सीमा देवी, संजू देवी, मालती देवी, सहोदरी देवी, हेमंती देवी, पानो देवी, मंजू देवी, सागुनवा देवी, कांति देवी,खुशी कुमारी, कुंती देवी, पार्वती देवी,नैना कुमारी, राधिका कुमारी, रेखा कुमारी, रानी कुमारी आदि शामिल थे।




## एक नजर में

### अमरावती में सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए मां विंध्यवासिनी कॉलेज के खिलाड़ी रवाना



**पदमा।** महाराष्ट्र के अमरावती में 22 से 24 फरवरी 2025 तक होने वाले 46वें सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की टीम का हिस्सा बनने वाले 'मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन' के प्रशिक्षु संजना कुमारी और श्वेता कुमारी ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों को 20 फरवरी को महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाओं के साथ अमरावती के लिए विदा किया। चैंपियनशिप में झारखंड से 18 पुरुष और 18 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें संजना और श्वेता ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्थान सुनिश्चित किया। दोनों प्रतिभागियों ने प्रो. अविनाश कुमार के निर्देशन में यह मुकाम हासिल किया है। महाविद्यालय के खिलाड़ी इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुके हैं। नवंबर 2024 में हुए 14वें ईस्ट जॉन्स सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में महाविद्यालय के सात प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। संस्थान के इस गौरवशाली उपलब्धि के पीछे संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता और निदेशक रवि प्रकाश का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन रहा है। महाविद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई है कि संजना और श्वेता इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर झारखंड और कॉलेज का नाम ऊंचा करेंगी।

### मृत दादा के नाम पर उठा रहे राशन

चौपारण। करमा पंचायत के उपमुखिया बिनोद कुमार पर सरकारी लाभ का दुरुपयोग करने और जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के राशन कार्ड का गलत इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगा है। उन पर मृत दादा के नाम से बीते पांच सालों से अनाज उठाने का भी आरोप है। इस संबंध में दर्जीचक निवासी गौतम कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उपमुखिया और उनके संयुक्त परिवार ने राशन कार्ड संख्या 202007238296 के माध्यम से पीएच योजना के तहत हर महीने अनाज लिया है। जबकि उनके दादा, जो सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, का निधन पांच साल पहले हो चुका है। इसके अलावा, उपमुखिया के पिता बीसीसीएल में कार्यरत हैं, और परिवार के पास दो पोकलेन मशीन, ट्रैक्टर, और दो मंजिला मकान जैसे संपत्तियां हैं। बावजूद इसके, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी एमओ भूपनाथ महतो ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है, और इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**उपमुखिया ने आरोपों को किया खारिज:** उपमुखिया बिनोद कुमार ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत की गड़बड़ियों को उजागर किया था, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस मामले पर अधिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह मामला अब जांच के दायरे में है, और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है।

### चरही-घाटो मोड़ पर प्रतिदिन लगता है जाम

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही-घाटो मोड़ पर रोजाना जाम की समस्या आम हो गई है। ट्रक, हाइवा, दोपहिया और ऑटो जैसे वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण इस क्षेत्र में जाम लगना रोजमर्रा की बात हो गई है। वाहन चालकों द्वारा सड़कों पर गाड़िया खड़ी कर होटलों में घंटों बैठने की आदत ने यात्रियों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। इस इलाके से भारी संख्या में कोयला लदे ट्रक और हाइवा गुजरते हैं, जो तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाओं की आशंका को और बढ़ा देते हैं। जाम के कारण न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल इस समस्या पर ध्यान देकर उचित कदम उठाने चाहिए। सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और तेज रफ्तार को नियंत्रित कर सड़क को जाम मुक्त बनाया जा सकता है। इससे दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा ।

### पेपर लीक की हो उच्चस्तरीय जांच : संजय मेहता



**हजारीबाग।** झारखंड में 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आजसू नेता संजय मेहता ने इस मामले पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे शिक्षा तंत्र पर एक बड़ा हमला बताया। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संजय मेहता ने कहा कि पेपर लीक घोटाला राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है। मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शिक्षा माफिया का बढ़ता बोलबाला प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। सरकार को तुरंत इस मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए और दोषियों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल परीक्षा रद्द कर देना समाधान नहीं है। जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने राज्य में पारदर्शी और सख्त परीक्षा प्रणाली लागू करने पर जोर दिया। संजय मेहता ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (खआउ) और शिक्षा विभाग की लापरवाही को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह घटना सिस्टम में गंभीर खामियों की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा, प्रश्नपत्र लीक होना दर्शाता है कि निगरानी तंत्र पूरी तरह विफल है। सरकार को इसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो आजसू पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

### सलगावा में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



कटकमदाग। ग्राम सलगावा में स्थित बड़े शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कर शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। 18 से शुरू हुए इस महायज्ञ का समापन 20 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुआ। आचार्यों ने भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, नंदी महाराज और शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के साथ की। इस दौरान मुख्य पुजारी ने पूजा-अर्चना कर समस्त ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। समारोह के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, डॉ. गंगाधर मिश्रा, कौशल मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा, मुकेश मिश्रा, कार्तिक शर्मा, गंगा साव, महेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, मनोहर शर्मा सहित शिव मंदिर समिति के सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह ने क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### चार दिवसीय गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा सह 108 कुंडीय राष्ट्र जागरण महायज्ञ का शुभारंभ

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

- 1357 कलशों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुईं श्रद्धालु महिलाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत जामु स्थित काली मंडप के समीप नवनिर्मित गायत्री मंदिर में चार दिवसीय गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा सह 108 कुंडीय राष्ट्र जागरण महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया।

वहीं शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मरकच्चो इकाई द्वारा आयोजित किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर गाजे बाजे के साथ नवनिर्मित गायत्री माता मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुईं। वहीं पांच बड़े पीतल के मुख्य कलश, 251 पीतल के कलश तथा 1101 मिट्टी के कलश महिलाएं व युवतियां यज्ञ स्थल से माथे पर कलश लिए पीतांबर वस्त्र धारण कर पैदल केशो नदी के लिए निकले।

इसके पूर्व कलश यात्रा को जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिप सदस्य रीता देवी, पूर्व प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी, पूर्व जिप सदस्य कैलाश यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने कलश यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर ग्राम चक, विन्डा, कोसडीहरा, सिमरिया होते हुए दशारो स्थित केशव नदी पहुंची, जहां हरिद्वार से आए गायत्री परिवार के पंडितों के द्वारा विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद पुनः दशारो से कोडरमा मुख्य मार्ग होते हुए डुमरडीहा, मदनपुर होते हुए यज्ञ स्थल जामु पहुंची।

इस मौके पर हरिद्वार से आए राष्ट्रीय वक्ता श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि गायत्री परिवार मानवता के कल्याण और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने और वैदिक ज्ञान सनातन धर्म के सिद्धांतों के बारे में शिक्षित करने के लिए काम करता है। जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

कलश यात्रा में नीता कुमारी, बेदु साव, पिन्टू गुप्ता, रवींद्र कुमार गुप्ता, प्रकाश कुमार शाहा, सुनील कुमार गुप्ता, शंकर कुमार गुप्ता, परमानन्द साव, बीरेंद्र कुमार, राणा, पंकज कुमार साव, गणेश प्रसाद, डोमन साव, भरत कुमार, प्रकाश साव, अशोक यादव, नवीन यादव, विवेक साव, जितेंद्र शाहा समेत गायत्री यज्ञ समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# इटखोरी महोत्सव में संगीत और उमंग का धमाल, सलमान अली की प्रस्तुति ने मोहा मन





खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में संगीत, हास्य और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। मशहूर गायक और इंडियन आइडल विजेता सलमान अली ने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही उन्होंने मंच पर कदम रखा, दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका चंदन तिवारी द्वारा मां भद्रकाली की स्तुति से हुई। उन्होंने 'करी सुमिरन वा हो जय मईया भद्रकाली' और 'भद्रकाली हमारी कष्ट जल्दी हरो' जैसे भक्ति गीतों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद हास्य कलाकार राजीव निगम ने अपने चुटीले अंदाज में पत्नी, बच्चे, मोबाइल और पत्रकारों पर हास्य व्यंग्य करते हुए दर्शकों को खूब हंसाया। रात करीब 10 बजे जैसे ही सलमान अली मंच पर पहुंचे, पूरे पंडाल में जोश और उमंग की लहर दौड़ गई। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत कैलाश खेर के मशहूर गीत 'तेरी दीवानी' से की। इसके बाद 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे,' 'गुलाबी आंखें', 'बदन पर सितारे लपेटे हुए' जैसे शानदार नगमों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सलमान अली ने पुराने हिट गानों 'कजरा मोहब्बत वाला', 'काला काला चश्मा', 'झूम बराबर झूम' गाकर संगीतमय माहौल बना दिया। दर्शकों की ऊर्जा और जोश को देखते हुए वे मंच से नीचे उतरकर भीड़ के बीच पहुंचे और वहीं अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

### मोबाइल के फ्लैशलाइट से सलमान अली का अभिनंदन



सलमान अली के जादुई परफॉर्मेंस के दौरान दर्शकों ने अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर उनका अभिनंदन किया। पूरा मैदान रोशनी के समंदर में तब्दील हो गया। इस भावनात्मक पल को देखकर खुद सलमान अली भी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आप सभी के इस प्यार और सम्मान से मैं अभिभूत हूं। यह पल मेरी जिंदगी के सबसे खास लम्हों में से एक है। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त रमेश घोलप ने सलमान अली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सांस्कृतिक संध्या ने महोत्सव के पहले दिन को ऐतिहासिक बना दिया।

## जैक बोर्ड के दसवीं परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक होने के तार कोडरमा व गिरीडीह से जुड़े

- जिला प्रशासन से मांगा गया स्पष्टीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा के हिंदी और विज्ञान के प्रश्न-पत्र लीक होने के बाद जैक बोर्ड ने दसवीं की परीक्षा को रद्द कर दिया है और इसके तार कोडरमा और गिरिडीह से जुड़े होने के कारण इन दोनों जिला प्रशासन से जैक बोर्ड ने स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल दो दिन पहले जैक बोर्ड एग्जामिनेशन क्वेश्चन पेपर 2025 नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप क्रिएट किया गया था। इसमें एक स्कैनर का इस्तेमाल करते हुए छात्रों से प्रश्न-पत्र देने के एवज में 350 की मांग की जा रही थी। इस ग्रुप में जुड़ने के लिए इस ग्रुप का लिंक दूसरे सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल किया गया और देखते ही देखते उस लिंक के जरिए क्वेश्चन पेपर वाले ग्रुप से 1000 से ज्यादा लोग जुड़ गए। ग्रुप से जुड़ने के बाद जिन लोगों ने क्वेश्चन पेपर की डिमांड की उससे पहले उनसे बारकोड पर 350 रुपए मंगाया गया। उसके बाद उनके पर्सनल नंबर पर उत्तर समेत क्वेश्चन पेपर पीडीएफ में भेजा गया और पैसे मिलने के बाद उसे पीडीएफ खोलने का पासवर्ड उक्त विद्यार्थी या उसके अभिभावक को दिया गया। आज जब साइंस की परीक्षा खत्म होने के बाद कोडरमा के दो अलग-अलग स्कूलों में जब इसकी पड़ताल की गई तो छात्राओं ने क्वेश्चन पेपर से हूबहू मिलते हुए क्वेश्चन पेपर मिलने की बात की पुष्टि की और बताया कि इसी तरह का क्वेश्चन पेपर सोशल मीडिया के अलग-अलग साइट्स पर वायरल हो रहा था। हालांकि कुछ बच्चे पर सीधे तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं कर रहे थे, लेकिन पूछे जाने पर वायरल क्वेश्चन पेपर से आज मिले क्वेश्चन पेपर के हूबहू होने की बात भी स्वीकार की। मामला संज्ञान में आने के बाद कोडरमा के शिक्षा विभाग के आला अधिकारी के अलावे डीसी मेघा भारद्वाज से संपर्क नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ जानकारी मिलने के बाद जैक बोर्ड ने दसवीं की परीक्षा को रद्द करते हुए कोडरमा और गिरिडीह जिला प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा है।

## ऑटो पलटने से कई परीक्षार्थी घायल, इलाज के दौरान एक की मौत





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के चंद्रोडीह में गुरुवार की दोपहर परीक्षार्थियों को लेकर जा रहे एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान ऑटो पर सवार कई परीक्षार्थी घायल हो गए। वहीं घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल परीक्षार्थी ज्योति कुमारी को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, मगर छात्रा की सदर अस्पताल में ही मौत हो गई।

वहीं घायलों ने बताया कि सभी इंदरवा स्थित परीक्षा केंद्र से जैक के द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने गांव कमेडीह लौट रहे थे। वहीं घायलों में चांदनी कुमारी पिता उमेश चौधरी, पूर्णिमा कुमारी पिता दिनेश पंडित, तन्नू कुमारी पिता श्यामसुंदर राणा, निशु कुमारी पिता सतेंद्र बर्णवाल, ज्योति कुमारी पिता सतीश पंडित, दिलसान अंसारी, अरमान अंसारी, सेहान अंसारी, सोनम कुमारी पिता संजय पंडित के नाम शामिल हैं। वहीं एक छात्रा निलाम कुमारी 15 वर्ष पिता श्याम सुंदर यादव गरहाई कोडरमा की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## विकलांग महिला ने लापता बेटे की खोजबीन की एसपी से लगाई गुहार





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बेटे के लापता हो जाने पर मां ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर खोज-बीन करने की गुहार लगाई है। आवेदन में मां किरण देवी पति स्व. हरखू राणा ग्राम चुटियारो थाना कोडरमा निवासी ने कहा कि मैं एक गरीब तथा दोनों आंखों से विकलांग महिला हूं। मेरा बेटा 20 वर्षीय उपेन्द्र कुमार 18 फरवरी 2025 से लगभग 3 बजे शाम नीला सर्ट, नीला हाफ पैंट, चेहरा सांवला, अपने निवास स्थान चुटियारो से अपने परिवार के सदस्य को कुछ बताए बिना बाहर चल गया। मैंने मंगलवार को शाम 7 बजे अपने बेटा को घर में नहीं देखा तो मैं उसका मोबाइल 9229159598 पर फोन लगाई, मगर मोबाईल स्वीच ऑफ बता रहा है। मैंने अपने बेटा को रिश्ता परिवार, अगल-बगल से बहुत ढूंढने का प्रयास किया, परन्तु कहीं भी पता नहीं चल पाया। मेरे पति की मृत्यु होने के बाद पूरा परिवार का भरण-पोषण की जिम्मेवारी मेरे बेटे के उपर ही थी। वहीं उन्होंने थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराते हुए खोजबीन की गुहार लगाई है।

## मुखिया सम्मेलन का आयोजन

- स्कूलों में बच्चों के ठहराव करवाने में सहयोग करें : जिप अध्यक्ष



**कोडरमा।** राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में गुरुवार को बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में मुखिया सम्मेलन का आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन में जिले भर से आये मुखियाओं को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के ठहराव सुनिश्चित करने में आपलोगों की भूमिका काफी अहम है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार, समग्र शिक्षा तथा नई शिक्षा नीति को स्कूलों में बेहतर ढंग से लागू करवाने तथा 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु वाले सभी बच्चों के नामांकन, स्कूलों में ठहराव और 12वीं कक्षा तक शिक्षा पूर्ण करें, इसमें आपलोगों की सहभागिता और भूमिका बहुत जरूरी है। सम्मेलन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 मुखिया को जिप अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर डीएसई अजय कुमार, बेद साव, कन्हाई यादव समेत भारी संख्या में मुखिया मौजूद थे।

### झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित



**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वावधान में गुरुवार को प्रखंड कमेटी की बैठक दक्षिणी पंचयात अंतर्गत अस्पताल मैदान में की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन व सदस्यता अभियान चलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय व चुनाव प्रभारी के रूप में बीस सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, उपाध्यक्ष मो. अलाउद्दीन अंसारी, सचिव मो. रियासत, संगठन सचिव गन्दीप साव, कोषाध्यक्ष गौतम ऋषि का चयन किया गया। इस दौरान केंद्रीय समिति सदस्य ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य पार्टी हित में बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में पचास हजार नये सदस्य जोड़ने लक्ष्य है। बैठक में मो. खलील, मो. जावेद, मो. अफजल, दिलीप गुप्ता, रामेश्वर मुर्मू, बसंत पासवान, सुरेश साव, शौकत आलम, रुस्तम आलम, अलोक दास, मो. कलीम, साकीर अहमद, तुलसी दास, अमजद आलम, सुल्तान अली आदि मौजूद थे।

# फूड फोर्टीफिकेशन पर प्रशिक्षण का आयोजन

- स्कूलों में बनाये जाने वाले मध्यान्ह भोजन में स्वच्छता बनाये रखना बहुत जरूरी : डॉ.रंजीत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** फूड फोर्टीफिकेशन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन सभागार में किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए एसीएमओ सह डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने फूड फोर्टीफिकेशन की जरूरत और महता तथा इसकी प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्कूलों में बनाये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के दौरान स्वच्छता बनाये रखना बहुत जरूरी है, रसोइयों के द्वारा भोजन बनाये जाने के दौरान उन्हें अच्छी तरह हाथों की सफाई करनी चाहिए, साथ ही उन्हें टोपी और एप्रोन आदि का उपयोग करना चाहिए। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने चावल के फोर्टीफिकेशन आदि की जानकारी दी गयी। वहीं डॉ. मनोज कुमार निदेशक सीएनडी विनोबा भावे विश्विद्यालय ने फूड फोर्टीफिकेशन की जरूरत, महता और प्रक्रिया की जानकारी दी गयी, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने ईट राइट स्कूल, खाद्य सुरक्षा मानक की जानकारी देते हुए पान मसाला व तम्बाकू का सेवन नही करने से सम्बंधित जानकारी दी गयी। मौके पर डीएसई अजय कुमार, डीएसडब्ल्यूओ कनकलता तिर्की, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन, रसोइया पीडीएस डीलर आदि मौजूद थे।

# इटखोरी महोत्सव में तीन धर्मों के संगम पर संगोष्ठी आयोजित

- पुरातत्वविदों ने रखे ऐतिहासिक दृष्टिकोण





खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन मां भद्रकाली मंदिर परिसर में क्षेत्र के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों, इतिहासकारों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्घाटन उपायुक्त रमेश घोलप, एसडीओ चतरा जहूर आलम, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनेश मिश्रा, खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिप अध्यक्ष ममता देवी समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय इटखोरी, लाला प्रीतम बीएड कॉलेज चतरा और चतरा कॉलेज चतरा के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। संगोष्ठी के दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार हजाम और डॉ. अशोक कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'फाइनेंशियल अकाउंटिंग' का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में पुरातत्वविद डॉ. नीरज कुमार मिश्र, डॉ. मोहम्मद अजहर और विवेक आशीष बाखला ने इटखोरी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि इटखोरी सदियों से हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मों के लिए आस्था और ज्ञान का केंद्र रहा है। खुदाई में प्राप्त अवशेष इस क्षेत्र के गौरवशाली अतीत को दर्शाते हैं। डॉ. मोहम्मद अजहर साबिर ने बताया कि इटखोरी में पुरातात्विक खुदाई के लिए वर्षों तक प्रयास किया गया, जिसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने खुदाई करवाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए प्रशासन और सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। डॉ. नीरज मिश्र ने कहा कि इटखोरी के पुरातात्विक अवशेष बिहार के विक्रमशिला और नवादा में मिली मूर्तियों से मेल खाते हैं, जिससे यह साबित होता है कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से समृद्ध रहा है। विवेक आशीष बाखला ने कहा कि इटखोरी सिर्फ धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र था। उन्होंने इस क्षेत्र में और अधिक पुरातात्विक खुदाई की आवश्यकता जताई, जिससे इतिहास के अनछुए पहलुओं को सामने लाया जा सके।

### ऐतिहासिक अवशेषों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

संगोष्ठी के दौरान इटखोरी और झारखंड के अन्य हिस्सों में खुदाई से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में मूर्तियों, ऐतिहासिक संरचनाओं और शिलालेखों के चित्रों को प्रदर्शित किया गया, जिससे आगंतुकों को इस क्षेत्र की समृद्ध विरासत की झलक मिली। उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इटखोरी की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी के समापन अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से वक्ताओं को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य रत्न शर्मा, मृत्युंजय सिंह, प्रवीण सिंह, देवकुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### कसारी पंचायत के पन्नवाटांड़ टोला में तीन महीने से जलमीनार खराब, पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण



**सिमरिया।** कसारी पंचायत के पन्नवाटांड़ टोला में पिछले तीन महीनों से जलमीनार खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 300 लोग इस जलमीनार से पानी लेते थे, लेकिन अब इसकी खराबी के कारण वे चापाकल और खेतों के कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार खराब होने की सूचना मुखिया और पीएचईडी विभाग को दी गई, लेकिन अब तक इसे ठीक नहीं किया गया है। पानी की समस्या के कारण पीने, नहाने और कपड़े धोने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द से जल्द जलमीनार ठीक करवाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### हंटरगंज प्रखंड के चौखड़ा गांव में आउटरीच कार्यक्रम के तहत लोगों को दी गई कानूनी जानकारी



**हंटरगंज (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा के निर्देशानुसार गुरुवार को हंटरगंज प्रखंड के करमा पंचायत अंतर्गत चौखड़ा गांव में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, महिला सशक्तिकरण, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाओं और टोल-फ्री नंबर की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में आगामी 8 मार्च 2025 को चतरा व्यवहार न्यायालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया गया। उपस्थित लोगों को नि:शुल्क कानूनी सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता, बिहारी कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक ने किया बड़हीबिगहा में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन




**हंटरगंज (चतरा)।** गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे गेरूआ पंचायत के बड़हीबिगहा गांव में चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी विधायक को दी, जिसके बाद उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। उद्घाटन के दौरान विधायक ने फीता काटा और नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। बिजली आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया।

### महिला ने कुएं में कूदकर दी जान, मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप

**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत के कोसमाही गांव में बुधवार देर शाम एक महिला ने बड़ी गोतनी से विवाद के बाद कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतका के भाई कुंदन कुमार, जो गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के रमना मेला रोड निवासी हैं, ने हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दी है। कुंदन ने आरोप लगाया कि उनकी बहन आशा की शादी चार साल पहले कोसमाही निवासी अनिल यादव से हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति उसे प्रताड़ित करता था। उन्होंने यह भी दावा किया कि अनिल यादव का अपनी बड़ी भाभी के साथ अवैध संबंध था, जिसकी जानकारी आशा ने कई बार फोन पर दी थी। कुंदन के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी बहन की बड़ी गोतनी ने फोन कर बताया कि आशा ने कुएं में छलांग लगा दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक संपन्न



**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक परसाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने की। वहीं बैठक की शुरूआत कुंभ मेले में हुई मौत एवं पार्टी के दिवंगत साथियों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित माले के केंद्रीय कमिटी सदस्य कॉ. जनार्दन प्रसाद, राज्य कमिटी सदस्य मो.इब्राहिम, विजय पासवान ने कहा कि जिले में प्रशासन राज्य सरकार के नियंत्रण से बाहर है। भाजपा के सांसद, विधायक के इशारे पर अंचल से लेकर थाना तक प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है। बैठक में सभी साथियों ने पार्टी का सदस्यता नवीकरण एवं भर्तीकरण चलाने का निर्णय लिए और पूरे जिले में 2 हजार पार्टी सदस्य बनाने, फरवरी व मार्च माह में प्रखंड एवं जिला सम्मेलन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मो. इब्राहिम, विजय पासवान, अशोक यादव, बहादुर यादव, भागीरथ सिंह घटवार, मुन्ना यादव, अशोक यादव, तुलसी राणा, असगर अंसारी, कृष्ण कांत मेहता, मो. सलीम, कोलेशवर राणा आदि मौजूद थे।

### स्टार एल्यूमिनी प्रोग्राम का किया गया आयोजन



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र जेआईटीएम. स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड मेगा स्किल सेंटर में स्टार एल्यूमिनी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन द्वारा स्टार एल्यूमिनी प्रोग्राम के आयोजन के होने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। वहीं कार्यक्रम में प्रोजेक्ट असिस्टेंट (यूएनडीपी) विकास तिवारी द्वारा निरंतर एल्यूमिनी प्रोग्राम कराने से लाभ पर चर्चा किया गया। वहीं काजल कुमारी, कल्पना कुमारी, खुसबू कुमारी के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से जीवन में बदलाव आने व उसके संबंध में संस्था के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्राओं को स्टार एल्यूमिनी द्वारा रोजगार के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर बादल पीटर कुमिर, शहबाज, पायल दास, शशांक शर्मा, कौशर परवीन समेत सभी स्टाफ और मैनेजमेंट टीम मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सिसई व भरनो में कांग्रेसियों ने किया मंत्री दीपिका पांडे सिंह का स्वागत



सिसई। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के गुमला आगमन के दौरान सिसई और भरनों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय लोग उनके स्वागत के लिए सड़क पर उतरे और फूलों की वर्षा की। मंत्री दीपिका ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेह व सम्मान मेरी ताकत है। आपके प्यार और समर्थन के लिए मैं दिल से आभारी हूं। यह समर्थन मुझे हमेशा और भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है। मंत्री का यह दौरा गुमला जिले में बढ़ते विकास कार्यों और जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए है। इस दौरान उन्होंने लोगों से उनके मुद्दों पर बातचीत की और विकास योजनाओं को लागू करने की दिशा में उनके सुझावों को भी सुना। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मेरे लिए जनता की भलाई और उनके विकास के कार्य सर्वोपरि हैं। यह समर्थन और स्नेह प्रेरणा का स्रोत बनकर कार्य करेगा।

### प्रसाद साहू के हत्यारों की हो अविलंब गिरफ्तारी : सुडी समाज



गुमला। जिला के रायडीह प्रखंड अंतर्गत पोगरा ग्राम निवासी स्व प्रसाद साहू की निर्मम हत्या कुछ चिह्नित अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरूवार को सुडी समाज के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिवार से मिलने उनके गांव पोगरा पहुंचा। जहां जाने के बाद वहां की स्थिति देखकर समाज के सदस्यों की आंखे नम हो गई। मृतक प्रसाद साहु के कुल 6 बच्चे हैं। जिनमें पांच बेटियां और एक बेटा हैं। सभी नाबालिक हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बिल्कुल दयनीय है। मृतक के परिजनों द्वारा आपबीती सुनने के बाद समाज की ओर से उन्हें आर्थिक मदद के रूप में कुछ राशि दी गई और स्थानीय मुखिया से मिलकर सामाजिक सहायता राशि जो सरकार के द्वारा दी जाती है उसे दिलाने के लिए सीओ से बात कर यथाशीघ्र देने हेतु अपील की जाएगी। वहीं तत्काल राशन डीलर को अनाज भिजवाने के लिए कहा गया। प्रतिनिधि मंडल इस मामले को लेकर गुमला पुलिस अधीक्षक के पास लिखित आवेदन देगी। जिसमें हत्यारों के अविलंब गिरफ्तारी सहित परिवार के सुरक्षा और अन्य मांगों को रखा जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में सुडी समाज गुमला के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला सचिव संदीप कुमार, संजय कुमार और सदस्य वरुण कुमार उपस्थित थे।

### समर अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों और कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



घाघरा। समर अभियान के तहत घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार सहित अन्य पंचायत के मुखिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सरकारी कर्मियों को कुपोषण पर बारीकी से जानकारी दी गई। क्षेत्रीय प्रबंधक जिला समन्वयक सुजीत कुमार ने बताया कि समर अभियान के तहत बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। साथ ही संतुलित आहार स्वच्छता और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर देने की बात कही। कुपोषण के लक्षण उसके दुष्प्रभाव और इससे बचाव के उपाय का विस्तार से जानकारी दी। वहीं ग्रामीणों को हरी सब्जियां, दाल, दूध और अन्य पोषण युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने की सलाह दी। इसके साथ ही कुपोषण उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने की बात कही। वहीं प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि कुपोषण दूर भगाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों और महिलाओं में पोषण की कमी की समस्या बढ़ सकती है। इसे दूर करने के लिए पोषण युक्त आहार, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। प्रशिक्षण में मुखिया विनीता कुमारी, अग्नि उरांव, यशमुनी देवी, रानी उरांव, फिरंगी उरांव सहित कई मुखिय, पंचायत समिति सदस्य पंचायत स्तर के कर्मी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद थे।

### जमीन की खरीद बिक्री बंद होने से सरकार को हो रहा है राजस्व की हानि : छोटेलाल

गुमला। जिला में जमीन की खरीद बिक्री का अनिश्चितकालीन बहिष्कार अधिवक्ता एवं ताईद संघ द्वारा किया गया है। जिससे गुमला जिला के आमजनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत ने कहा कि अधिवक्ताओं के अनिश्चित कालीन हड़ताल को लेकर न तो प्रशासन ने चिंता दिखाई और न ही गुमला जिले के विधायक, मंत्री और सांसद के कानों में जू तक रेंगी है। इस 20 दिनों में गुमला जिला में जमीन की खरीद बिक्री न होने से सरकार को करोड़ों रूपए की नुकसान हो रहा है। वहीं कचहरी परिसर से निबंधन कार्यालय हटाये जाने से आम जनों में आक्रोश है। गुमला प्रशासन के द्वारा खाली पड़े भवनों में निबंधन कार्यालय को शिफ्ट किया जा सकता है। नागरिक व अधिवक्ता संघ एवं ताईद संघ को सुविधा होगी। जिससे शहर के बाहर निबंधन कार्यालय शिफ्ट किए जाने से समय और नागरिकों के बीच कार्यालय की दूरी होने से काफी परेशानी हो रही है। जिला प्रशासन आम नागरिकों का ख्याल रख कर निबंधन कार्यालय को कचहरी परिसर के इर्द गिर्द व्यवस्थित करना चाहिए ताकि नागरिकों को परेशानी से निजात मिल सके। जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल है। इनकी परेशानी सरकार की परेशानी है। जिला प्रशासन इस बिंदु में यथाशीघ्र निबंधन कार्य पर पहल करे।

# डुमरी : अकांक्षी प्रखंड डुमरी के औरापाठ गांव में कृषि वैज्ञानिक ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

>> गांव में रोजगार सृजन हेतु कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित योजनाएं चालू की जायेगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी।** आकांक्षी प्रखंड डुमरी के उदनी पंचायत के औरापाठ गांव के किसानों के साथ कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के वरीय वैज्ञानिक डॉ संजय कुमार ने बैठक की। बैठक में गांव का आंकड़ा लिया गया। जिसमें यह पता चला कि गांव में कुल 40 घर हैं। जिसमें कोरबा जाति के आदिम जनजाति समुदाय के लोग रहते हैं एवं कृषि के क्षेत्र में सिंचाई के अभाव में कुछ ही फसल का लाभ ले पाते हैं। खेती में यहां के किसान मक्का, गोंदली, आलू की खेती करते हैं। बरसाती आलू की खेती उनकी प्रथम प्राथमिकता होती है। गांव में संसाधन का अभाव है। जहां विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे कि यहां के ग्रामीण सुदृढ़ हो सके। डॉ संजय कुमार ने गांव मे रोजगार के साधन की जानकारी लेते हुए कहा कि यहां के इच्छुक किसानों को टीएसपी परियोजना के तहत किसान उपयोगी यंत्र एवं मुर्गी बत्तख आदि दिए जाएंगे एवं बागवानी को बढ़ावा हेतु आम, नाशपाती के पौधे भी दिए जाएंगे। बैठक में सुनीता देवी ने गांव की परेशानियों के बारे में बताया एवं कृषि क्षेत्र में होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। गृह वैज्ञानिक डॉक्टर निशा तिवारी के द्वारा महिला किसानों को मशरूम उत्पादन एवं न्यूट्रीशन गार्डन में लगने वाली सब्जियां के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अचार एवं आलू से बनने वाली विभिन्न सामग्रियों के के साथ-साथ सिलाई-कढ़ाई के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक में केंद्र के पशु वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार के साथ गांव के किसान उपस्थित थे।

# लोहरदगा : प्राचीन शिव मंदिर का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### शंख नदी से भव्य कलश यात्रा का होगा आयोजन



**लोहरदगा।** शहर के शास्त्री नगर ढोढा टोली स्थित प्राचीन शिव मंदिर का 7 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुक्रवार से आरंभ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के सभी लोग रात दिन कार्य में जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह 6 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा, उसके पश्चात देवपूजन किया जाएगा।

कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शंख नदी पहुंचकर वहां से कलश में जल भरकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से भंडारा कार्यक्रम होगा जो 27 फरवरी तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। 22 फरवरी दिन शनिवार से 25 फरवरी मंगलवार तक सुबह 7:30 बजे भागवत पुराण और दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक संगीतमय भगवत महापुराण कथा और मूर्ति अधिवास कार्यक्रम आयोजित होगी। 26 फरवरी को मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा और 27 को हवन पूणार्हुति के बाद कार्यक्रम संपन्न हो जायेगा।

यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य रामकुमार शुक्ल (धमार्चार्य) द्वारा संपन्न कराया जाएगा। वही इसके मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व गृह सचिव एन एन पांडेय होंगे।

# घाघरा पुलिस ने दो अलग-अलग घटना में शामिल 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने दो अलग-अलग घटना में शामिल दस आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर ने प्रेस कान्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पहला घटना विगत 13 फरवरी 2025 को कड़ासिल्ली गांव के सतबरवा नाला के पास एक अज्ञात शव मिलने की थी। जिसमें स्थानीय चौकीदार के आवेदन पर प्राथमिक दर्ज की गई थी। मृतक की पहचान कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के जिरमी गांव के विश्राम लोहरा के रूप में हुई थी। कार्ड अनुसंधान के क्रम में जांच में यह पाया गया कि 2 वर्ष पहले मृतक विश्राम लोहरा प्रदीप उरांव के घर से मोबाइल चोरी किया था। प्रदीप के साथ अन्य 7 अभियुक्त के साथ मिलकर मुर्गा चोरी के आरोप में विश्राम के साथ मारपीट किया गया और अंततः सतबरवा नाला के पास प्रदीप उरांव के द्वारा अपने बेल्ट से विश्राम लोहरा का गला दबाकर हत्या किया गया था। जिसमें उक्त कांड में शामिल काड़ासिल्ली निवासी प्रदीप उरांव उर्फ किरण, जगत राम खेरवार, तुसगांव निवासी शंभू खड़िया, महेंद्र खड़िया और अन्य 4 नाबालिक को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी घटना में थाना प्रभारी तरुण कुमार, सुजीत कुमार यादव, हरिश्चंद्र दास, विनोद टेटे साथ पहुंचे और छापामारी किया। हालमाटी गांव के विनोद उरांव और उदय उरांव को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया गया।

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह पहुंची गुमला, विभागीय समीक्षा बैठक में कहा

# पंचायत सचिवालय को सक्रिय मोड में लाये

### कांग्रेसियों से बैठक कर संगठन की स्थिति से हुई अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में निर्देश देती मंत्री दीपिका पांडे सिंह व अन्य।

**गुमला।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडे सिंह गुरूवार को गुमला पहुंची। स्थानीय परिसदन में कांग्रेसियों ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने परिसदन भवन में विभागीय समीक्षा बैठक की। जिसमें जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सचिवालय को पूरी तरह सक्रिय मोड में लाया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्थानीय प्रशासन की रीढ़ है और इसे प्रभावी रूप से संचालित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव प्रतिदिन पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहें और वहां सुचारू रूप से कार्य संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी स्वयंसेवकों भी पंचायत सचिवालय में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गई, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर ही मिल सके और उन्हें बार-बार ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मंत्री ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिले और वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सके। जिसके पश्चात जिला कांग्रेस के सदस्यों के साथ संगठन को लेकर बैठक की। बैठक में पार्टी की मजबूती के लिए रणनीति बनायी गई। वहीं बैठक में कांग्रेसियों की समस्याओं से भी मंत्री अवगत हुई। मंत्री दीपिका ने डुमरी प्रखंड का दौरा किया। जहां उन्होंने प्रोजेक्ट किशोरी अंतर्गत संचालित सैनेट्री पैड निर्माण सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गुमला जिला में नेकलेस परियोजना के बारे में विस्तार से बात की गई जिसको लेकर मंत्री ने संज्ञान लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, मो खालिद, अकील रहमान, राजनील तिग्गा, राम निवास प्रसाद, फिरोज आलम, अमृता भगत, मो मुख्तार आलम, विष्णु राम, मो मिन्हाजुद्दीन आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा पुलिस ने ट्रक से 250 किलो गांजा किया जब्त, 5 गिरफ्तार

### खेप पटना भेजी जा रही थी, जहां से इसे अन्य जिलों में सप्लाई किया जाता



पकड़ा गया ट्रक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और कुडू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 250 किलो गांजा जब्त किया गया। यह गांजा ट्रक (संख्या ओडी 14-3324) में लदा हुआ था, जो उड़ीसा से कुडू होते हुए गया और फिर पटना की ओर जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही ट्रक को जब्त कर लिया और इस गिरोह से जुड़े पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले को लेकर रांची स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ठउइ) में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस पूरे तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। एनसीबी को सूचना मिली थी कि पटना भेजे जाने के लिए बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। इस पर कुडू पुलिस ने कुडू मस्जिद मोड़ के पास नाकेबंदी की। जब संदिग्ध ट्रक को रोका गया और तलाशी ली गई, तो पुलिस को 250 किलो गांजा बरामद हुआ। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा पकड़े जाने से साफ है कि यह नशे के अवैध कारोबार से जुड़ा एक संगठित गिरोह है। इस कार्रवाई में गांजा तस्करी में लिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों मे ट्रक चालक अर्जुन कुमार, खलसी रमेश महतो, सानी कुमार,उमेश यादव, महेश साह शामिल है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी आरोपी बिहार के औरंगाबाद, बक्सर, आरा और भोजपुर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस तस्करी के पीछे मास्टरमाइंड कौन है और किन-किन रास्तों से यह अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था। कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया, गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक को रोका गया, जिसमें 250 किलो गांजा बरामद हुआ। पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह खेप पटना भेजी जा रही थी, जहां से इसे अन्य जिलों में सप्लाई किया जाता। पूरे मामले की जांच जारी है और जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं। इस मामले की शुरूआती जांच में यह संकेत मिले हैं कि यह नशा तस्करी का एक बड़ा संगठित गिरोह हो सकता है, जो उड़ीसा, झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पीडीजे ने की इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ बैठक



लोहरदगा। नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है। जिसे लेकर 20 फरवरी को इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजकमल मिश्रा ने बैठक की। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार भी उपस्थित रहें। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने क्लेमेंट की अधिवक्ता के साथ-साथ इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में पुराने लंबित बीमा के वादों को अधिक से अधिक निपटाने का प्रयास करने की निर्देश दिया। साथ ही साथ लोक अदालत में जिन वादों में सुलह हो गया है उसका लाभ पीड़ित पक्ष को देना सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर अधिवक्ता डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, राकेश अखौरी, कुमार चंद्रशेखर, प्रमोद प्रसाद, आनन्द कुमार, जेपीएन सिन्हा उपस्थित थे।

### कव्वाली सह मेला स्थल का एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने लिया जायजा



किस्को, लोहरदगा। शहीद शेख भिखारी की शान में आगामी 25 फरवरी को तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह पंचायत के धुर्वा मोड़ में आयोजित होने वाले मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा व किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के द्वारा निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया गया। इस बीच एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने और प्रोग्राम में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसे लेकर लोहरदगा पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि प्रोग्राम में खलल डालने और कानून को अपने हाथों में लेने वाले वैसे लोगों शरारती और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता को बरकरार रखते हुए मनाएं, किसी तरह की कोई व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना की सूचना मिलने पर तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस और लोहरदगा पुलिस प्रशासन को दें, ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की याद में आयोजित होने वाले कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। यहां पर बता दें कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में 50 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने हेतु लोहरदगा पुलिस प्रशासन चौकन्ना दिखाई दे रही है।

# चैनपुर : 9 लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने एक छापामारी अभियान चलाया। जिसमें कई लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। छापामारी दल में शामिल अधिकारियों में विद्युत कार्यालय अभियंता गुमला प्रमण्डल प्रभारी पप्पु, सहायक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा, दिवाकर मिश्रा और मो. एनामुल अंसारी शामिल थे। अभियान के दौरान कुल 9 व्यक्तियों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। बिजली चोरी करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों में छतरपुर निवासी तेलेस्फोर खलखो, चैनपुर निवासी नीरज झा, ब्लॉक चौक के समीप दुकान संचालक देवगन कुमार, रामपुर निवासी विरसु गोप, रामपुर निवासी समीर खलखो, कटकही निवासी गजाधर साहू, कटकही निवासी निक्की पॉल, छिछवानी निवासी मिक्की रोहित एक्का और कटकाही बाजार निवासी पुरुषोत्तम सिंह शामिल हैं। इन पर जुमार्ना राशि क्रमशः 9709 रुपए से लेकर 19418 रुपए तक लगाया गया है। सहायक अभियंता हरि उरांव ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# दो मार्च से विमरला माइंस का परिवहन बंद करने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

>> ऑल बॉक्साइट माइंस संघर्ष समिति गुमला की बैठक संपन्न

**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइंस संघर्ष समिति गुमला की बैठक संगम बैंकेट हाल घाघरा में समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व में प्रशासन व हिंडालको प्रबंधन और संघर्ष समिति की एक बैठक थाना में हुई थी। जहां पर सभी की उपस्थिति में हिंडाल्को कंपनी के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 20 फरवरी तक संघर्ष समिति के मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उस पर कार्य किया जाएगा। लेकिन कंपनी के द्वारा वादा खिलाफी पूर्व की तरह दोबारा किया गया। संघर्ष समिति के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि आने वाले 2 मार्च से विमरला माइंस का परिवहन कार्य को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। मौके पर संरक्षक शिवकुमार भगत (टुनटुन), इस्लाम अंसारी, बीनू राम, बसंत भगत, तबरेज खान, नयामुल अंसारी, जेवियर लकड़ा, जेम्स उरांव, रूबेन एक्का संदीप तिर्की, सचिन साहू, सुमंत ठाकुर, मुकुल उरांव, विनोद असुर, फिरू असुर व गंडरा असुर मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टुर्नामेंट 5 मार्च से

### आईपीएल के तर्ज पर होंगी प्रतियोगिता, 8 मार्च को भव्य फाइनल का होगा आयोजन

### हरभजन, जहीर, नेहरा व शत्रुघ्न सिन्हा की उपस्थित चार चांद लगायेगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वर्गीय शिव प्रसाद मेमोरियल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर एक समीक्षा बैठक स्टेडियम में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक कुमार राय के अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के लिए मुख्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। सबसे पहले इस टूर्नामेंट में आने वाले टीम के विषय में बताया गया की मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक और झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की एक टीम तथा मेजबान लोहरदगा की एक टीम प्रतियोगिता में खेलेगी। जो आईपीएल के तर्ज पर खेली जाएगी। वहीं प्रसिद्ध विश्व स्तरीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह, पूर्व भारतीय पेसर क्रिकेटर जहीर खान, तेज गेंदबाज आशीष नेहरा तथा सीने अभिनेता से राजनेता बने शत्रुघ्न सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को बेहतर मंच देने का कार्य करेंगे। मैच के अंतिम दिन रंगारंग संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें बॉलीवुड के मशहूर सिंगर अमित गुप्ता शिरकत करेंगे। प्रत्येक मैच में चीयर लीडर गर्ल्स भी उपस्थित रहेंगे। मैच के सुचारू संचालन के लिए अगली बैठक 23 फरवरी को रखी गई है। जिसमें सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेवारी सौंप दी जाएगी। इस बैठक में नेयाज मलिक, मुकेश दुबे, आशीष कुमार, अभय वर्मा, किशोर वर्मा, दिनेश अग्रवाल, रमेश कुमार साहू, दुर्गा प्रजापति, नयन रंजन दत्ता, सरोज प्रजापति, रथींद्रनाथ राय, अमित कुमार, सोनू कुमार समेत कई खिलाड़ी उपस्थित है। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन लोहरदगा के सचिव अलोक रॉय ने कहा की लोहरदगा में विश्व स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता होना जिला के लिए गर्व और सम्मान की बात होंगी, विशेष कर भारत के आठ राज्यों की टीम के साथ एक लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की भी टीम देश के मशहूर खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलना सोने पे सुहागा होगा। यह आयोजन विश्व स्तरीय होगा जो लोहरदगा जिला के लिए ऐतिहासिक आयोजन होगा। अंत में लोहरदगा जिला के पूर्व खिलाडी सूरज कुमार उर्फ सेंटी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट की शोक सभा का आयोजन कर प्रार्थना किया गया।

# जेएससीए इंटर जिला अंडर 23 क्रिकेट में सिमडेगा ने पलामू को 8 विकेट से हराया

### सिमडेगा के तानिश चौबे बने मैन ऑफ द मैच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में सिमडेगा ने पलामू को आठ विकेट से पराजित कर पूरा अंक अर्जित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में पलामू की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया। पलामू की पूरी टीम 32 ओवरों में महज 117 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से आर्यन राज ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। शिवम राज 18, चैतन्य 16 व अतरिक्त 21 रनो के सहयोग से पलामू की टीम मामूली स्कोर पर सिमट गई। सिमडेगा की ओर से तानिश चौबे ने आठ ओवर में 15 रन खर्च कर तीन विकेट हासिल किये। हर्ष कुमार को दो और संजीत शर्मा, हरप्रीत, अविनाश व गुरुशरण को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिमडेगा की टीम ने 16.2 ओवरो में दो विकेट गवा कर जीत दर्ज कर लिया। सिमडेगा की ओर से गुरुशरण ने 55रनो की नाबाद पारी खेली जबक सचिन पाल ने 34 रन बनाये। वहीं सुभादीप 17 व अतुल्य ने 11 रनों का योगदान दिया। पलामू के अभिनव व गुंजन को एक-एक विकेट मिला। बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले सिमडेगा के तानिश चौबे मैन ऑफ द मैच चुने गए। टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर मनोरंजन काजीलाल, ओ पी राय, स्कोरर संदीप रॉय व अनिकेतन राज ने प्लेयर ऑफ द डे तानिश को पांच हजार कैशमनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। शुक्रवार को सिमडेगा और दुमका के बीच मुकाबला होगा।

## पीएम आवास व अबुआ आवास के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ ने की प्रेस वार्ता

# पीएम आवास 2.0 सर्वे के नाम किसी को न दें पैसा : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 एवं अबुआ आवास योजना को लेकर प्रेस वार्ता। पत्रकारों से को संबोधित करते हुए चंदन प्रसाद ने कहा कि चंदवा प्रखंड में 10231 प्रधानमंत्री आवास आवंटन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसको लेकर पूरे प्रखण्ड में सर्वे का काम चल रहा है, इसके लिए सभी पंचायत में एक-एक सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। अबतक लगभग 3 हजार लोगों का सर्वे पूरा हो चुका है, मार्च माह में बचे लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। कुछ स्थानों से ऐसी शिकायतें आ रही है कि पीएम आवास योजना में सर्वे में नाम चढ़वाने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। ऐसे लोगो से सावधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आवास के नाम पर किसी प्रकार का पैसा किसी को ना दें, यदि किसी का सर्वे नहीं हो रहा है और पैसे की मांग कोई कर रहे हैं तो वह मेरे कार्यालय में पहुंचे, मैं स्वयं उनके



सर्वे में नाम दर्ज कर दूंगा। उन्होंने कहा कि सर्वे दो चरणों में होगा पहले चरण में नाम के चयन होने के बाद दूसरे चरण में भी सर्वे कराकर उसे प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाएगा, किसी भी सूरत में योग्य लाभुक का ही चयन किया जाना है, इसमें अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सर्वे के नाम पर किसी को भी पैसा देने की जरूरत नहीं है। अगर कोई पैसे मांगे तो शिकायत करें कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अबुआ आवास की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रखंड में वर्ष 2023-24 में 784 अबुआ आवास का कार्य चल रहा था, जिसमें 174 पूर्ण कर लिया गया है, शेष का कार्य प्रगति पर है। वहीं वर्ष 2024-25 में 2034 अबुआ आवास का लक्ष्य है जिसमे 1674 का कार्य प्रगति पर है व पहली किस्त की राशि भी हस्तांतरित भी कर दी गयी है।

श्री प्रसाद ने बताया कि यदि आवास के नाम पर किसी कर्मचारी या किसी बिचौलिए के विरुद्ध पैसा लेने का पुख्ता प्रमाण मिल जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय में बनाये गए दो परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा गुरुवार को शांतिपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। 1211 परिक्षार्थी मे 1203 उपस्थित रहे जबकि आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आदर्श मध्य विद्यालय परिक्षा केंद्र के केंद्राधिक्षिका अनिता देवी ने बताया कि मैट्रिक कि प्रथम पाली में विज्ञान विषय की परिक्षा मे 415 परिक्षार्थी मे 412 उपस्थित रहे। जबकि 3 अनुपस्थित रहे। वहीं दुसरी पाली के इंटर लेखा शास्त्र विषय के परिक्षा में 01 में 01 उपस्थित रहे। उधर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर ने बताया कि मैट्रिक प्रथम पाली मे विज्ञान विषय के परिक्षा मे 503 परिक्षार्थी मे से 499 उपस्थित रहे। जबकि 4 अनुपस्थित रहे। वंही द्वितीय पाली में इंटर आर्ट्स के अर्थशास्त्र विषय में 292 में 291 उपस्थित रहे एक अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान दोनो केन्द्रों का निरक्षण किए। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय परीक्षा केन्द्र के दंडाधिकारी पंकज कुमार पांडेय, केंद्राधिक्षिका अनिता देवी, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के दंडाधिकारी सत्येन्द्र उरांव, केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर को परिक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर कई अहम दिशा निर्देश दिए। मौके पर विक्षक संजिव कुमार, अजय बैठा, उत्तम कुमार पांडे, उपेन्द्र कुमार, नागेन्द्र प्रसाद, राजेश्वर सिंह, द्वारिका राम, लिलि सुशिला कुजुर, रामाधार प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रजापति, सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

## चंदवा डाकघर की प्रिंटिंग मशीन तीन दिन से खराब, विभाग उदासीन

■ रजिस्ट्री स्पीड पोस्ट का कार्य बंद होने से लोगों की बढ़ी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** डाकघर चंदवा की प्रिंटिंग मशीन तीन दिन से खराब है पड़ा है, शिकायत मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह पंसस अयुब खान व माकपा नेता बैजनाथ ठाकुर ने डांकघर चंदवा के डाक कर्मचारियों से मिलकर प्रिंटिंग मशीन खराब होने की जानकारी ली। डाक विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि मशीन खराब होने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है, एक दो दिन में प्रिंटर मशीन ठीक हो जाएगी इसके बाद रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट डांकघर से चालु हो जाएगी। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बताया कि प्रिंटिंग मशीन खराब होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है, रजिस्ट्री करने के लिए प्रखंड वासीयों को लातेहार और बालूमाथ डांकघर जाना पड़ रहा है, खराब प्रिंटर मशीन को ठीक करने के प्रति डांक विभाग उदासीन बना है, विभाग के उदासीन रवैया का खमियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। स्पीड पोस्ट एवं साधारण रजिस्टर्ड पत्र भेजने की व्यवस्था डाकघर में ठप होने के कारण लोग मजबूरी में बीस व तीस किलोमीटर की दूरी तय कर दुसरे प्रखंड के डांकघर जा रहे हैं, इससे लोगों को समय के साथ पैसे की भी बबार्दी हो रही है। प्रिंटिंग मशीन के बिना सरकारी जॉब के लिए आवेदन हेतु रजिस्ट्री चिट्ठी जैसे महत्वपूर्ण कार्य ठप है, ऐसे में विभाग को तुरंत नया मशीन मंगा लेना चाहिए, जिससे आम जनमानस का परेशानी न हो और उसका महत्वपूर्ण काम हो सके। उन्होंने प्रधान डांकघर के अधिकारियों से जल्द मशीन ठीक कराकर रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट चालु कराने की मांग की है।

## अवैध पत्थर लदा हुआ हाईवा जब्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ में माइनिंग इंस्पेक्टर ने अवैध पत्थर लदा हुआ एक हाईवा जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ के शहिद चौक के समीप उक्त हाईवा जेएच19सी9814 को पकड़ा गया। जिसमें बिना चालान का पत्थर लदा हुआ था। जो बालूमाथ खलारी पथ पर सड़क निर्माण का कार्य कर रही कंपनी उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन में ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई से अवैध पत्थर माफियाओं में हड़कंप का माहौल व्याप्त है। जप्त हाईवा वाहन में करीब 18 टन अवैध पत्थर लोड किया हुआ है। हालांकि यह अब तक नहीं पता चल पाया है कि उक्त पत्थर को कहां से अवैध रूप से लाया जा रहा था।

## बेतला के बहुवरिया टोला में पहाड़ पर बनाया जा रहा है तालाब

# एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी यह तालाब

खबर मन्त्र संवाददाता



तालाब का कराया जा रहा है जीर्णोद्वार।

**बरवाडीह।** जल संचयन के लिए तालाबों का अलग ही महत्व है। इसलिए सरकार तालाबों का निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य कराती है। लेकिन जब जीर्णोद्धार के नाम पर पैसे की लालच में मनमाने तरीके से स्थल का चयन कर लिया जाए तो उक्त योजना का कोई औचित्य नहीं रहता। ऐसे तालाबों में न जल संचयन हो सकता है और न ही किसानों को इसका कोई लाभ ही मिल सकता है। हम बात कर रहे है बरवाडीह प्रखण्ड के बेतला पंचायत अंतर्गत बहुवरिया टोला की जहां लाखों रुपए की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। स्थल के आसपास योजना से संबंधित कोई शिलापट्ट नहीं देखा गया। जिससे यह जानकारी प्राप्त हो सके कि किस विभाग से किस योजना के तहत और कितनी राशि से इस तालाब का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। फिलहाल इस तालाब को देखकर यही प्रतीत हो रहा है कि इसका फायदा किसानों को न मिलकर सिर्फ ठीकेदारों और संबंधित लोगों को मिलेगा। जिनकी मिलीभगत से इस योजना के लिए उक्त स्थल का चयन किया गया है। मानो तो इस तालाब का निर्माण पहाड़ पर कराया जा रहा है। जहां जानकारों की माने तो यह तालाब एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी। बरसात के मौसम में पहाड़ों से पानी बहने पर तालाब ढह जाएगी। ऐसे में सिर्फ यही कहा जा सकता है कि इस तालाब के जीर्णोद्वार का कार्य ठिकेदार के मन माफिक किया जा रहा है। तालाब जीर्णोद्वार स्थल के आसपास खेत खलिहान तो नजर नहीं आए लेकिन इससे कुछ दूरी पर अवैध रूप से संचालित बांग्ला ईंट भट्ठा जरूर दिखा। अब बेतला नेशनल पार्क के समीप बांग्ला ईंट भट्ठा होना भी जांच का विषय है, क्योंकि उक्त एरिया इको सेंसटिव जॉन में आता है। पूरे मामले में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि संबंधित विभाग और जिले वरीय अधिकारियों द्वारा इस तालाब और तेजी से फल फूल रहे ईंट भट्टों के संचालकों पर क्या कारवाई की जाती है।

## पेसाकानून लागू करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव



बीडीओ को मांगपत्र सौंपते कन्हाई सिंह।

**बरवाडीह।** 29 वर्ष के बाद भी पेसा नियमावली झारखंड में लागु नही होने के खिलाफ संयुक्त ग्राम सभा के बैनर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। प्रखंड कार्यालय घेराव करने के पूर्व सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों ने पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकालते हुए नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण किए जाने के क्रम में झारखंड सरकार पर जानबूझकर पेसा नियमावली लागू नहीं करने का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की गई। प्रखंड कार्यालय का घेराव करने पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। कन्हाई सिंह ने कहा पूरा प्रखंड कार्यालय सरकार के छूट के कारण लूट का अड्डा बन चुका है जिसके कारण आधार कार्ड बनाने से लेकर सभी योजना में सिर्फ पैसे का खेल चल रहा हैं। घेराव विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान कई गांव के ग्राम प्रधानों ने भी ग्राम सभा के हक अधिकार के हनन किया जाने का आरोप लगा कर सरकार के खिलाफ भड़ास निकाली। वहीं राज्य में पेसा कानून लागु करने की मांग को लेकर संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान मौके पर पूर्व मुखिया मुंद्रिका सिंह, सुरेश सिंह, दुलारी देवी, सुगनी देवी, मरियम टोपनो, अमलेश उरांव, राकेश कोरवा, संतोष ठाकुर समेत सैकड़ो की सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

■ निमाणार्धीन योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें : डीसी उत्कर्ष गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डीएमएफटी से किये जा रहे आंगनबाडी केंद्रों के सुसज्जीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, सड़क, निर्माण समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके आलावा उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त महोदय ने सभी कार्यकारी एजेंसी को लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता (एल.डब्ल्यू.इ) मद अंतर्गत संचालित योजनाओ की प्रगति एवं भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। गत दिनों हुए जिला स्तरीय समिति की बैठक में स्वीकृत योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति सहित डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी कार्यकारी एजेंसियों को दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, सिविल सर्जन अवधेश सिंह, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी एससीए श्रेयांस और संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## जमीन संबधि समस्याओं के निराकरण को लेकर विशेष शिविर में आया 29 मामला, 17 निष्पादित




■ चंदवा अंचल में 18 से शुरू है शिविर, 20, 22, 25 व 27 फरवरी एवं 1 व 4 मार्च को लगेगी शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** उपायुक्त के आदेशानुसार चंदवा अंचल कार्यालय प्रांगण में 18 फरवरी से लेकर 4 मार्च तक विशेष शिविर लागई जा रही है। शिविर में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमबंदियो में व्याप्त त्रुटियों के निराकरण के साथ दाखिल खारिज, उत्तराधिकार एवं बंटवारा नामा के आधार पर नामांतरण तथा भू मापी के साथ ऑनलाइन कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को अंचल अंतर्गत विभिन्न राजस्व ग्राम के भू-रैयतो अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचकर आवेदन दिया व फरियाद लगाई। शिविर में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 20 आवेदन भूमि रकबा सुधार, 3 दाखिल खारिज, एक जमीन विवाद व 5 आवेदन अन्य वाद के थे, जिसमें 17 वादो का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया। शिविर में अलौदिया ग्राम निवासी रामदयाल लोहार ने अंचलाधिकारी के नाम आवेदन देकर रखबा कम होने के मामले में गुहार लगाई। आवेदन में उन्होंने बताया है कि स्व. अर्जुन लोहार के नाम पर पर हल्का 4, खाता संख्या 63, प्लाट संख्या 800 में रकबा 93 डिसमिल भूमि दर्ज है। जिसका ऑनलाइन रसीद पूर्वज जोधन लोहार एवं बंधन लोहार पिता चरखा लोहार के नाम से कटता है। मेरे पूर्वजों द्वारा पूर्व में किसी प्रकार की जमीन बिक्री नहीं की गई है न हीं वर्तमान में कोई बिक्री हुई है, लेकिन रकबा में 10 डिसमिल जमीन कम हो गया है। मामले की जांच कर रकबा सुधार करने की गुहार इन्होंने अंचलाधिकारी से लगाई है। अंचलाधिकारी ने बताया कि 18 फरवरी से शिविर की शुरूआत हुई है। आगे 22, 25 व 27 फरवरी एवं 1 व 4 मार्च को उक्त शिविर लगेगी। इन्होंने लोगो से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में मौके पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, सीआई, महेश सिंह राजस्व कर्मचारी प्रतिमा एक्का, प्रेम एक्का, राजेन्द्र कुजूर, अमित प्रदीप तिर्की, मुनेश्वर गंझू, गुलाम साबिर, जनेश्वर राम, उमेश प्रजापति, अशोक कुमार, तनवीर आलम समेत कई अंचल कर्मी मौजूद थे।

## बिजली पोल एवं तार दुरुस्त करने का कार्य

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित विभिन्न पंचायतों में बिजली पोल एवं तार दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं जरूरत के अनुसार नए पोल एवं कभर तार लगाने का काम किया जा रहा है। यह कार्य लगभग दो महीने तक चलेगा और इस कार्य अवधि में सुबह 9:00 से शाम 5:00 तक कार्य क्षेत्र अंतर्गत बिजली सेवा बाधित रहेगी। जिसकी जानकारी बिजली पावर सबस्टेशन मनिका में कार्यरत बिजली कर्मी ज्ञानचंद कुमार ने दी है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिजली संबंधित कार्य सुबह नौ बजे से पहले कर लें। ताकि बिजली संबंधित दैनिक कार्यों के समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने बताया कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में बिजली का पोल एवं तार काफी पुराना हो गया है जिसके चलते आए दिन तार गिरते रहता है उसी को एनसीसी कंपनी के द्वारा बदला जा रहा है अभी फिलहाल टाउन एरिया सेमर चौक से एजामाड़ मोड़ और बीआरसी रोड एवं एसबीआई रोड का हमलोग पूरा काम करा लेना चाह रहे हैं ताकि आने वाले समय में परेशानी नहीं हो और हमलोग कोशिश कर रहे हैं कि ब्रांच लाईन खोल कर दूसरे रुट में बिजली चालू रखें। परंतु मेन लाईन में काम रहेगा तो ग्रिड से ही बिजली बंद रहेगा। वहीं मनिका टाऊन एरिया का काम पूरा होने के बाद ग्रामीण एरिया में काम शुरू किया जाएगा।

## चंदवा: मदरसा खैरुल उलूम में जलसा ए इसलाह-ए-मुआशरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में बुधवार की देर शाम जलसा-ए-इसलाह ए मुआशरा व सालाना तालीमी मुजाहिरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मदरसा के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन मौलाना अबुबकर कर रहे थे। जलसा की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जलसे में पहुंचे मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल हकीम नदवी ने कहा कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। कुरान शरीफ हमे सच्चाई की राह पर चलने की सीख देता है। आज हमें अपने किरदार को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को मुफ्ती अनवर कासमी,मौलाना इकरामुल हक एनी,मौलाना नसीम अनवर नदवी,मौलाना आजम नदवी, मौलाना आसिफ इकबाल नदवी, मौलाना जियाउर्रहमान नदवी आदि ने भी संबोधित किया। वहीं हरदिल अजीज शायर कैफी आजमी (हजारीबाग) ने अपने सुरीली आवाज से लोगों को खुश कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत बीते दिनों मदरसा में शिक्षा ग्रहण रहे छात्रों के बीच हुए कंपटीशन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच पुरुस्कार का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जुनैद अनवर, ताबिश अलाम, हाफिज एहसान, मौलाना अतीकुर्रहमान, हाजी तौफीक, डॉ शम्स रजा आदि मौजूद थे। जलसा को कामयाब बनाने में मदरसा के नाजिम मौलाना रिजवान दानिश नदवी, मौलाना इरफान, मौलाना सलमान, मौलाना इजहार कासमी, मौलाना जफर इकबाल मजाहिरी, हाफिज दानिश व मदरसा के उस्ताद व बच्चों का सराहनीय योगदान रहा। जलसा में चंदवा प्रखंड के विभिन्न कस्बों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

## 18 लाभुकों के बीच बकरा व बकरियो का वितरण



**बालूमाथ।** प्रखंड स्तिथ पशु चिकित्सक कार्यालय में गुरुवार को 18 लाभुकों के बीच में बकरा एवं बकरियों का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख ममता देवी व पशुपालन डॉ नीलिमा तिर्की ने लाभुकों के बीच बकरे व बकरियों का वितरण किया। डॉ. नीलिमा तिर्की ने बताया कि दर्जनो लाभुको के बीच प्रति लाभुक चार बकरी और एक बकरा का वितरण किया गया है। चयनित लाभुकों में राजवनती देवी, जयमन्त्र उराव, सूरज मनी देवी, रुबीना खतून, सुनीता देवी, आरती देवी, झरिया देवी, दयचन्द यादव, रूपतारा कुमारी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, सहिता देवी, रवीना देवी, पूनम देवी, मंजु देवी, पिंकी देवी, संदीप उरांव के नाम शामिल हैं। मौके पर राजू गुप्ता, संजय सिंह, अजय यादव, राकेश सिंह, राजू कुमार, प्रदीप यादव सहित कई लोग शामिल रहे।

# बरवाडीह में मनरेगा कूप योजना में भ्रष्टाचार

## नियमों को ताक पर रख कर खेला जा रहा है फर्जीवाड़े का खेल

खबर मन्त्र संवाददाता



मनरेगा कूप।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड में संचालित मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ते जा रहा है। वहीं प्रखंड के पदाधिकारी कर्मचारी तमाशबीन बने हुए हैं। ठीक ही कहते हैं सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि प्रखंड व अंचल कार्यालय पर बिचौलियों का राज चल रहा है। हर दिन कहीं न कहीं ब्लॉक स्तर से क्रियान्वित कल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे अबुआ आवास, पंद्रहवें वित्त आयोग, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत आंगनबाड़ी द्वारा संचालित योजनाओं के साथ महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना आदि संबंधित मामलों में गबन, अनियमितता व भ्रष्टाचार उजागर हो रहे हैं। इसी कड़ी में मनरेगा नियमों को तोड़ने वाला एक और मामला खुल कर सामने आ गया है। जहां प्रखंड अंतर्गत पंचायत उकामाड़ में अमरेश राम के खेत में बिरसा सिंचाई संबर्धन मिशन कूप निर्माण कार्य में मनरेगा के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी गई है। उक्त कूप निर्माण कार्य पोकलेन मशीन के द्वारा लगभग बीस फीट की खोदाई कर दी गई है। इस संबंध में लाभुक के एकलौते पुत्र ने बताया कि मेरे पिता के नाम कूप निर्माण की योजना मिली है जो कि हमारे खेत के बीच में निर्माण कार्य किया जाना था लेकिन बिचौलिया व कर्मी के द्वारा स्थल का चयन उस स्थान पर किया गया जहां पहले से ही छोटा कूप कच्चा निर्माण था जोकि लगभग पंद्रह फीट से अधिक गहरा था। हमें बताया गया कि यह पुराना फंड से है। यहीं पर होगा और जबरदस्ती यहां पर पोकलेन मशीन से खोदाई करवा दिया गया है। इसके विरुद्ध हमलोग प्रखंड विकास पदाधिकारी बरवाडीह को आवेदन करने वाले हैं। अब सवाल उठता है कि उक्त कूप निर्माण कार्य का जिओ टैग कहां और कैसा किया जा रहा है। जबकि उक्त योजना में दो एमआर के साथ लगभग 15 हजार का भुगतान किया जा चुका है। ऐसे में किन किन मजदूरों के बैंक खाते में राशि भेजी गई है। वैसे मजदूरों के जॉब कार्ड निरस्त करने की जरूरत है। वहीं कार्रवाई की बात करें तो विभाग के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति ही किया जाता रहा है। जैसे केचकी पंचायत के कई योजनाओं में मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित के द्वारा अर्थ दंड के साथ लाखों रुपए की रिकवरी करने का मामला ठंडे बस्ते में डाला गया है। ऐसे कई गंभीर मामले को लेकर क्या लगता है कि जिले के वरीय अधिकारियों को खबर तक नहीं है यह तो बड़ी बात है।

# निंद्रा में भोला टाना भगत एव थोलवा टाना भगत की जयंती मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत निंद्रा कारी टॉड में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत समिति द्वारा स्वतंत्रता सेनानी स्व. भोला टाना भगत की 149 वी व स्व. थोलवा टाना भगत के 129वीं जयंती मनाया गया। स्वतंत्रता सेनानी स्मृति चौक निन्द्रा कारीटांड में आयोजित समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि डुमारो मुखिया सुनीता खलखो तथा चारोराज टाना भगत, रामदेव टाना भगत के द्वारा संयुक्त रुप से नौ स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर सेनानियों के प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व चरखा चिन्ह ध्वज फहराकर राष्ट्र गान गाया गया। समारोह में आए अतिथियों ने कहा कि देश के प्रति टाना भगतो के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता, हम उनके आदर्शो व पदचिन्हों का अनुशरण कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इससे पूर्व टाना भगत समुदाय के नौ स्वतंत्रता सेनानी भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, मकु टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठीबरा टाना भगत, थोलवा टाना भगत, छोटया टाना भगत के प्रतिमा पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया तथा परंपरागत टाना विधि आधारित कलश स्थापित कर पूजन कार्य किया गया। समारोह में मुख्य रूप से, मनोहर गोप, रामभजन सिंह, बसंत मिस्त्री, भुनेश्वर प्रजापति, करन लोहरा, आदित्य गोप, चारो उरांव, राम चरितर टाना भगत, रामधनी टाना भगत, चंद्रमा टाना भगत, छोटया टाना भगत, सुशील उरांव, रमेश टाना भगत, सुखराम टाना भगत, यशोदा टाना भगत, धर्म दास टाना भगत, बिरसा टाना भगत, संपति टाना भगत, सीमन्ती टाना भगत, रंथी टाना भगत, सहित बड़ी संख्या मे लातेहार, चतरा, रांची से टाना भगत समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में मिथिला सांस्कृतिक परिषद की नव गठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। परिषद के अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता तथा महासचिव नीरज चौधरी के संचालन में आयोजित इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 12 मार्च को संध्या 6 बजे से परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। समारोह की सफलता के लिए अविनाश कुमार झा के निर्देशन में एक टीम भी गठित की गई जिसमें मिहिर मोहन ठाकुर विजय कुमार मिश्र अंजू रोशन कुमार तरुण विवेकानंद झा सुदीप कुमार ठाकुर एवं प्रकाश कुमार झा शामिल किए गए। इसके उपरांत परिषद तथा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों एवं गतिविधियों से संबंधित चित्रों के साथ पंचांगयुक्त कैलेंडर प्रकाशित किए जाने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात परिषद के प्रमुखतम वार्षिक कार्यक्रम विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन आगामी अप्रैल माह में किए जाने पर सहमति बनी। इसके अलावा बैठक में संस्था के सदस्यता अभियान को तेज करते हुए सामाजिक सशक्तिकरण के लिए आपसी एकजुटता व सहभागिता पर भी बल दिया गया। बैठक में अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी व महासचिव नीरज चौधरी के अलावा मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार केसी झा विजय कुमार झा दिलीप कुमार झा मिहिर मोहन ठाकुर मिहिर कुमार झा प्रदीप कुमार अरुण पाठक प्रकाश झा अविनाश कुमार झा सुदीप कुमार ठाकुर सुशील कुमार झा गणेश झा आनंद नारायण मिश्र विवेकानंद झा गोविंद कुमार झा रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित रहे।

# ईएसजी क्विज, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है : इडी राजश्री






खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ईएसजी सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ईएसजी क्विज 2024-25 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ने अन्य वरीय अधिशासियों के साथ किया। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से अनाधिशासी कर्मियों के 42 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर बनर्जी ने सभी प्रतिभागियों को इस तरह के ज्ञानार्जन के कार्यक्रम में जीत के जज्बे के साथ शामिल होने लिए के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ईएसजी क्विज का उद्देश्य टिकाऊ और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। क्विज कार्यक्रम में विभाग की जीएम नीता बा के साथ एजीएम अमित आनंद ने क्विज मास्टर के रूप में अहम योगदान दिया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजेता के रूप में प्रोजेक्ट डिवीजन से शालिनी प्रसाद तथा भवानी हांसदा की टीम को प्रथम आरसीएल विभाग के सुरेश सोरेन तथा एनके पंडित की टीम को द्वितीय तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकॉम विभाग के बी सोरेन एवं प्रियंका शर्मा की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

ईएसजी क्विज 2024-25 के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन संजीव कुमार सिंह अभय झा सिद्धोचरण मुर्मू तथा रविदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर में

### बोकारो थर्मल मे कार्य के दौरान दिवार गिरा ठेका मजदूर की मौत



मृतक की फाइल फोटो

**बेरमो।** डीबीसी बोकारो थर्मल प्लांट में कार्य के दौरान दीवाल में दबने से 37 वर्षीय भोला सिंह की मृत्यु हो गई,मृतक बोकारो थर्मल गोबिंदपुर का निवासी है वही एक घायल मजदूर जिसका नाम 32 वर्षीय करण घासी पिता दिलीप घांसी जो बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जरवा बस्ती का रहने वाला है। दोनों मजदूर प्लांट में कटिंग की कार्य कर रही राधा टी एम टी कंपनी के अधीन कार्य कर रहे थे बताया जा रहा है घायल मजदूर का डीबीसी बोकारो थर्मल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बोकारो विजिएच रेफर कर दिया, घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह,पुलिस बल वा सीआईएसएफ के जवान प्लांट के मुख्य गेट के समक्ष पहुंचे हुए हैं वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय जिप सदस्या शहजादी बानो,मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी, भरत यादव, श्रवण सिंह, सीमा देवी बालेश्वर यादव के अलावा काफी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष सैकड़ों की संख्या में प्लांट गेट के समक्ष मुआवजा के सवाल पर अड़े हुए थे, समाचार भेजे जाने तक मृतक का शव प्लांट के अंदर ही था।

### शिक्षित समाज को लेकर सेमिनार का आयोजन




रानेश्वर। मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में गुरुवार को सेमिनार की शुरूआत करते हुए प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल ने समाजशास्त्र बिभाग द्वारा कार्यक्रम का सराहना किया। मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि प्रो पाल ने कहा घर में एक व्यक्ति शिक्षित होता है, तो शिक्षित समाज का निर्माण होता है। ग्रामीण समाज में लोगो को अधिक से अधिक शिक्षित करने की जरूरत है। प्रो माजिद नदीम ने छात्र-छात्रों को शिक्षा के महत्व को समझाया। हम शिक्षित होंगे तब जग, समाज शिक्षित होगा। डॉ रूपम कुमारी ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र-छात्रों को ग्रामीण में अपने आस-पास क्षेत्र को शिक्षा पर बढ़ावा देना होगा। समाजशास्त्र बिभाग के प्रो बिभाष चंद्र झा ने सभी रिसोर्स पर्सन के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

### झामुमो का जरीडीह पूर्वी एवं जरीडीह पश्चिमी पंचायत का हुआ पुनर्गठन

बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यक्रम में जरीडीह पूर्वी और जरीडीह पश्चिमी पंचायत के पंचायत गठन को लेकर बेरमो प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक संयोजक प्रमुख ईकबाल अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नेता अनिल अग्रवाल पर्यवेक्षक पान बाबू केवट संयोजक उपप्रमुख रंजीत महतो संयोजक मंडली के सदस्य, मुन्ना साव ,संतोष महतो गणेश श्रीवास्तव के द्वारा सर्व सम्मति से दोनों पंचायत के निम्नलिखित पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमे जरीडीह पूर्वी पंचायत से अध्यक्ष रवि रवानी सचिव सचिव परवेज आलम उपाध्यक राजू श्रीवास्तव प्रेम कुमार सह सचिव कपिल कुमार कोषाध्यक्ष आकिब अंसारी जरीडीह पश्चिमी पंचायत में अध्यक्ष गोपाल ठाकुर उपाध्यक्ष त्रिवेणी लाल श्रीवास्तव छोटे ठाकुर सचिव मुकेश रविदास संयुक्त सचिव राजेश महतो संगठन सचिव विनोद महतो कोषाध्यक्ष कलीम अंसारी सहित कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया।

## स्पीड न्यूज

### इग्नू में नामांकन की अंतिम तिथि 28 तक

रानेश्वर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय देवघर से प्राप्त सूचना के आधार पर मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में अवस्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 87019 में नामांकन की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक होगी। इस बावत समन्वयक डॉ गजेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि जो छात्र-छात्रा मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज रानीश्वर से सेमेस्टर-6 से पास कर गये और इग्नू अध्ययन केंद्र से विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में नामांकन करना चाहते हैं। वैसे छात्र-छात्रा 28 फरवरी तक नामांकन कर सकते हैं। स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा सार्टिफिकेट कार्यक्रम में नामांकन ले सकते हैं। एससी, एसटी छात्रों के लिए स्नातक-सामान्य/स्नातक-विज्ञान एवं स्नातक वाणिज्य-सामान्य कार्यक्रमों में कार्यक्रम शुल्क में छूट का प्रावधान है।

### बेरमो : दो बाइक की टक्कर में दो घायल



बेरमो। तेनुघाट स्थित उलगड्डा पेट्रोल पंप के पास दो बाइक में टक्कर से दोनों चालक बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को गंभीर स्थिति में तेनुघाट अस्पताल में तेनुघाट ओपी पुलिस एस आई मनोज तिर्की एवं पुलिस बल के द्वारा पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरो होंडा जे एच 11 सी 9577 पर सवार शैलेन्द्र मुर्मू जो तेनुघाट जेल में एएसआई पद पर पदस्थापित है। दूसरे मोटरसाइकिल चालक गाड़ी संख्या जे एच 24 एम 1287 है, जो रामचंद्र टुडू एवं राजू सोरेन वंजरवा, गोला प्रखंड, रामगढ़ निवासी बताया जा रहा है। तेनुघाट डैम घूमने एवं फोटो शूट करने आया था। फोटो ले कर वापस जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास नियंत्रण खोया और आपस में टकरा गया।

### एंटी रेबीज शिविर में पालतू कुत्ते व बिल्लियों का हुआ टीकाकरण

बोकारो। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग पशुपालन प्रभाग के तत्वावधान में राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा पशु कल्याण पखवारा के तहत चीरा चास के पांडेय पुल के पास नि:शुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण शिविर सह पशुचिकित्सा परामर्श कैंम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 97 पालतू कुत्ते एवं बिल्लियों का रैविज से बचाव का टीकाकरण किया गया। इस शिविर में पालतू पशु-क्लिनिक चास के प्रभारी डॉ अशोक कुमार पेट-क्लिनिक चास के चिकित्सक डॉ अनिल कुमार चन्द्रपुरा तेलो के पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक कुमार ने पशुओं का टीकाकरण रोगों से बचाव ससमय टीकाकरण का महत्व इत्यादि विषयों पर पेट पैरेंट्स को वैज्ञानिक जानकारियों से अवगत कराया। इस शिविर में टीकाकर्मी रोहित कुमार साइंटिफिक रिमेडिज के प्रतिनिधि राजेश कर पशुधन सहायक विनोद कुमार पाराभेट कर्मी पंकज कुमार डी डॉग हाउस एंड एक्वा के अमरेंद्र गिरी के अलावे केके सिंह कॉलोनी के मनोज कुमार सिंह धर्मेंद्र सिंह के अलावे दर्जनों पेट लवर उपस्थित रहे। डॉ अशोक कुमार एवं डॉ अनिल कुमार के द्वारा पेट पशुओं के रख-रखाव रोगों से बचाव कृमि नाशक दवाओं के प्रयोग के महत्व इत्यादि पर जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने पशुपालकों को प्लास्टिक के प्रयोग एवं ऑक्सिटॉसिन के प्रयोग से पशुओं एवं मनुष्यों के स्वास्थ्य पर होने वाले कुप्रभावों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# टेक्नो के खिलाफ स्थानीय बेरोजगारों ने किया आंदोलन

- नेताओं ने टेक्नो कंपनी से मरम्मती कार्य का टेंडर करवाने, कार्य से हटाये गये मजदूरों को फिर से रखने एवं स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड अंतर्गत बोकारो थर्मल प्लांट में आउटसोर्सिंग कम्पनी टेक्नो के खिलाफ स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों ने आंदोलन शुरू किया। कंपनी के अधिकारियों का घेराव आंदोलन करते हुए प्लांट के अन्दर जाने से रोका एवं प्लांट गेट में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया विस्थापित बेरोजगारों का नेतृत्व कर रहे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के प्रतिनिधि दीपक महतो एवं जितेंद्र यादव ने कहा कि बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर लगभग 750 करोड़ रुपया लगत से टेक्नो कम्पनी ने प्रदूषण नियंत्रक प्लांट का निर्माण करवाया है और टेक्नो कम्पनी ने अब प्रदूषण नियंत्रक प्लांट का मरम्मती कार्य का निविदा मौखिक रूप से ठिकेदार केआर कंस्ट्रक्शन को देकर मरम्मती का कार्य करवा रही है। जिसमें स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने के बजाय दूसरे राज्यों से मजदुर मंगवा कर कार्य करवाया जा रहा है। साथ ही कम्पनी में पूर्व से कार्य कर रहे 21 मजदूरों को भी कार्य से बैठा दिया गया है। नेताओं ने टेक्नो कम्पनी से मरम्मती कार्य का टेंडर करवाने, कार्य से हटाए गए मजदूरों को फिर से रखने एवं स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की है। आंदोलन के कारण प्लांट के अन्दर टेक्नो कंपनी का मरम्मती कार्य बुधवार को बन्द रहा। इस अवसर पर विस्थापित नेता रामनरेश प्रजापति, कृष्णा महतो, दिलीप यादव, सूरज कुमार, अनूप सिंह, गोविंद कुमार, सुनील कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 21 सूत्री मांगपत्र जारंगडीह कोलियरी प्रबंधन को सौपा

# प्रावधान द्वारा प्रदत सुविधायें श्रमिकों को मिले : राकोमयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा सीसीएल जारंगडीह कोलियरी प्रबंधन को 21 सूत्री मांगपत्र सौपने का कार्य किया गया। इस दौरान संगठन के कथारा क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम, जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक, नागवंत प्रसाद, मो मिनाजुल, विकास सिंह, विनय राम, रामजी मांझी, ओमप्रकाश रजक, जेजे सांगा, रफीक आलम, सपना राम, भोला मांझी, लक्ष्मी रजवार, खादू राय, शिशिर बारदिया, हिना भुईया, श्रीकांत मांझी, रामराज चौहान आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी विनोद कुमार और कार्मिक प्रबंधक सुभाष पासवान शामिल रहे। यहां संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रावधान द्वारा प्रदत सुविधाएं हर हाल में श्रमिकों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

परियोजना पदाधिकारी कुमार ने अश्वस्त किया कि संगठन द्वारा सौपे गए मांगपत्र का अध्ययन करके निकट दिनों वार्ता के दौरान मामले में पहल की जाएगी।

# एसकेएमयू में लिंग संवेदनशीलता पर राष्ट्रीय सेमिनार मार्च में होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। सेमिनार 26-27 मार्च को लैंगिक संवेदनशीलता पर आयोजन होगी। यह सेमिनार 'हम झारखंड की महिलाएं' संस्कृति, विकास और समाज विषय पर आयोजित है। यह सेमिनार राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित है। सेमिनार के सफल आयोजन के लिए विवि ने एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह है। जबकि सेमिनार के संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ अजय सिन्हा एवं अमिता कुमारी, संयुक्त सचिव वाणिज्य विभाग के डॉ बिनोद मुर्मू, कोडिनेटर डॉ शर्मिला सोरेन एवं कोषाध्यक्ष डॉ पूनम हेम्ब्रम को बनाया गया हैं। आयोजन समिति सदस्य डॉ एस एल बोंडिया, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम, डॉ अच्युत चेतन, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ निर्मला त्रिपाठी, डॉ स्नेहलता मुर्मू, डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ चंपावती सोरेन, डॉ राजेश यादव, दीपक कुमार, श्वेता मरांडी, कुमारी नेहा, पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष व स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष शामिल है। विवि द्वारा इस सेमिनार का आयोजन लिंग संवेदनशीलता के बारे में जागरूकता पैदा करने, लोगों को लिंग पूर्वाग्रहों और भेदभाव को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करने, लोगों में आत्म-सम्मान और आत्म-सम्मान विकसित करने में मदद करने, विभिन्न लिंगों की स्वीकृति और समझ को बढ़ावा देने आदि के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस सेमिनार में देशभर से लैंगिक संवेदनशीलता के अग्रणी शिक्षाविदों को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन समिति के गठन के साथ ही कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देशन एवं समन्वयक डॉ अजय सिन्हा के नेतृत्व में समिति ने आयोजन संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने किया ममता का पुतला दहन




**बोकारो।** प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ में स्नान का पावन पर्व पूरे हिंदुस्तानियों के लिए गौरव की बात है परंतु विकृत मानसिकता की धनी ममता जी जो एक संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद महाकुंभ को मृत्यु कुंभ की संज्ञा दे रही हैं। राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में श्रीराम चौक धर्मशाला मोड चास में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में कौशल किशोर राय विक्रम कुमार महतो अशोक जगनानी करमचंद गोप शिव शंकर राय बीके सिंह प्रदीप सिंह अभय कुमार मुन्ना बुलेट सिंह ध्रुव भाजपा चास नगर उत्तरी अध्यक्ष अमर स्वर्णकार भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अर्जुन कुमार शंकर पाल दीपक एके राय कार्तिक भरत आदि सक्रिय रहे।

# बोकारो सिविल सर्जन ने स्पेशल स्क्रीनिंग ड्राइव का किया शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय के कक्ष में गैर संचारी रोग कार्यक्रम अंतर्गत 30 वर्ष एवं उससे ऊपर के व्यक्तियों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं तीन प्रकार के कैंसर मुख कैंसर, स्तन कैंसर, एवं सर्वाइकल कैंसर का व्यापक जांच हेतु दिनांक 20 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक स्पेशल स्क्रीनिंग ड्राइव का शुभारंभ किया गया। डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा 20 फरवरी से 31 मार्च तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्पेशल स्क्रीनिंग ड्राइव किए जाने का निर्देश प्राप्त है बोकारो जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थान यथा सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सभी शहरी स्वास्थ्य संस्थान में 30 वर्ष एवं उससे ऊपर के सभी व्यक्तियों का जांच किया जाएगा जिसके तहत घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों का भी जांच किया जाएगा ताकि लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में सिविल सर्जन बोकारो डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉक्टर सेलिना टुडू, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार तथा एनसीडी के कर्मी उपस्थित हुए।


# विधायक सरयू राय ने कूलिंग पौंड में प्रदूषण का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक झारखंड विधानसभा के प्रत्यययुक्त कमेटी के सभापति तथा दामोदर बचाओ आंदोलन के संरक्षक सरयू राय ने बोकारो दौरे के क्रम में कूलिंग पौंड का जायजा लिया। उन्होंने बोकारो स्टील तथा दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा ज्वाइंट वेंचर में स्थापित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड बीसीसीएल की ओर से ऐश पॉन्ड के पानी को कूलिंग पौंड में बहाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए खुद इसका भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही इस पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करार दिया। इसे लेकर उन्होंने आगे अपने स्तर से इस दिशा में उचित प्लेटफार्म पर यथोचित कदम उठाने की भी बात कही।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की कोर कमिटी का हुआ गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों की संघ कार्यालय सेक्टर 12 में तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से संघ की कोर कमिटी का गठन हुआ जो बोकारो इस्पात कारखाना प्रबंधन से वार्ता के लिए अधिकृत किये गये हैं। पांच सदस्यीय कोर कमिटी में अध्यक्ष के अलावे उपाध्यक्ष नवीन सिंह महामंत्री सुमन सिंह संयुक्त महामंत्री आशा देवी कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक हैं। मौके पर महामंत्री ने बोकारो प्लांट प्रबंधन को दिये गये 21 सूत्री मांग के आलोक में प्रबंधन के उदासीन रवैये के खिलाफ सभी सदस्यों को एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार रहने का आवाहन किया। सभी सदस्यों ने इसपर सहमति जताई। मौके पर पुष्पा मिश्रा जितेंद्र यादव गुलाम जिलानी शेखर सिंह राज किशोर सिंह अमन सिंह गोकुल प्रशाद सुमीत सिंह एसआर सिंह प्रशांत मिश्रा आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन गंगेश कुमार पाठक ने एवं धन्यवाद् ज्ञापन आशा देवी ने किया।

## पेज एक का शेष

### दिल्ली में रेखा ...

दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे। मंत्रिमंडल में सभी प्रमुख जाति-समुदायों के प्रतिनिधित्व को बैलेंस करने की कोशिश की है। सिख, जाट, वैश्य, दलित और पूर्वांचल के नेताओं को जगह दी है। इसके अलावा पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बनाया है।

शालीमार बाग ने दिया दूसरी बार सीएम : शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं। ऐसा दूसरी बार हुआ है जब दिल्ली को शालीमार बाग ने मुख्यमंत्री दिया। इससे पहले वर्ष 1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने साहिब सिंह वर्मा भी शालीमार बाग से ही विधायक थे। वैसे तो साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुंडका गांव के मूल निवासी थे. लेकिन, उन्होंने चुनाव शालीमार बाग विधानसभा सीट से ही लड़ा था।

### कुंभ से लौट...

इस भीषण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की पहचान कांति देवी (पति शंभू सिंह), धनवा देवी (पति वंशी यादव), मतिया देवी (पति खेलावन सिंह), मुनिया देवी (पति स्वर्गीय सोहन यादव), रंजीत यादव (पिता वंशी यादव) और केशिया देवी (पति गिरधारी यादव) के रूप में हुई है। हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्यों धनवा देवी और उनके पुत्र रंजीत यादव की मौत हो गयी। उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में मातम सा माहौल है।

### 10वीं हिंदी व ...

जैक अध्यक्ष ने कहा कि विज्ञान की परीक्षा रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी का भी गठन किया जायेगा। 19 फरवरी से ही विज्ञान का प्रश्न पत्र लीक होने की बात कही जा रही थी।

**कोडरमा से लीक हुआ था पेपर :** कोडरमा के डीईओ अविनाश राम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लीक पेपर 350 रुपये में बिका है। विज्ञान की परीक्षा का पेपर यहीं से लीक हुआ है। वहीं 18 फरवरी की हिंदी और 20 फरवरी को निर्धारित साइंस की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। इसकी तिथि अब आगे जारी की जायेगी।

### सभी डीसी कैलेंडर...

मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा।

**समन्वय बना कर समस्याएं दूर करें :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।

**प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर करायें :** जल संसाधन विभाग की राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण, फॉरेस्ट क्लियरेंस, स्थानीय विवाद, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा इत्यादि को लेकर योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर कराएं। इसके अतिरिक्त राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और ऊर्जा विभाग की जिलों से जुड़ी समस्याओं की भी समीक्षा की गयी और उपायुक्तों को यथोचित निर्देश दिए गये।

# छात्र नेता से मुख्यमंत्री बनीं रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर लंबा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रिय सदस्य रहीं रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से अपना सार्वजनिक जीवन प्रारंभ कर गुरुवार को दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बनी। गुप्ता (50) का जन्म हरियाणा में जींद जिले के नंदगढ़ गांव में 1974 हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। वर्ष 1976 में श्रीमती गुप्ता का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया। उस समय उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा राष्ट्रीय राजधानी तथा उत्तर प्रदेश के मेरठ से पूरी की। उन्होंने बीकॉम की उपाधि दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से हासिल की, जबकि मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से 2022 में एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। श्रीमती गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं, लेकिन उनका राजनीति

- **1992 में अभाविप से शुरू की थी राजनैतिक करियर, 1994 में डूसू की सचिव और 1996 में अध्यक्ष बनीं थी रेखा गुप्ता**
- **लांबा ने रेखा को दी बधाई कांग्रेस नेता ने 30 साल पुरानी वीडियो साझा किया**

सफर काफी लंबा रहा है। उन्होंने राजनैतिक करियर 1992 में भारतीय जनता पार्टी की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) से शुरू की थी। अभाविप ने एक सक्रिय छात्र कार्यकर्ता के रूप में श्री गुप्ता की काबिलियत को पहचाना गया और उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव लड़ने का मौका दिया।

उन्होंने पहला चुनाव 1994 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में लड़ा था और सचिव निर्वाचित हुयीं था। श्रीमती गुप्ता 1994 डूसू की सचिव चुनी गयीं थी और 1996 में डूसू की अध्यक्ष निर्वाचित हुयीं थी। उन्होंने 2003 और 2004 में भाजपा युवा मोर्चा



राज्य सचिव के रूप में भी काम किया। फिर 2004-2006 तक भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव भी बनाई गयीं। वह आरएसएस की सक्रिय सदस्य रही हैं। श्रीमती गुप्ता 2007 में उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं और 2007-09 तक दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रहीं। वह 2009 में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं और वर्ष 2010 में भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी संभाली। श्रीमती गुप्ता 2012 उत्तरी पीतमपुरा वॉर्ड-54 से फिर पार्षद निर्वाचित हुयीं। इसके बाद उन्होंने 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाया, लेकिन असफलता हाथ लगी। श्रीमती गुप्ता को 2015 शालीमार बाग सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से और 2020 में 3400 वोटों से हराया। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में श्रीमती गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराकर पहली बार विधानसभा पहुंची और मुख्यमंत्री बनीं। श्रीमती गुप्ता की 1998 में मनीष गुप्ता से शादी की थी। चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे के मुताबिक श्रीमती गुप्ता के पति एक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं। साथ ही उनका स्पेयर पार्ट्स का भी कारोबार है। कांग्रेस से कालकाजी सीट से प्रत्याशी रही अलका लांबा ने श्रीमती रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी और उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र यूनियन में उनके साथ काम की 30 साल पुरानी याद को एक ऑडियो वीडियो के माध्यम से पोस्ट में साझा किया। उन्होंने कहा कि किस तरह वह यूनियन की अध्यक्ष और श्रीमती गुप्ता महासचिव के रूप में एक ही टीम में काम किया था और किस तरह दोनों अपनी-अपनी वैचारिक धारा पर कायम रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव के पास एक साथ मिलकर छात्रों के हित की बातें उठायी थीं। उन्होंने उस समय की दोनों की एक तस्वीर को भी साझा किया।

### मंत्रियों के साथ यमुना आरती में शामिल हुयीं सीएम

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रियों के साथ गुरुवार शाम वासुदेव घाट पर यमुना आरती में शामिल हुईं। इस दौरान उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य- प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा एवं पंकज कुमार सिंह के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य नेता भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना की आरती करते हुए आज हमने उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने स्वरूप में लेकर आना और साफ-सुथरा बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली को यमुना मां फिर से आशीर्वाद देना जिसकी वो अधिकारी हैं। यमुना की सफाई हमारी प्राथमिकता है, उसके लिए जो भी साधन, संसाधन लगाना होगा, उसे पूरे ले आउट प्लान के साथ कार्य करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली में मंत्रियों के बीच विभाग वितरित

नयी दिल्ली । दिल्ली में नई सरकार ने कार्यभार संभाल लिया है। इसके साथ ही सभी 6 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने सामान्य प्रशासन, सेवाएं, वित्त, राजस्व, महिला एवं बाल कल्याण, भूमि एवं भवन, जनसंपर्क, सतर्कता एवं प्रशासनिक सुधार विभाग और प्लानिंग डिपार्टमेंट अपने पास रखे हैं। प्रवेश वर्मा के पास लोक निर्माण विभाग, विधायी मामले,गुरुद्वारा चुनाव, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, जैसे अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी होगी। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण की जिम्मेदारी दी गई है। रविंद्र सिंह इंद्राज समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। कपिल मिश्रा कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार, डेवलपमेंट, कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी मिली। डॉ. पंकज कुमार सिंह- स्वास्थ्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

### लीडरशिप सम्मेलन का आज उद्घाटन करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सोल लीडरशिप सम्मेलन के प्रथम संस्करण का उद्घाटन करेंगे जिसमें मुख्य उद्बोधन भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे देंगे। राजधानी के भारत मंडपम में 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्मेलन राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों की हस्तियां अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगीं और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगीं।

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री को दो साल की सजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और राकांपा (एपी) के नेता माणिकराव कोकाटे और उनके भाई को गुरुवार को नासिक जिला कोर्ट ने जालसाजी मामले में 2 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। माणिक राव कोकाटे ने कहा कि उन्होंने कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। साथ ही इस निर्णय को ऊपरी कोर्ट में चुनौती देंगे।

### डिप्टी सीएम शिंदे की गाड़ी उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था।

### मणिपुर में हथियार व विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि तेंगनौपाल जिले के माछी थाना क्षेत्र के एसएल जौगम इलाके से तीन इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, दो मस्केट राइफल, एक टूटी हुई मैगजीन, एक स्पॉटर स्कोप, दो दूरबीन, एक मोनोक्यूलर साइट, एक हेलमेट, पांच बुलेटप्रूफ वेस्ट (बिना बुलेटप्रूफ प्लेट के) और दो राइफल स्लिंग बरामद किए गए।

### हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे

देहरादून। विश्वप्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और यात्रा 10 अक्टूबर तक चलेगी। उत्तराखंड सरकार और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

# बिहार के पंकज सिंह बने मंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट में विकासपुरी से विधायक पंकज कुमार सिंह को भी जगह मिली है। पंकज सिंह पूर्वांचली चेहरों में शामिल हैं। उन्हें मंत्री बनाकर बीजेपी ने पूर्वांचली वोटरों को साधने की कोशिश की है। पंकज कुमार सिंह का जन्म 6 नवंबर 1977 को दिल्ली के विकासपुरी में हुआ था। उनके पिता राज मोहन सिंह एमसीडी में अडिशनल आयुक्त थे। सिंह पेशे से एक डेंटिस्ट हैं। उन्होंने 1998 में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, बिहार से बीडीसी की डिग्री हासिल की। उनकी पत्नी रश्मि कुमारी भी डेंटिस्ट हैं।

पंकज सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत एमसीडी के पार्षद के रूप में की। वो पहली बार विधायक चुनकर आए हैं। पंकज सिंह दिल्ली के विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से

- **बक्सर निवासी पंकज सिंह दिल्ली के विकासपुरी से पहली बार विधायक बने**
- **एमसीडी पार्षद से शुरू किया था राजनीतिक कैरियर**

विधायक हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के महेंद्र यादव को हराया था। विधानसभा चुनाव में विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा। उन्होंने 135,564 वोट हासिल किए। उन्होंने आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक महेंद्र यादव को 12,876 वोटों से हराया।

**पूर्वांचली वोटरों को साधने की कोशिश :** दिल्ली में पूर्वांचली वोटरों की आबादी काफी ज्यादा है। कई सीटों पर पूवार्चंली वोटर निर्णायक भूमिका में रहते हैं। ऐसे में बीजेपी पूर्वाचली वोटबैंक को साधने की कोशिश कर रही है। इसलिए पार्टी ने पूर्वांचली चेहरे पंकज कुमार सिंह को मंत्री बनाने का फैसला किया है। बिहार में



शपथ लेते पंकज कुमार सिंह।



शपथ लेते कपिल मिश्रा।

बक्सर के रहने वाले पंकज कुमार सिंह पहली बार विधायक बने हैं। इसके साथ ही वो राजपूत समाज से आते हैं।

### बीजेपी के फायरब्रांड नेता कपिल मिश्रा भी बने मंत्री

रेखा गुप्ता की कैबिनेट में 6 मंत्री भी शामिल हुए हैं। इसमें करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा भी शामिल हैं। मिश्रा कभी आम आदमी पार्टी के सदस्य हुआ करते थे। लेकिन 2019 में वे बीजेपी में शामिल हो गए। कपिल मिश्रा अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। कपिल मिश्रा को बीजेपी ने इस बार करावल नगर विधानसभा से उम्मीदवार बनाया था।

उन्होंने इस सीट पर आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार त्यागी को 23,355 वोटों से हराया। करावल नगर बीजेपी का गढ़ माना जाता है। 2015 में भी कपिल मिश्रा इसी सीट से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे। लेकिन 2019 में उन्होंने आप छोड़कर

- **2015 केजरीवाल ने बनाया था जल और पर्यटन मंत्री**

बीजेपी का दामन थाम लिया। 2015 का चुनाव जीतने के बाद केजरीवाल ने उन्हें जल और पर्यटन मंत्री बनाया। लेकिन 2017 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया और आप से निलंबित कर दिया गया। मिश्रा ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को उनके साले के लिए 50 करोड़ रुपये के जमीन सौदे में मदद की थी। आप से निकाले जाने के बाद कपिल मिश्रा लगातार आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर हमलावर रहे। 2019 में कपिल मिश्रा बीजेपी में शामिल हो गए। 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने मॉडल टाउन विधानसभा से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। बीजेपी ने अगस्त 2023 में मिश्रा को दिल्ली बीजेपी का उपाध्यक्ष बनाया।

# दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष होंगे विजेंद्र गुप्ता और बिष्ट उपाध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली में पार्टी की नई सरकार के गठन के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों का भी गुरुवार ऐलान कर दिया। पार्टी के रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष होंगे और मुस्तफाबाद के विधायक मोहन सिंह बिष्ट विधानसभा उपाध्यक्ष होंगे। विजेंद्र गुप्ता रोहिणी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक चुने गए हैं। साल 2015 और 2020 के जिस दौर में भाजपा दिल्ली विधानसभा के चुनावों में हारती रही, विजेंद्र गुप्ता उस दौर में भी जीत कर विधान सभा पहुंचते रहे। वैश्य समुदाय से ताल्लुक रखने वाले विजेंद्र गुप्ता इस बार आम आदमी पार्टी के प्रदीप मित्तल को 37 हजार से अधिक मतों से पराजित कर विधानसभा पहुंचे हैं। इससे पहले वह दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष भी रहे हैं। वह दिल्ली भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे चुके हैं। 14 अगस्त 1963 को जन्मे विजेंद्र



विजेंद्र गुप्ता व मोहन सिंह बिस्ट।

गुप्ता ने एसआरसीसी से स्नातक की पढ़ाई की। 1980 में छात्र राजनीति में कदम रखा। वह डूसू के उपाध्यक्ष भी रहे। वह 1997 में पहली बार दिल्ली नगर निगम के पार्षद चुने गए। 2009 में वह कांग्रेस के कपिल सिब्बल के मुकाबले चांदनी चौक सीट पर लोकसभा चुनाव लड़े लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2013 में उन्हें नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। आप सरकार के दौरान विधानसभा में तत्कालीन दिल्ली सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर विजेंद्र गुप्ता को कई बार मार्शलों ने जबरन उठाकर सदन से बाहर किया था। अब जब आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बेदखल हो गई है।

# जेलेंस्की के बिना भी खत्म हो सकता है रूस-यूक्रेन युद्ध : ट्रंप

**न्यूयार्क ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकाते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उनके बिना भी खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जेलेंस्की को जल्द से जल्द समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए, नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत



चल रही है और यह केवल उनका प्रशासन ही कर सकता है। यह बयान उस समय आया जब जेलेंस्की ने शिकायत की कि सऊदी अरब के रियाद में हुई अमेरिकी और रूसी राजनयिकों की बैठक में यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया।

## नालंदा के सरमेरा में खुलेगा कृषि अनुसंधान केन्द्र

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले को गुरुवार को 820.72 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। कुमार ने गुरुवार को सिलाव प्रखंड के नानन्द गांव स्थित बने कार्यक्रम स्थल से नालंदा जिले के लिए 820.72 करोड़ रुपये की कुल 263 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। श्री कुमार ने कहा कि सरमेरा में समेकित कृषि प्रणाली हेतु कृषि अनुसंधान केन्द्र खोला जायेगा। हिलसा पूर्वी बाईपास पथ के लिए भू-अर्जन हो गया है अब शीघ्र काम शुरू किया जायेगा।

# यूपी में बनेगा चार एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का विधान सभा में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप है। बजट गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करते हुए वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है। बजट में चार नये एक्सप्रेस-वेज के निर्माण का प्राविधान है। इसमें (1) आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, जनपद

- **गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है बजट : योगी**

हरदोई वाया फरुर्खाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे (2) गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर वाराणसी, चन्दौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ते हुए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे (3) मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने हेतु गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे तथा (4) बुन्देलखंड रीवा एक्सप्रेस-वे के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। प्रयागराज में आवागमन को और सुगम बनाने के लिए एक शास्त्री ब्रिज के





पैरलल और एक सिग्नेचर ब्रिज के पैरलल नये पुलों के निर्माण हेतु प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ रुपये से अधिक (8,08,736.06 करोड़ रुपये) का है। वर्ष 2024-25 के बजट के सापेक्ष इसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश के बजट के आकार में यह बढ़ोत्तरी राज्य के सामर्थ्य के अनुरूप है।

## पूर्णिया एयरपोर्ट पर टर्मिनल निर्माण को एएआइ ने दी मंजूरी

पटना। प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया का दौरा किया था। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के अधिकारियों कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद अब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

जल्द ही बिहार को एक और नए एयरपोर्ट की सौगात मिलने जा रही है। एएआई द्वारा जारी टेंडर के तहत कुल 33.99 करोड़ की लागत से इस टर्मिनल भवन का निर्माण किया जाएगा। यह राशि अनुमानित लागत 44.15 करोड़ से 23 प्रतिशत कम है।

# भारत 2047 तक बनेगा उच्च आय वाला देश

## 23 से 35 लाख करोड़ डॉलर तक जीडीपी पहुंचने का अनुमान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** क्षेत्रीय विकास, प्रौद्योगिकी और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की बदौलत भारत आठ से 10 प्रतिशत की वार्षिक आर्थिक वृद्धि के बल पर वर्ष 2047 तक एक उच्च आय वाला देश बनने और उसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 23 लाख करोड़ से 35 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

नैसकॉम और बैन एंड कंपनी की रिपोर्ट इंडिया 2047 : ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया इनटू ए टेक-ड्रिवन इकोनॉमी के अनुसार, यह परिवर्तन देश के जनसांख्यिकीय लाभांश, तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय विकास से प्रेरित होगा। वर्ष 2047 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत और विनिर्माण का 32 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो आर्थिक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अगले कुछ दशकों में लगभग 20 करोड़ लोगों के कार्यबल में शामिल होने की

- **जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान 60 और विनिर्माण का 32 फीसद रहने की संभावना : रिपोर्ट**

उम्मीद है, जिससे भारत के पास उच्च-मूल्य वाली नौकरियों का सृजन करने और अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर होगा। रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, रसायन, ऑटोमोटिव और सेवाओं को रणनीतिक रूप से विकसित होने वाले पांच प्रमुख क्षेत्र बताया गया है, जिनमें वैश्विक रुझानों और मापनीयता के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता है। भारत की बढ़ती आय, कुशल श्रमिकों की संख्या और बुनियादी ढांचे में सुधार इस वृद्धि को और गति देंगे।

कृषि क्षेत्र में स्वचालित खेती, सटीक कृषि और डिजिटलीकरण के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि होगी और संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव होगा। विनिर्माण क्षेत्र में हाइपर-ऑटोमेशन, 3डी एवं 4





डी एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, क्वांटम-संचालित आपूर्ति श्रृंखलाओं और सर्कुलर मैन्युफैक्चरिंग से अधिक कुशल और टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। सेवा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) या मशीन लर्निंग (एमएल), जनरेटिव एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस जैसी नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग से स्वचालन, निर्णय लेने और ग्राहक अनुभवों में सुधार होगा। वहीं, इस आर्थिक दृष्टि को साकार करने के लिए कुछ संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान आवश्यक होगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक अनुमानित पांच करोड़ की कार्यबल कमी को दूर करने के लिए एसटीईएम शिक्षा और लक्षित कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना जरूरी होगा। साथ ही पिछड़े एकीकरण और स्थानीय विनिर्माण को प्राथमिकता देने से भारत की महत्वपूर्ण घटकों के आयात पर निर्भरता कम होगी। एआई, हरित ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी और जीडीपी के अनुपात में शोध एवं विकास निवेश को बढ़ाकर घरेलू नवाचार को तेज किया जा सकता है। इसके अलावा भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का लाभ उठाना होगा।

नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, कौशल अंतराल को पाटने और तकनीकी नवाचार एवं वैश्विक सहयोग को बढ़ाने पर निर्भर करेगी।

## सेंसेक्स 203 और निफ्टी 19 अंक टूटा

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203.22 अंक लुढ़ककर 75,735.96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.75 अंक उतरकर 22,913.15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,854.88 अंक और स्मॉलकैप 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,054.94 अंक पर पहुंच गया।

